बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 31, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हजारों भारतीयों को रवांडा भेजने का फरमान 16

पुष्पा द रूल का प्रोमो गाना रिलीज 15

### आंवला के आलमपुर जाफराबाद में बोले प्रधानमंत्री, कहा- सपा को टिकट देने के लिए परिवार से बाहर कोई नहीं मिला


# ओबीसी का हक छीनना चाहते हैं दो शहजादे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ओबीसी बाहुल्य आंवला लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस ओबीसी से जुड़े मुद्दों पर ही रहा। आलमपुर जाफराबाद में बृहस्पतिवार को उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में दो शहजादे की जोड़ी ओबीसी का हक छीनना चाहती है। दोनों की दोस्ती तुष्टीकरण की राजनीति की वजह से है। वे भाषणों में तो ओबीसी को हक देने की बात कहते हैं लेकिन पिछले दरवाजे से उनका हक दूसरों को देना चाहते हैं। सपा पर परिवारवाद का भी आरोप लगाया।

आंवला और बदायूं लोकसभा क्षेत्र की संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। कांग्रेस का खतरनाक पंजा आपका हक छीनने वाला है।

कांग्रेस का इरादा ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण छीनकर उसका हिस्सा अपनी खास पसंद की वोट बैंक को देने का है। ओबीसी का यह हक को छीनकर उसे वोट बैंक की राजनीति को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कांग्रेस के इस इरादे पर सपा के शहजादे ने चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री ने कहा, याद करिए उत्तर प्रदेश में 2012 में हुए विधानसभा चुनाव के पहले यूपीए सरकार ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने का काम किया था। उस समय वे सफल नहीं हुए, लेकिन अब फिर मिलकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने में जुट गए हैं। बोले, मैं ओबीसी का आरक्षण कांग्रेस को छीनने नहीं दूंगा। सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि सपा को अपने परिवार के बाहर कोई ऐसा यादव नहीं मिला, जिसे वह टिकट दे सके। प्रधानमंत्री के साथ मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सांसद संतोष गंगवार, बदायूं की सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप, बदायूं के प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य, मंत्री धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।




आलमपुर जाफराबाद स्थित सैनिक पड़ाव मैदान में संयुक्त जनसभा को समबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंवला लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं लोकसभा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य की जिताने की अपील।

#### कांग्रेस की नजर देश की जनता की संपत्ति पर

प्रधानमंत्री ने कहा कि कल से नया नारा आया है, कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। कांग्रेस की नजर देश की जनता की संपत्ति पर है। वह संपत्ति की जांच कराएगी। उसने घोषणा की है कि अगर किसी ने चार कमरे का मकान बनाया और उसमें बेटा रह रहा है तो वह दो कमरे जब्त कर लेगी। गांव में किसी के पास 10 बीघा जमीन है तो पिता के न रहने पर पांच बीघा जमीन भी जब्त कर लेगी। उसी सपा के साथ मिलकर अब कांग्रेस महिलाओं के मंगलसूत्र छीनने की बात कह रही है।

#### योगीराज में नए अवसरों की धरती बन रहा यूपी

प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ की भी प्रशंसा की। कहा, योगी और उनकी टीम जो मेहनत कर रही है, उससे यूपी की पहचान नए अवसरों की धरती के तौर पर बन रही है। योगी के नेतृत्व मे यूपी का भाग्य बदल रहा है। यूपी का सांसद होने के नाते उनके लिए यह गर्व की बात है। आंवला में नैनो यूरिया की फैक्ट्री है। ऐसे अनेक कारखाने उत्तर प्रदेश में लग रहे हैं। पहले जनता के हक का पैसा भ्रष्टाचारी लूट लेते थे लेकिन अब बरेली और बदायूं में विकास हो रहा है।

#### धर्मेंद्र का हौसला बढ़ाया, दुर्विजय के लिए मांगे वोट

प्रधानमंत्री ने संबोधन से पहले आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप से पूछा कि चुनाव कैसा चल रहा है। कौन- कौन से क्षेत्र हैं और बाकी जगह क्या समीकरण हैं। इसके बाद पीठ थपथपाकर उनकी हौसला अफजाई की और फिर भीड़ देखकर बोले, इस बार आपकी हैट्रिक है। संबोधन के दौरान लोगों से भी प्रधानमंत्री ने कहा कि आंवला से प्रत्याशी हमारे पुराने साथी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं से दुर्विजय शाक्य को आपका दिया वोट मोदी को ही जाएगा।

### दूसरे चरण का मतदान आज

## राहुल गांधी समेत कई दिग्गजों की साख दांव पर

नई दिल्ली, एजेंसी



आम चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान कराने के लिये सभी आवश्यक तैयारी कर ली गयी हैं। इस दौरान कई दिग्गजों की साख दांव पर होगी।

दूसरे चरण में इन सीटों के 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर कुल पंजीकृत 15.88 करोड़ से अधिक मतदाता 1206 प्रत्याशियों के चुनावी भविष्य का निर्णय करेंगे। मतदान सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा और शाम छह बजे समाप्त हो जायेगा। इसके लिये इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचा दिया गया है। इस चरण में जिन उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम मशीनों में दर्ज होना है उनमें कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजीव चंद्र शेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी भी शाामिल हैं। आयोग के अनुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों पर मतदान के समय अलग-अलग भी हो सकते हैं।

आयुक्त ने दूसरे चरण के मतदान दिवस की पूर्व संध्या पर देश के 15.88 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम संदेश में कहा कि आप अपना वोट डालें और चुनाव का पर्व देश का गर्व के उत्सव में भाग लें। आयोग के अनुसार दूसरे चरण में मताधिकार प्राप्त 15.88 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 8.08 करोड़ पुरुष और 7.80 करोड़ महिला तथा 5929 उभयलिंगी मतदाता हैं। पहली बार मतदान करने वाले 34.80 लाख मतदाताओं ने वोट डालने के लिये पंजीकृत किया है।

#### अमरोहा समेत उप्र की आठ सीटों पर आज पड़ेंगे वोट

**लखनऊ।** प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान के लिए सभी क्षेत्रों में पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदान की पूर्व संध्या पर मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की। उन्होंने बताया कि इस चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### एक नजर

#### भारतीय की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की हत्या के मामले में यहां की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को चीनी मूल के एक सिंगापुरी नागरिक को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 12 बेंत मारने की सजा सुनाई। चीनी मूल के नागरिक ने 2019 में एक नाइटक्लब के बाहर झगड़े के दौरान भारतीय मूल के नागरिक की हत्या कर दी थी। टेलीविजन समाचार चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के मुताबिक अभियोजन पक्ष ने मौत की सजा की मांग नहीं की। सिंगापुर में हत्या के अपराध की सजा फांसी या आजीवन कारावास है।

#### हवाईअड्डे पर पकड़ी गई अमेरिकी महिला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर तस्करी के सोने के साथ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) कर्मियों को कथित तौर पर रिश्वत देने की कोशिश करने वाली एक अमेरिकी महिला को पकड़ा गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार तड़के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे के टर्मिनल-तीन पर हुई। एक यात्री की पहचान अमेरिकी मूल की फराह दीको मोहम्मद के रूप में हुई जो एयर इंडिया की उड़ान से नैरोबी (केन्या) से आई थी।

#### राजनीतिक भड़काऊ बयान देने पर रोक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी पर सेना समेत विभिन्न राजकीय संस्थाओं के खिलाफ भड़काऊ बयान जारी करने को लेकर बृहस्पतिवार को पाबंदी लगा दी। निष्पक्ष सुनवाई की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए इस्लामाबाद की जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश बसीर जावेद ने यह भी कहा कि मीडिया को अपनी रिपोर्टिंग अदालत की कार्यवाही तक सीमित रखनी चाहिए और उसे आरोपियों के बयानों की रिपोर्टिंग नहीं करनी चाहिए।

## कांग्रेस घुसपैठियों को देना चाहती है आमजन की संपत्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विरासत टैक्स को लेकर मुख्यमंत्री ने भी कांग्रेस की मंशा पर सवाल खड़े किए

**अमृत विचार:** विरासत टैक्स को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कांग्रेस की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के संसाधनों को लगभग 60-65 वर्षों तक लूटा। अब उसकी नीयत आम जनता की संपत्ति पर लगी हुई है। इस कारण अब वह विरासत टैक्स की बात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के मुताबिक, यूपीए सरकार के दौरान देश व आम जनता के प्रति कांग्रेस की जो मानसिकता थी, वह कल एक बार फिर उजागर हुई है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में भी कहीं न कहीं यह सब इशारे थे। सैम पित्रोदा ने कल जो बात कही है, 2011, 12, 13 में तत्कालीन मंत्री पी. चिदंबरम के द्वारा भी इन सब चीजों की बार-बार वकालत की जाती थी। योगी ने कहा कि एक तरफ यह टैक्स लादकर आम जनता को तबाह करेंगे। उनकी संपत्तियों को जबरन कब्जे में लेंगे, फिर घुसपैठिए को देंगे, जिनका भारत से कोई संबंध नहीं है। सैम पित्रोदा ने कांग्रेस के प्रयास की उसी मंशा को उजागर किया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील की कि, कांग्रेस व इंडी गठबंधन के लोगों के मंसूबों को खारिज करने के लिए लोकतांत्रिक अधिकार का सही प्रयोग करें।



## रुविवि : 74 करोड़ से ज्यादा की हेराफेरी में फंसे कुलपति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीएड प्रवेश परीक्षा 2022 में ही 55 करोड़ से ज्यादा के घोटाले का आरोप
- तत्कालीन वित्त अधिकारी ने तबादले के बाद शासन में की थी शिकायत

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह गंभीर आरोपों में घिर गए हैं। कई मदों में 74 करोड़ से ज्यादा के गोलमाल व स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में शिक्षकों के प्रमोशन और शैक्षिक पदों पर नियुक्तियों में गड़बड़ियों पर शासन ने जवाब मांगा है।

पूर्व वित्त अधिकारी केके शंखधार ने इस मामले में राज्यपाल और शासन से शिकायत की थी। इनमें बीएड प्रवेश परीक्षा 2022 में 55.5 करोड़ के भुगतान में हेराफेरी का आरोप प्रमुख है। शासन के आदेश पर कुलसचिव ने संबंधित विभागों से रिपोर्ट मांगी है। सबसे गंभीर आरोप रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से कराई गई बीएड प्रवेश परीक्षा 2022 में गोलमाल का है। शिकायत के मुताबिक कुलपति ने बीएड प्रवेश परीक्षा के दौरान गोपनीय मदों में भुगतान के लिए 55.50 करोड़ की धनराशि तीन किस्तों में अग्रिम तौर पर ली थी लेकिन इसका समायोजन नहीं कराया। पूर्व वित्त अधिकारी ने इसमें गंभीर वित्तीय अनियमितता की संभावना जताई है। परीक्षा में गाड़ियों के भुगतान में करीब 15 करोड़ और कोरोना किट की खरीद में भी चार करोड़ के गोलमाल का आरोप लगाया गया है। प्रमोशन और नियुक्तियों में भी गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। कहा गया है कि कुलपति ने नियमित शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के शिक्षकों और कर्मचारियों के भी वेतन के भुगतान के लिए संयुक्त खाता खुलवाने का दबाव डाला था। शासन के आदेश के विरुद्ध होने के कारण वित्त अधिकारी सहमत नहीं हुए तो कुलपति ने विश्वविद्यालय में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में कार्यरत शिक्षकों की कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत पदोन्नतियां कर दीं। इसकी वजह से आय की तुलना में व्यय बढ़ गया। कुलपति उन पर लगातार एरियर भुगतान के लिए भी दबाव बनाते रहे। शिक्षकों की पदोन्नति से भुगतान असंतुलन की स्थिति पैदा हो गई थी।

## मोदी, राहुल के विरुद्ध शिकायतों पर चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- दोनों पार्टियों से 29 अप्रैल तक जवाब मांगा

चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिये आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया।

चुनाव आयोग ने मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज़ कराई गयी शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से अपने पार्टी के स्टार प्रचारकों को आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुये उनसे नोटिस का 29 तारीख तक जवाब मांगा है।

आयोग ने राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर उनसे भी 29 तारीख तक नोटिस का जवाब मांगा है। आयोग ने राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर उनसे भी 29 तारीख तक नोटिस का जवाब मांगा है। चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के प्रमुखों को जारी नोटिसों में मोदी या गांधी का सीधे उल्लेख नहीं किया है।

## कांग्रेस विलुप्त और सपा होगी समाप्त पार्टी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- खीरी में सपा, कांग्रेस पर जमकर बरसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह
- भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी व रेखा वर्मा के लिए समर्थन मांगा




**अमृत विचार:** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि जिस तरह डायनसोर धरती से विलुप्त हो गया, उसी तरह कांग्रेस विलुप्त हो जाएगी। इस चुनाव के बाद यही हाल सपा को होने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। हमने कहा था कि जिस दिन हमें संसद के दोनों सदनों में स्पष्ट बहुमत मिल जाएगा, उस दिन चुटकी बजाकर धारा 370 को खत्म कर देंगे। आप लोगों ने देखा कि धारा 370 खत्म हो गई।

रक्षा मंत्री ने बृहस्पतिवार को भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी और धौरहरा से प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र के बारे में कहा कि वह सांसदों के सवालों का बहुत ही खूबसूरती से जवाब देते हैं। वहीं रेखा वर्मा उत्तर प्रदेश की आवाज उठाने वाली हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग कहते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। श्रीराम कुटिया से निकलकर महल में पहुंच चुके हैं। कांग्रेस ने चीन बार्डर पर सिर्फ इसलिए सड़क नहीं बनाई, क्योंकि उन्हें डर था कि चीन घुसपैठ कर देगा। भाजपा की सरकार में चीनी बार्डर पर सड़क बनकर तैयार हो गई है । यदि कोई चीन से घुसने की कोशिश करेगा तो उसे माकूल जवाब दिया जाएगा।

कांग्रेस के कार्यकाल में हम मिसाइल, बम, हथियार सब दूसरे देशों से खरीदते थे। आज हम गोला-बारूद, मिसाइल, हथियार सब भारत में बन रहे हैं। जब से भाजपा की सरकार बनी, तबसे उत्तर प्रदेश का कद बढ़ा है।

## जज के पुत्र ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ।** हजरतगंज के बटलर पैलेस कॉलोनी निवासी एनआईए कोर्ट के विशेष जज के पुत्र अजितेश ने बुधवार देर रात आवास के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। एडीसीपी मध्य मनीषा ने बताया कि मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। परिजन ने लिखित में कोई कार्रवाई न करने की बात कही।

देवरिया के रहने वाले एडीजे विवेकानंद शरण त्रिपाठी पिछले वर्ष नवंबर माह से लखनऊ में सेवारत हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार रात जेईई मेन्स 2024 का परीक्षा परिणाम आया था। नौकरानी सुषमा का कहना है कि अजितेश ने भी इस बार जेईई मेन्स की परीक्षा दी थी। माना जा रहा है कि परिणाम से निराश होकर अजितेश कमरे में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। परिजन काफी देर तक दरवाजा खटखटाते रहे। जवाब नहीं मिलने पर परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए तो देखा अजितेश पंखे से पर्दे के फंदे से लटका मिला। आनन-फानन परिजन उसे नीचे उतारकर सिविल अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कन्नौज से अखिलेश ने भरा पर्चा



जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को नामांकन पत्र सौंपते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कन्नौज कलेक्ट्रेट पहुंचकर पर्चा दाखिल कर दिया। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान से ही भाजपा की हार का सिलसिला शुरू हो गया है, इसलिए भाजपा के बड़े नेताओं की भाषा बदल गई है। अपनी कमियां छिपाने के लिए सरकार तरह-तरह के बहाने कर रही है।

उन्होंने कहा कि कन्नौज के विकास की आधारशिला समाजवादियों ने रखी थी। भाजपा सरकार ने केवल नकारात्मकता और नफरत की राजनीति की है जिसे अब जनता जान चुकी है। गुरुवार को उन्होंने दोपहर 12 बजे राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे व अन्य के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर रिटर्निंग अफसर शुभ्रांत कुमार शुक्ल के समक्ष नामांकन किया।

## ग्राम निधि से खर्च किए करोड़ों, अब होगी जांच

- पंचायत चुनाव में प्रधानों का कार्यकाल खत्म होने पर हुए थे नियुक्त, डीएम को जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 2021 में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान नियुक्त प्रशासकों द्वारा ग्राम निधि से खर्च किए गए करोड़ों रुपये में फर्जी भुगतान की आशंका है। गोरखपुर के संजय मिश्रा की शिकायत पर सभी जिलों में जांच की जाएगी। दरअसल, दिसंबर में प्रधानों का कार्यकाल खत्म हो गया था और चुनाव देर से हुए थे। इस बीच छह माह के लिए एडीओ व बीडीओ प्रशासक नियुक्त हुए थे। प्रशासकों ने सचिवों के माध्यम से दिसंबर से मई तक ग्राम निधि से कार्यों का भुगतान किया। 5 मई को प्रधान नियुक्त हुए और 25 मई से शपथ ग्रहण कराई गई। इस 20 दिन के अंतराल में कुल 650 करोड़ रुपये का भुगतान ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर करना पाया गया। निदेशक पंचायती राज विभाग अटल कुमार राय ने बताया कि सभी जिलाधिकारी को जांच के लिए लिखा है।

#### सर्वाधिक खर्च पर चिह्नित हुईं थी टॉपटेन पंचायतें

पंचायत चुनाव के बाद सर्वाधिक धनराशि खर्च करने की बात सामने आई थी। ई-ग्राम स्वराज पोर्टल से सबसे ज्यादा धनराशि 25 लाख तक खर्च करने वाली जिलों की टॉपटेन ग्राम पंचायत चिह्नित कर जांच के लिए भेजी गईं थीं। जिलों पर जांच कराई थी।

#### इन जिलों में सर्वाधिक भुगतान

बिजनौर 26 .66 करोड़, बहराइच 20 .74, जौनपुर 20 .30, बांदा 18 .99, सीतापुर 18 .25, कुशीनगर 18 .12, मुज्जफर नगर 14 .62, बुलंदशहर 17 .54, फतेहरपुर 17 .21, बाराबंकी 13 .80, आजमगढ़ 13 .38, प्रतापगढ़ 13, सहारनपुर 13 .59, बलिया 12 .69, जालौन 12 .29, प्रयागराज 12 .20, फिरोजाबाद 11 .86, झांसी 11 .67, मथुरा 11 .64, आगरा 11 .33, अयोध्या 11 .24, हरदोई 10 .97, लखीमपुर खीरी 10 .63, कासगंज 10, पीलीभीत 9, मुरादाबाद 8 .95, बदायूं 8 .76, अमेठी 8 .42, गोंडा 6 .64, गोरखपुर 5 .94, लखनऊ 5 .34, कानपुर नगर 5 .21, बरेली 3 .84, शाहजहांपुर 3 .66 करोड़ रुपये (रिपोर्ट के अनुसार)

## धर्मार्थ न्यास के लिए पंजीकरण आवेदन तिथि 30 जून तक बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को धर्मार्थ और धार्मिक न्यासों के लिए कर अधिकारियों के पास पंजीकरण आवेदन जमा करने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ा दी। सीबीडीटी ने ट्रस्टों, संस्थानों और फंडों के लिए फॉर्म 10ए, फॉर्म 10एबी दाखिल करने की नियत तारीख को पहले भी कई बार बढ़ाया था। इसका आखिरी बार विस्तार 30 सितंबर, 2023 तक किया गया था। सीबीडीटी ने विचार करते हुए और करदाताओं को वास्तविक परेशानियों से बचाने के लिए सीबीडीटी ने 10ए/फॉर्म 10एबी फॉर्म दाखिल करने की नियत तारीख 30 जून 2024 तक बढ़ा दी है।

### नई पहल | प्रधान न्यायाधीश ने डिजिटलीकरण की दिशा में उठाया महत्वपूर्ण कदम

## व्हाट्सएप के जरिये मुकदमों की जानकारी देगा न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने डिजिटलीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उच्चतम न्यायालय व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची और मामलों को दाखिल करने व सूचीबद्ध करने से संबंधित जानकारी साझा करेगा। इसका बहुत प्रभावशाली असर होगा और इस कदम से कागज व पृथ्वी को बचाने में भी मदद मिलेगी।

प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी सवाल पर सुनवाई शुरू करने से पहले न्यायमूर्ति चंद्रचूड ने व्हाट्सएप को न्यायालय की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सेवाओं से जोड़ने की यह घोषणा की। याचिकाओं से यह सवाल निकलकर सामने आया कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत समुदाय के भौतिक संसाधन माना जा सकता है, जो राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) का एक हिस्सा है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा उच्चतम न्यायालय की मौजूदगी के 75वें वर्ष में हमने एक छोटी सी योजना की शुरुआत की है। व्हाट्सएप हमारी रोजाना की जिंदगी में शामिल हो चुका है और इसने एक शक्तिशाली संचार सुविधा की भूमिका ले ली है। न्याय तक पहुंच के अधिकार को मजबूत बनाने और न्याय तंत्र में पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए उच्चतम न्यायालय अपनी आईटी सेवाओं को व्हाट्सएप के साथ जोड़ने की घोषणा करता है।' सीजेआई ने कहा इस पहल के अंतर्गत 'एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड' और शीर्ष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने वाले वादियों को मुकदमे को ऑनलाइन दाखिल करने, वाद सूची, आदेश और निर्णयों के संबंध में ऑटोमेटेड संदेश प्राप्त होंगे।

#### अधिकारिक व्हाट्सएप नंबर किया सांझा

प्रधान न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत का आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 8767687676 साझा किया और कहा कि इस पर कोई संदेश और कॉल प्राप्त नहीं होगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि यह हमारी कामकाजी आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा और कागज के साथ ही हमारी पृथ्वी को बचाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के लिए सात हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

☞ चाह सोतियान स्थित महालक्ष्मी मंदिर में संतोषी माता की पूजा-अर्चना प्रातः 6:30 बजे।

☞ विकास भवन परिसर के निकट स्थित भाकियू कार्यालय पर पंचायत दोपहर 12:30 बजे।

### खैरुल्लापुर के प्राथमिक विद्यालय में 279 नंबर है सांसद का बूथ, चमरौआ विधानसभा क्षेत्र में 57.86 प्रतिशत वोटिंग

# सांसद घनश्याम सिंह लोधी के बूथ पर 74.68 प्रतिशत हुआ मतदान

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



**अमृत विचारः** चमरौआ विधानसभा क्षेत्र में 57.86 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस विधानसभा क्षेत्र में 313463 मतदाता हैं। इनमें से 181369 मतदाताओं ने ही मतदान किया। इनमें 98781 पुरुष और 82588 महिला मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खैरुल्लापुर के बूथ संख्या 279 पर सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने मतदान किया। इस बूथ पर मतदाताओं ने बंपर वोटिंग की। हालांकि हार-जीत का पता तो चार जून को ही लग सकेगा।

मतदान के बाद प्रत्याशियों को बेसब्री से मतगणना का इंतजार है। मतदान निपटने के बाद प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। लेकिन, सीधी लड़ाई भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी और सपा प्रत्याशी मोहिब्बुल्लाह नदवी के बीच है। हार-जीत का अंतर भी बहुत कम रहेगा। शहर के बाजार हामिद गेट पर राजनीति के जानकार मोहम्मद अहमद का कहना है कि शहरी क्षेत्र में महज 45.30 प्रतिशत मतदान हुआ है। शहरी क्षेत्र के मतदाताओं की उदासीनता हार-जीत के अंतर को कम कर देगी। कहा कि सिविल लाइंस क्षेत्र के पोलिंग बूथों पर 34 से 36 प्रतिशत तक मतदान हुआ है। कहा कि ज्वालानगर क्षेत्र में मतदाता घरों से ही नहीं निकले। जबकि, स्वार-टांडा में 60.51 प्रतिशत, चमरौआ में 57.86 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों विधानसभा क्षेत्र मुस्लिम बाहुल्य हैं।

अनिल भाटिया के अनुसार बिलासपुर में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में बंपर वोटिंग कराई है। मुस्लिमों ने भी काफी संख्या में उनके संबंधों और व्यवहार कुशल होने के नाते वोट दिया है। शाहबाद और मिलक क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी को हमेशा जीत दिलाता रहा है। इस बार मुस्लिम मत भी सांसद की किस्मत का ताला खोल सकते हैं। हालांकि, चार जून को मतगणना और इसके बाद लोकसभा चुनाव में छह प्रत्याशियों का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने आ जाएगा।

### चमरौआ विधानसभा सभा में इन बूथों पर बरसे वोट

| बूथ संख्या | मतदेय स्थल का नाम | मतदाताओं की संख्या | पुरुष | महिला | योग | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 279 | प्राथमिक विद्यालय खैरुल्लापुर | 1161 | 475 | 392 | 867 | 74.68 |
| 48 | प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदनगर | 434 | 170 | 156 | 326 | 75.12 |
| 47 | प्राथमिक विद्यालय पदपुरी | 365 | 150 | 129 | 279 | 76.44 |
| 70 | प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद | 639 | 245 | 253 | 498 | 77.93 |
| 119 | प्राथमिक विद्यालय परशुपुरा | 1062 | 381 | 417 | 798 | 75.14 |
| 221 | प्राथमिक विद्यालय नौरंगपुर | 836 | 348 | 304 | 652 | 77.99 |
| 233 | प्रा.विद्यालय मिलकवादुल्ला | 485 | 185 | 201 | 386 | 79.59 |
| 55 | प्राथमिक विद्यालय मानुल्लापुर | 535 | 229 | 205 | 434 | 81.12 |

### चमरौआ क्षेत्र के इन बूथों पर 50 प्रतिशत से कम हुआ मतदान

| बूथ संख्या | मतदेय स्थल का नाम | मतदाताओं की संख्या | पुरुष | महिला | योग | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | पंचायत घर शादीनगर | 1127 | 281 | 266 | 547 | 48.54 |
| 31 | पंचायत घर बिहारीनगर | 1103 | 290 | 259 | 549 | 49.77 |
| 91 | प्रा. विद्यालय सहरिया दराज | 1303 | 350 | 296 | 646 | 49.58 |
| 107 | प्राथमिक स्कूल लालपुर कला | 767 | 198 | 166 | 364 | 47.46 |
| 126 | प्राथमिक विद्यालय नया गांव | 847 | 228 | 145 | 373 | 44.04 |
| 155 | प्राथमिक विद्यालय बहादुरगंज | 936 | 260 | 195 | 455 | 48.61 |
| 185 | आंगनबाड़ी केंद्र काशीपुर | 970 | 220 | 171 | 391 | 44.31 |
| 186 | कंपोजिट उच्च प्रा. विद्यालय | 1433 | 395 | 314 | 709 | 49.81 |
| 257 | उच्च प्रा. विद्यालय सनईयासुख | 974 | 270 | 204 | 474 | 48.61 |
| 284 | उच्च प्रा. विद्यालय अहमदनगर ताराना | 1260 | 358 | 258 | 616 | 48.89 |

## एक नजर

### डायरिया वार्ड में भर्ती हुए 10 नए रोगी

**रामपुर, अमृत विचार :** मौसम में परिवर्तन की वजह से लोगों में तरह-तरह की बीमारियां फैल रही हैं। गुरुवार को जिला अस्पताल में बने डायरिया वार्ड में 10 नए रोगी भर्ती हुए हैं। वार्ड में रोगी की देखभाल के लिए सिर्फ एक ही तीमारदार रुकेगा। सीएमएस ने वार्ड ब्वॉय, स्टॉफ नर्सों को हिदायत दी है कि उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। हीट वेव के रोगियों के लिए सात बेड को कोल्ड रूम में बनाया गया है। यहां गंभीर रोगियों को भर्ती किया जाए।

### बिजली नहीं आने से उपभोक्ता परेशान

**रामपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला पहाड़ी गेट क्षेत्र में तीन घंटे बिजली नहीं आने से उपभोक्ता परेशान हुए। तीन घंटे बिजली नहीं आने पर निगम के जेई संजीव चौरसिया ने बताया कि 11 हजार केवीए लाइन के तारों में खराबी आ गई है। इसे सही कराने के कार्य कराया जा रहा है। रात आठ बजे आपूर्ति सुचारु हुई।


# जेनेरिक की जगह पर्चे में महंगी दवाएं लिख रहे डॉक्टर

## सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद भी आईएमए और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने साधा मौन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** शहर के एक से बढ़कर एक प्रसिद्ध डॉक्टर मरीजों को महंगी दवा लिख रहे हैं। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने निर्देशित किया है कि निजी डॉक्टर मरीजों को महंगी दवा न लिखकर जेनेरिक दवा लिखें। ताकि गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को दवा खरीदने में आर्थिक दिक्कत न हो। इसके लिए शहर में जगह-जगह जन औषधि केंद्र भी खोले गए हैं। लेकिन इस आदेश पर कोई भी डॉक्टर अमल नहीं कर रहा है। आईएमए (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) का भी इस ओर ध्यान नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मूकदर्शक बने हैं।


निजी चिकित्सक सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का कितना पालन कर रहे हैं, अगर आपको देखना है तो आप शहर के किसी भी बड़े डॉक्टर का नुस्खा देख सकते हैं। डॉक्टर अपने नुस्खे में जेनेरिक दवाओं को जगह नहीं दे रहे हैं। कमीशन के फेर में महंगी से महंगी दवाएं लिखी जा रही हैं। अमृत विचार की टीम ने पड़ताल की तब यह खुलासा हुआ। शहर के मोहल्ला राजद्वारा स्थित क्लीनिक के नामचीन चिकित्सक डॉ. राजीव अग्रवाल के नुस्खे में सभी महंगाई दवाएं लिखी मिलीं। नईम जहां ने बताया कि सांस लेने में दिक्कत है। डाक्टर साहब को दिखाई आई थी। उन्होंने परीक्षण के बाद दवा का पर्चा बनाया और बराबर के मेडिकल स्टोर पर पर दवा लेने भेज दिया। तोपखाना स्थित सहारा हॉस्पिटल के डॉ. जुल्फिकार अली को 55 वर्षीय जुबैदा ने दिखाया। इसके बाद उन्होंने हॉस्पिटल में ही बने मेडिकल स्टोर पर भेज दिया। मोहल्ला मिस्टन गंज स्थित हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विशेष कुमार को दिखाने के लिए झुंडे सिंह आए। डाक्टर ने उनके पर्चे पर महंगी दवाएं लिखीं। गरीब और मध्यम वर्ग पर डॉक्टरों द्वारा लिखी गई महंगी दवाओं की मार पड़ रही है। अगर जन औषधि केंद्र की दवा डॉक्टर लिख दें तो मरीजों को वह बहुत कम कीमत पर मिल सकती हैं। लेकिन चिकित्सक ऐसा नहीं कर रहे हैं।



डा. राजीव अग्रवाल ने दवा के लिए लिखा पर्चा।



तोपखाना स्थित सहारा हॉस्पिटल के चिकित्सक जुल्फिकार अली ने लिखी दवाएं।



डा. विशेष कुमार ने पर्चे पर लिखी दवाएं।

> अभी कोई आदेश नहीं मिला है। न्यायालय के आदेशों का पालन कराया जाएगा। आदेश मिलने पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को बताया जाएगा।
> –डा.एसपी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

### चिकित्सक और एमआर की होती है साठगांठ

निजी चिकित्सक की एमआर के साथ साठगांठ होती है। इसमें एमआर विजिट करके डॉक्टरों को सैंपल के तौर दवा दिखाते हैं। दवा बेचने के लिए एमआर हर तरह के हथकंडे अपनाते है। यहां तक कि डॉक्टर जिस कंपनी से दवा लेते हैं उस कंपनी से भी मूल्य कम कर देते हैं। साथ ही परिवार के साथ घूमने के लिए टूर भी देते हैं। लालच में आकर चिकित्सक कंपनी से डील कर लेते हैं।

### शहर के इन स्थानों पर है जन औषधि केंद्र

औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि बरेली गेट, आगापुर ज्वालानगर, दरगाह मौलवी साहब, आरा मशीन राजद्वारा, जिला अस्पताल, मंगल की पैंठ, मदरसा कोहना जेल रोड, सराय गेट घोसियान, नगलिया आकिल में जन औषधि केंद्र हैं। समय-समय पर केंद्रों का निरीक्षण भी किया जाता है। निरीक्षण में कमी मिलने पर सुधार कराने को नोटिस दिए जाते हैं। प्रतिबंधित दवा बेचने पर कार्रवाई भी की जाती है।

### ब्रांडेड व जेनेरिक दवा के दाम में होता है 50 प्रतिशत का अंतर

निजी चिकित्सक ब्रांडेड दवा लिखते हैं। इसमें और जेनेरिक दवा के दामों में पचास प्रतिशत का अंतर होता है। ब्लड प्रेशर को नियंत्रण करने वाली जो दवा मेडिकल स्टोर पर 70 रुपये में मिलती है वही जन औषधि केंद्र पर 30 रुपये में उपलब्ध है। डायबिटीज रोधी दवा 150 रुपये, केंद्र पर 70 रुपये, कैल्शियम की दवा 58 रुपये, केंद्र पर 25 रुपये, मल्टी विटामिन 60 रुपये और केंद्र में 30 रुपये, आयरन की 50 रुपये, केंद्र पर 25 रुपये, कोलस्ट्रोल की 67 रुपये, केंद्र पर 44 रुपये में उपलब्ध है। जो सेनेटरी पेड स्टोर पर 34 रुपये का है वह केंद्रों पर मात्र 15 रुपये में मिल जाता है।

> निजी चिकित्सक महंगी दवा पर्चे में न लिखें। कोर्ट के आदेशों का पालन किया जाएगा। बैठक कर एसोसिएशन के पदाधिकारियों को इसके बारे में बताया जाएगा।
> –डा.तनवीर अहमद, अध्यक्ष इंडियन मेडिकल एसोसिएशन

### सीवर सिस्टम को सही कराने की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** संयुक्त सभासद मोर्चा की ओर से शहर के खराब सीवर सिस्टम को ठीक कराने को लेकर जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इसमें वार्ड 36 के सभासद मोहम्मद जफर ने कहा कि जल निगम के आला अधिकारी मनमानी कर रहे है।

शहर में जगह-जगह मैनहोल टूटे हुए हैं। कई ऐसे स्थान है जहां मैनहोल के चैंबर भी नहीं हैं। जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। कहा कि इबादतगाहों के आसपास सीवर सिस्टम खराब होने की वजह से पानी ओवरफ्लो हो रहा है। इससे आने-जाने वाले लोगों के कपड़े खराब हो रहे हैं। जल निगम के आला अधिकारियों पर आरोप लगाया कि शिकायत करने पर मैनहोल को खोलकर दो चार बाल्टी पानी निकालकर और फोटो खिंचवाकर चले जाते हैं। ज्ञापन देने वालों में सरफराज उर्फ गुड्डू, शाहवेज उर्फ डमडम, जियाउर रहमान उर्फ बाबू, खलील अहमद, यासीन उर्फ गुड्डू खान आदि शामिल रहे।



पोस्टर के माध्यम से संचारी रोग के बारे में जानकारी देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

## पोस्टरों के जरिए किया संचारी रोगों के प्रति जागरूक

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में संचारी रोग माह के अंतर्गत गुरुवार को पोस्टर प्रतियोगिता हुई। इसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में ऋषिका तुरैहा प्रथम, तनु सागर द्वितीय और युमना तृतीय रहीं।

संचारी रोग माह के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से संचारी रोग के कारण और उनसे बचाव के क्या उपायों को चित्रित किया। प्रतियोगिता में ऋषिका तुरैहा प्रथम, तनु सागर द्वितीय और युमना तृतीय रहीं। प्रधानाचार्य डॉ.शालू कौशल ने छात्राओं को संचारी रोग फैलने के कारण और उनसे बचाव के लिए उपायों के बारे में बताया। इस अवसर पर शमीम खान, रेणु देवी, कल्पना सिंह, पूजा, प्रगति गोयल, खदीजा, अफीफा, सल्तनत, बबीता गुप्ता, राकेश कुमार, नितिन कुमार, सुरेंद्र कुमार, बाबू आदि मौजूद रहे।

# आखून-खेलान की टोंटियों में आ रहा अशुद्ध पानी

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** मोहल्ला आखून-खेलान के बाशिंदे नगर पालिका के अधिकारियों की अनदेखी के कारण अशुद्ध पेयजल का सेवन कर रहे हैं। इससे लोगों में तरह-तरह की बीमारियां हो रही हैं। वह प्राइवेट व जिला अस्पताल में अपना उपचार करा रहे हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कई वर्ष पानी की टंकी सफाई से नहीं हुई है। इसके कारण रसोईघर व शौचालयों की टोटियों में जहरीला पानी आ रहा है। इस समस्या के बारे में कई बार अधिकारियों से कहा जा चुका है। लेकिन वह सिर्फ जल्द सही कराने की बात बोलकर पल्ला झाड़ रहे हैं।

नगर पालिका परिषद के वार्ड 26 की आबादी दो हजार से अधिक है। मोहल्ले में वाटर सप्लाई जनरल अजीमुद्दीन पार्क में बने ओवर हेड टैंक से हो रही है। ओवरहेड टैंक से आने वाला पानी पीला व दूषित है। इसके सेवन से लोगों में विभिन्न बीमारियां हो रही हैं। सभासद रफी उल्लाह खां ने पालिकाध्यक्ष और ईओ को इस बारे में बताया। मगर वहां से उन्हें सिर्फ आश्वासन दे दिया गया है। दूषित पानी के आने का सिलसिला कम नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र दिया। इसमें उन्होंने कहा कि कभी ओवरहेड टैंक की मोटर फुंक जाती है तो कभी वॉल्व में खराबी आ जाती है। कहा कि ओवरहेड टैंक में पानी की सप्लाई के लिए कम क्षमता वाली मोटर लगी है। वह लोड नहीं उठा पाती। इससे क्षेत्रवासी पानी की बूंद-बूंद को तरसते हैं। वार्ड की इस समस्या को बोर्ड की बैठक में उठाया जा चुका है। इसके बाद भी समाधान नहीं हो रहा है।



मोहल्ला आखून खेलान में दूषित जल से भरा गिलास। ● अमृत विचार

> मोहल्ला आखून-खेलान में पानी की समस्या संज्ञान में है। इसके लिए संबंधित ठेकेदार व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं। उनसे कहा गया है कि जल्द ही खराबी को सही कराया जाए।
> –मूलचंदख, जलकल अभियंता नगर पालिका परिषद



> कई दिन से लगातार गंदा पानी आ रहा है, । इसका सेवन करने से लोग बीमार हो रहे हैं। कई बार कंट्रोल रूम में भी शिकायत की गई है।
> – दानिश खां



> कई वर्ष से पानी की टंकी सफाई नहीं हुई। इसकी वजह से पीला और दूषित पानी आ रहा है। इसके लिए सुनवाई नहीं हो रही है।
> – खालिद खां



> मोहल्ले में कई दिन से पानी की समस्या है। कभी मोटर फुंक जाती है तो कभी वॉल्व में खराबी आ जाती है। लोग परेशान हैं।
> – रफी उल्लाह खां, सभासद



> पानी की टंकियों की सफाई कराने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। शिकायत के बावजूद नगर पालिका के अधिकारियों का इस ओर ध्यान नहीं है।
> – तकरीम खां



स्मार्ट बाजार में सैंपल लेते मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी। ● अमृत विचार

## टीम ने लिए खाद्य पदार्थों के चार नमूने

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के चार नमूने लिए। इनमें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा दिया है। सचल दल की छापेमारी से मिलावटखोरों में खलबली मची रही।

सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को सचल दल ने छापेमारी की। टीम ने शौकत अली रोड स्थित रिलायंस रिटेल लिमिटेड के स्मार्ट बाजार से नेसले का सेरेलेक, डेरी व्हाइटनर, एवरेस्ट ब्रांड का हल्दी पाउडर, रामलीला ग्राउंड स्थित रेड टी सेंटर के गोदाम से इन्फेन्ट मिल्क दूध का नमूना लिया। सचल दल की छापेमारी से मिलावटखोरों में खलबली मची रही। सहायक आयुक्त ने बताया कि मिलावटखोरों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे है। नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, रामप्रताप, मनोज कुमार, अजरा बी मोहम्मद शामिल रहे।

### छात्रा का अपहरण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने कक्षा तीन की छात्रा का अपहरण करने के आरोपी को तीन सप्ताह बाद गिरफ्तार कर लिया है।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने सात अप्रैल को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि उसकी सात वर्षीय पुत्री कक्षा तीन में सरकारी स्कूल में पढ़ती है। वह सुबह स्कूल लिए गई थी। इसके बाद लौटकर नहीं आई।

पुलिस ने पांच दिन पहले बालिका को बरामद कर लिया था। इसके बाद बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण और छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। गुरुवार को पुलिस ने बरेली जनपद के हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव नरहरपुर गोरीखेड़ा निवासी अमित सिंह को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**चिंतनीय** दूध बढ़ाने के लिए दुधारु पशुओं को चारे के साथ खिलाएं नमक और जौ का आटा

# तापमान बढ़ते ही पशुओं में घटने लगा दुग्ध उत्पादन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** तापमान बढ़ने लगा है और इसके साथ दुग्ध का उत्पादन भी कम होने लगा है। आपूर्ति पर इसका असर शुरू हो गया है। शुद्ध दूध मिलने की गारंटी नहीं रह गयी है। दुग्ध विक्रेता पानी की मात्रा बढ़ाकर इसकी भरपाई करने लगे हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी का कहना है कि पशुशाला में पंखे चलाने, पशुओं को ठंडे पानी से नहलाने, पशुशाला में छिड़काव करने से पशुओं का दूध कम नहीं होगा। कहते हैं कि पशुओं की देखभाल में लापरवाही भी दुग्ध उत्पादन में कमी का एक कारण है।

जिले में 3,53,580 भैंस वंशीय पशु हैं। दूध का औसत उत्पादन का प्रतिदिन करीब आठ लाख लीटर है। लेकिन यह धीरे-धीरे घट रहा है। इसके पीछे आमतौर पर तापमान में वृद्धि को कारण माना जा रहा है। भैंस के दूध में कुछ ज्यादा ही कमी आई है। कुल उत्पादित दूध का अस्सी प्रतिशत पीने के काम आता है। शेष का इस्तेमाल मिठाई, खोवा और छैना वगैरह के लिये होता है। खास बात यह है कि दूध के उत्पादन में गिरावट के बाद भी आपूर्ति में कोई कमी नहीं हो रही है। इससे साफ है कि दूध विक्रेता पानी मिलाकर इस कमी की भरपाई कर रहे हैं। पचास से साठ रुपये के बीच प्रति लीटर दूध की आपूर्ति होती है। गर्मी और चिलचिलाती धूप से मोटी चमड़ी वाले पशु खासकर भैंस का दूध कम हो जाता है। चारे की कमी से भी दूध के उत्पादन में गिरावट स्वाभाविक है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. महेश कुमार कौशिक बताते हैं कि मुर्रा भैंस आमतौर पर 18 से 20 लीटर दूध प्रतिदिन देती है। जबकि, देसी भैंस आठ से 10 लीटर दूध प्रतिदिन देती है। बंधावरी भैंस 10 से 12 लीटर दूध प्रतिदिन देती है। यदि पशुपालक पशुओं की उचित देखभाल करें तब दूध के गिरते उत्पादन पर अंकुश लगाया जा सकता है।



पशुशाला में बंधे भैंस वंशीय पशु।

> किलनी कीट पशुओं पर चिपका रहता है और उनका खून चूसता है। इसके अंडे पशुओं के बांधने के स्थान पर गिर जाते हैं। बाद में यह पनप कर फिर से पशुओं के शरीर पर चिपक जाते हैं। इनसे बचाने के लिए पशुओं को नियत स्थान से हटा कर दूसरे स्थान पर बांधे। उनके बांधने के नियत स्थान पर चूना पाउडर का छिड़काव करें। 10 से 15 दिन के अंदर चार से पांच बार चूना पाउडर डालने से किलनी से निजात मिल सकती है।
> –डा.महेश कुमार कौशिक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

### दुग्ध उत्पादन बेहतर रखने के लिए यह करें पशुपालक

- पशुओं को शाम के समय नहलाएं।
- छायादार स्थान में रखें।
- पशुओं में पानी की कमी न होने दें।
- नया भूसा पानी से धोकर दें।
- सप्ताह में एक बार सरसों के तेल में गुड़, बेसन मिलाकर पिलाएं।

### तापमान बढ़ने पर मदरसों का समय भी बदला

**रामपुर, अमृत विचार :** बढ़ती गर्मी के मद्देनजर जनपद के सभी मदरसों का समय बदल दिया गया है। अब मदरसों के खुलने का समय सुबह सात से अपराह्न 12:30 बजे तक रहेगा।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंकित कुमार ने जनपद में संचालित मान्यता प्राप्त और अनुदानित मदरसों के प्रबंधक और प्रधानाचार्यों को आदेश भेजा है। अप्रैल-जून में तापमान में वृद्धि और लू की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग द्वारा हीट वेव के सम्बन्ध में जारी चेतावनी को देखते रखते हुए परिषद द्वारा संचालित मदरसों में अग्रिम आदेशों तक शिक्षण अवधि सुबह सात से अपराह्न 12:30 बजे तक निर्धारित किया गया है।



## एक नजर

### दवा लेने गई महिला से अभद्रता, रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद, अमृत विचार :** शाहबाद के ढकिया निवासी अख्तर अली की पत्नी शहनाज ने गांव के निजी चिकित्सक के यहां कार्यरत कंपाउडर शरद सक्सेना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि वह निजी चिकित्सक के यहां दवा लेने गई थी। इस दौरान कंपाउडर से उसकी कहासुनी हो गई। इस पर उसने पीड़िता के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बरात घर पर अवैध कब्जे की शिकायत

**मिलक, अमृत विचार :** सांसद निधि से बने बरात घर पर महिला द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत तहसीलदार से की गई है। क्षेत्र के दुगनपुर गांव निवासी रेशम राजपूत ने तहसीलदार मिलक को दिए पत्र में लिखा है कि गांव में पूर्व सांसद नेपाल सिंह द्वारा बरात घर का निर्माण कराया गया था। इस पर एक महिला ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। अपना मकान छोड़कर करीब एक वर्ष से वह बरात घर में निवास कर रही है। ग्रामीण जब भी बरात घर खाली करने को कहते हैं तो वह झगड़े पर अमादा हो जाती है। दंबगई के चलते ग्रामीण उसकी शिकायत अधिकारियों से करने से डरते हैं। तहसीलदार से बरात घर को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

### राम-रहीम पुल पर लगा जाम, परेशानी

**रामपुर, विचार :** राम रहीम पुल पर पालिका की ओर से स्ट्रीट लाइटों को लगवाने की वजह से गुरुवार की रात करीब 8 बजे जाम लग गया। इससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हुई। सपा सरकार में राम-रहीम पुल के दोनों ओर 48 स्ट्रीट लाइटें लगवाई गई थीं। कई वर्ष पुरानी होने के कारण नहीं जलती थी और अंधेरा छाया रहता था। इस समस्या को दूर कराने के लिए गुरुवार को नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा लाइटें लगवाई गई। लाइटों को लगवाने की वजह से शाम को काफी देर तक जाम लग गया। काफी देर तक जाम नहीं खुलने पर ज्वालानगर चौकी के कुछ पुलिसकर्मी पहुंचे। उन्होंने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को एक तरफ कराया। इससे लोगों को काफी राहत मिली। कुछ देर बाद जाम खुल गया।

# दढ़ियाल में कोसी नदी के क्षतिग्रस्त पुल पर दौड़ रहे वाहन, हादसे का अंदेशा

## अधिकारियों ने नहीं ली टूटे पुल की सुध, दरके पुल के स्थान पर लगा दिया लाल झंडा

**संवाददाता, दढ़ियाल**

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-बाजपुर हाईवे स्थित कोसी नदी का पुल गुरुवार की सुबह भारी वाहनों की आवाजाही के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद भी पुल से भारी वाहन धड़ल्ले के साथ गुजरते रहे। लेकिन विभाग के अधिकारियों ने पुल से गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों की सुध नहीं ली। किसी भी समय क्षतिग्रस्त पुल पर बड़ा हादसा हो सकता है। नगर पंचायत के सफाईकर्मियों ने क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर लाल झंडा लगा दिया है।

दढ़ियाल में कोसी नदी पर पुल बना है। इस पुल से होकर पर्यटक सिरसवा दोराहे से वाया टांडा, दढ़ियाल होकर नैनीताल जाते हैं। इस मार्ग से नैनीताल की दूरी काफी कम हो जाती है। गुरुवार की सुबह लगभग छह बजे ओवरलोड वाहनों के कारण कोसी नदी का पुल बीचो-बीच से क्षतिग्रस्त हो गया। पुल से सुबह 10 बजे तक वाहन ऐसे ही गुजरते रहे। सुबह 10 बजे नगर की सफाई करने के बाद कुछ कर्मचारी कचरा डालने के लिए उधर जा रहे थे। कोसी नदी पर पुल को क्षतिग्रस्त देख उन्होंने अपना वाहन रोक लिया। इसके बाद अपने वाहन से लाल कपड़ा निकाला और पुल के क्षतिग्रस्त स्थान पर डंडे में लाल कपड़ा बांधकर खड़ा कर दिया। गनीमत रही की कोई भी वाहन हादसे का शिकार नहीं हुआ अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद भी ओवरलोड वाहन, ट्रैक्टर-ट्राली, गैस कैप्सूल, बस आदि गुजरती रहीं। दोपहर बाद पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षतिग्रस्त पुल की जगह बोरों में बालू भरकर रखा और चले गए।


क्षतिग्रस्त पुल पर लाल कपड़ा लगाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### शायद अधिकारियों को है बड़े हादसे का इंतजार

सुबह छह बजे कोसी नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया। दोपहर बाद कुछ कर्मचारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त स्थान पर बालू के बोरे लगाकर चले गए। इसके बाद भी टूटे पुल से डंपर, ट्रक और बसें आदि वाहन धड़ल्ले से गुजरते रहे। किसी समय भी बड़ा हादसा हो सकता है। लेकिन हादसे से बचाव के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

"पुल क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली है। मौके पर पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी भेजे गए हैं। गुरुवार की शाम तक दिल्ली से इंजीनियरों की टीम आएगी। पुल को दोनों साइड से बंद कर मरम्मत कार्य कराया जाएगा।
–आजम, जेई, प्रांतीय खंड

### सड़क पर गोवंश आने से कार खंती में पलटी

**शाहबाद, अमृत विचार :** गोवंश को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। हादसे में कार सवार लोग घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

कस्बे के मोहल्ला कस्साबान निवासी डॉ. आसिफ सीएचसी शाहबाद में चिकित्सक हैं। परिजनों ने बताया कि बुधवार की शाम वह अपनी पत्नी और बेटियों के साथ मुरादाबाद गए थे। गुरुवार की तड़के वापस आते समय शाहबाद-बिलारी मार्ग पर चौधराना मंदिर के निकट छुट्टा गोवंश उनकी कार के सामने आ गया। उसे बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। हादसे की सूचना पर डॉक्टर के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। उनके भतीजे फिरोज ने बताया कि हादसे में डा. आसिफ और उनकी बेटी नमरा को गंभीर चोट लगी हैं। उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


बिलारी मार्ग पर खंती में गिरी कार।


आग लगने के बाद जला सामान दिखाती महिला। ● अमृत विचार

# मजदूर के घर में लगी आग एक लाख का सामान जला

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** मजदूर के घर में अचानक लगी आग से घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इससे काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

नगर के मोहल्ला टांडा हुरमतनगर की चांद के पार बस्ती निवासी बाबू की पत्नी नाजरीन ने बताया कि वह तीन वर्ष से बस्ती में अपने परिवार के साथ रहती है। पति के बीमार होने पर वह विवाह समारोह आदि में बर्तन साफ करके परिवार का भरण-पोषण करती है। बुधवार की शाम वह तहसील क्षेत्र के सिसौना गांव गई थी। रात में उसके घर में अचानक आग लग गई। लपटें उठती देख पड़ोसियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने घटना की सूचना महिला को दी। आनन-फानन में वह घर पहुंची तो मोहल्लेवासी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे थे। कड़ी मशक्कत के बाद देर रात आग पर काबू पाया जा सका। मगर तब तक घर में रखा राशन, फर्नीचर, कपड़े समेत करीब एक लाख रुपये का सामान नष्ट हो चुका था। पीड़िता का कहना है कि प्रशासन आग से हुए नुकसान का आकलन कराकर मुआवजा दिलाए। ताकि उसकी मदद हो सके। समाजसेवी अमीर अहमद खां ने बताया कि उन्होंने तहसील तथा जिला स्तरीय अधिकारियों को मामले से अवगत करा दिया है।

# डूंगरपुर के दो मामलों में हुई अदालत में सुनवाई

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** डूंगरपुर के दो मामलों में गुरुवार को सुनवाई हुई। एक मामले में पत्रावली जिरह में लगी हुई थी। वादी नन्हीं से बचाव पक्ष के अधिवक्ता को जिरह करनी थी। लेकिन उनकी ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र दे दिया गया। कोर्ट ने इसे एक हजार रुपये जुर्माने के साथ स्वीकार कर लिया। अब इस मामले में 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। जबकि डूंगरपुर के दूसरे मामले में पत्रावली सफाई साक्ष्य में लगी हुई थी। इसमें बचाव पक्ष की ओर से तीन गवाह पेश किए गए। जिनकी गवाही पूरी हो गई है। अब इस मामले में 26 अप्रैल को सुनवाई होगी।

डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने 2019 में गंज थाने में कई रिपोर्ट दर्ज कराईं थीं। थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया था कि आजम खां के इशारे पर उनसे मारपीट, लूटपाट की गई और उनके घर को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया था। इन मुकदमों में आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, सेवानिवृत्त सीओ आलेहसन, ठेकेदार बरकत अली, जिबरान समेत अन्य कई आरोपी हैं। गुरुवार को एमपी-एमएलए कोर्ट (सेशन ट्रायल) में डूंगरपुर प्रकरण के दो मामले में सुनवाई हुई। एक मामले में पत्रावली जिरह में लगी हुई थी। इसमें वादी नन्हीं से बचाव पक्ष के अधिवक्ता को जिरह करनी थी, लेकिन उनकी ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र दे दिया गया। डूंगरपुर के दूसरे मामले में पत्रावली सफाई साक्ष्य में लगी हुई थी। इसमें बचाव पक्ष की ओर से तीन गवाह पेश किए गए। जिनकी गवाही पूरी हो गई है। अब इसमें 26 अप्रैल की तारीख लगी है।

### प्रेमी से मिलने दिल्ली से बिलासपुर पहुंची प्रेमिका

**रामपुर, अमृत विचार :** फेसबुक वाली प्रेमिका अपने प्रेमी से मिलने के लिए दिल्ली से उसके गांव पहुंच गई। प्रेमिका को देख प्रेमी के परिजनों ने हंगामा किया। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

कुछ दिन पहले गांव निवासी युवक का फेसबुक के माध्यम से दिल्ली निवासी युवती प्यार हो गया। बाद में दोनों मिलने लगे। युवक कई बार प्रेमिका से मिलने दिल्ली गया। गुरुवार की सुबह प्रेमिका अचानक प्रेमी के घर पहुंच गई। इस दौरान हंगामा होने पर भारी भीड़ लग गई। बाद में प्रेमिका को समझा बुझाकर घर भेज दिया गया। इस बीच किसी ने पुलिस को इसकी सूचना दे दी। इस पर पुलिस प्रेमी युवक को उठाकर ले गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि युवती या उसके परिजनों ने पुलिस से शिकायत नहीं की है। इसके बावजूद पुलिस जबरदस्ती युवक को उठाकर ले गई है।

# स्वास्थ्य विभाग ने तीन अस्पताल किए सील

**संवाददाता, शाहबाद**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक व अस्पतालों में नोडल अधिकारी और तहसीलदार ने छापेमारी अभियान चलाया। इससे क्लीनिक व अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने अवैध रूप से संचालित व अनिमियतता बरतने में तीन अस्पताल सील कर दिए।

गुरुवार को नोडल अधिकारी डा. केके चहल व तहसीलदार शिवकुमार शर्मा ने झोलाछापों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। नोडल अधिकारी ने बताया कि मलिक हेल्थ केयर बिना पंजीकरण चलते पाया गया। इसे सील कर दिया गया। सनराइज हॉस्पिटल पंजीकृत था लेकिन बायोवेस्ट निस्तारण ठीक से नहीं करने पर उसे चेतावनी दी गई। सेवा एडवांस डायग्नोस्टिक सेंटर मौके पर लैब का पंजीकरण नहीं दिखा पाया। इस पर उसे नोटिस दिया गया। लकी फिजियोथेरेपी सेंटर को अप्रशिक्षित स्टॉफ द्वारा संचालित किया जा रहा था। क्लीनिक पर एलोपैथिक दवा व इंजेक्शन मिले। इसके चलते क्लीनिक को सील कर दिया गया। वहीं, ढकिया में लाइफ लाइन हॉस्पिटल के निरीक्षण में उसका पंजीकरण मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में नहीं पाया गया। मौके पर दो महिलाएं भर्ती मिलीं। दोनों महिलाओं की सिजिरियन सेक्शन द्वारा डिलीवरी कराई गई थी। एक महिला को डिस्चार्ज कर दिया गया, जबकि दूसरी महिला को सीएचसी में शिफ्ट करके हॉस्पिटल को सील कर दिया गया।


अवैध अस्पताल सील करने के बाद नोडल अधिकारी व तहसीलदार। ● अमृत विचार

● **बिना पंजीकरण संचालित मिला मलिक हेल्थ केयर**

### जड़ में तेजाब डालकर पेड़ झुलसाने का आरोप

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव त्रिलोकपुर रहमतगंज के एक किसान ने पड़ोसी किसान पर तेजाब डालकर पॉपुलर के पेड़ झुलसाने का आरोप लगाया है। पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

त्रिलोकपुर रहमतगंज निवासी जगदीश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके खेत की मेढ़ पर खड़े पापुलर को लेकर पड़ोसी भूकन सिंह आपत्ति करता है। इसे लेकर उनके बीच कई बार कहासुनी भी हो चुकी है। आरोप है कि भूकन सिंह ने पेड़ों की जड़ों को तेजाब डालकर झुलसा दिया है। इससे तमाम पेड़ नष्ट हो गए हैं। इसकी शिकायत पड़ोसी से की तो वह फौजदारी पर आमादा हो गया। तब पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पटवाई पहुंची स्वास्थ्य विभाग टीम, बिना कार्रवाई लौटी

**पटवाई, अमृत विचार :** गुरुवार को पटवाई कस्बे में नोडल अधिकारी डा. केके चहल स्टाफ के साथ फैज हेल्थ केयर सेंटर पहुंचे। कार से उतरकर टीम के सदस्य हेल्थ केयर सेंटर के अंदर गए। इसके बाद मात्र दस मिनट में ही टीम बिना कार्रवाई किए ही लौट गई। इसके बाद टीम लोधी एक्सरे सेंटर पर भी पहुंची।

यहां भी नोडल अधिकारी डा.केके चहल कार में बैठे रहे और अपने अधीनस्थ को एक्सरे सेंटर के अंदर भेज दिया। यहां भी थोड़ी देर बाद स्टाफ बाहर आ गया। इन अवैध अस्पताल व एक्सरे सेंटर पर बगैर कार्रवाई के स्वास्थ्य विभाग की टीम वापस चली गई। इसे लेकर लोगों में चर्चा है कि साठगांठ के चलते इन अस्पतालों पर कार्रवाई नहीं की गई है।

# आवास-विकास में भक्तों ने निकाली साईं पालकी

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** आवास-विकास स्थित नृश्वदेश्वर मंदिर से साईं भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ साईं पालकी निकाली। पालकी सिविल लाइन क्षेत्र में घूमी। उसके बाद मंदिर में आकर संपन्न हो गई। इसके बाद भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ।

आवास-विकास स्थित नृश्वदेश्वर मंदिर से साईं भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ साईं पालकी निकाली। पालकी आवास विकास से सिविल लाइन क्षेत्र में कई मार्गों से होती हुई मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इससे पहले पंडित उमेश शर्मा ने पूजन कराकर गणेश वंदना एवं मां सरस्वती के आगे दीप जलाया। उत्तर प्रदेश उद्योग प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने पालकी को हरी झंडी दिखाई। साईं पालकी का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। देर रात प्रसाद बांटा गया।

इस मौके पर सुनील सक्सेना, वेद प्रकाश रस्तोगी, सुभाष सक्सेना, सुनीता कंबोज, सीमा रस्तोगी, मनोज रस्तोगी, निर्मल रस्तोगी, अनीता, वंशिका, शिवन्या, शिवांशु, शौर्य रस्तोगी आदि मौजूद रहे।


साईं बाबा की पालकी निकालते भक्त।

### दर्जन भर लोगों का शांति भंग में किया चालान

**मिलक, अमृत विचार :** मिलक और स्वार पुलिस ने कई लोगों का शांतिभंग के आरोप में चलान किया है।

गुरुवार को मिलक के मोहल्ला छोटा रौरा खुर्द निवासी राजीव कश्यप व प्रताप कश्यप झगड़े पर आमादा थे। जफर व एजाज निवासी ग्राम गंगापुर शर्की घोसीपुरा थाना मिलक, सिन्टू उर्फ राजीव व सचिन निवासी ग्राम हाजीनगर मजरा थाना मिलक भी झगड़े पर आमादा थे। पुलिस ने सभी का शांति भंग में चालान कर दिया। दूसरी ओर स्वार पुलिस ने छापामार कर अलग-अलग जगहों पर झगड़ा कर रहे आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान किया है। कोतवाली के गांव रजानगर निवासी मोहम्मद इरफान, विनोद, बबलू, गांव धनौरी निवासी हरपाल, गूलड़ पीपलसाना निवासी सुनील व भूबरा निवासी विपिन किसी बात को लेकर झगड़ा कर रहे थे। पुलिस ने सभी को शांति भंग में चालान कर दिया।

# विज्ञान प्रश्नोत्तरी के जूनियर वर्ग में सेंटमेरी स्कूल अव्वल

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** ग्रीनवुड स्कूल में गुरुवार को विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इसमें 10 स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर सेंटमेरी के प्रतिभागी रहे। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर दयावती मोदी एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया। स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान ने विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

ग्रीनवुड स्कूल के 50 वर्ष पूरे होने पर गोल्डन जुबली मनाई जा रही है। इसी के चलते समय-समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुरुवार को ग्रीनवुड स्कूल में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आरंभ ग्रीनवुड स्कूल के निदेशक शाहिद खान, ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान और प्रधानाचार्य एनके तिवारी ने किया। प्रतियोगिता दो समूह में हुई। पहला समूह जूनियर स्तर का था। इसमें कक्षा छह से आठ तक के बच्चों ने भाग लिया। दूसरा समूह सीनियर वर्ग का था। इसमें कक्षा नौ से 12 तक के बच्चों ने भाग लिया। विजयी प्रतियोगियों को निदेशक शाहिद खान, ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान और प्रधानाचार्य एनके तिवारी ने प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिए।


विजयी छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य एनके तिवारी एवं अन्य। ● अमृत विचार

### इन स्कूलों के छात्र-छात्राएं विजयी

जूनियर वर्ग में सेंटमेरी स्कूल प्रथम स्थान पर रहा। इसमें त्रिशा झा, आराध्या टंडन और अरुनिमा शामिल हुए। दूसरे स्थान पर सेंटपाल्स स्कूल रहा। इसमें अनमोल गंगवार, महक अग्रवाल, अर्शदीप शामिल हुए। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर दयावती मोदी एकेडमी रहा। इसमें शौर्य चौहान, अनन्या जैसमीन व हर्षवर्धन रहे। दूसरे स्थान पर सेंटपॉल्स स्कूल रहा। इसमें अहद, ऐलिजा अहमद, फरहा उजैर व सैयद तौकीर हसनैन शामिल रहे। संचालन सालिक अलमासी, अरीबा अहमद खान और सबीहा नाज ने किया।

### इन स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग

व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, दयावती मोदी एकेडमी, ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल, सनवे, सेंटमेरी, सेंटपॉल्स, ईस्ट वेस्ट पब्लिक स्कूल, एसआईएमएस, सेंट एथोनी स्कूल।

**खेतीबाड़ी** | लहसुन के दामों ने तोड़ा रिकॉर्ड, हरी मिर्च के भाव ने भी छुआ आसमान

# हरी मिर्च और लहसुन की बंपर पैदावार से किसान गदगद

**संवाददाता, मसवासी**

**अमृत विचार :** मसवासी क्षेत्र में लहसुन की बंपर पैदावार होने के बाद किसानों का पूरा फोकस हरी मिर्ची की फसल पर है। दोनों फसलों में किसानों को अच्छे दाम मिलने से राहत मिली है। दिल्ली की आजादपुर सब्जी मंडी में किसानों को मिर्च के दाम भी भरपूर मिल रहे हैं। इससे किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं।


मसवासी क्षेत्र लहसुन और मिर्च की पैदावार के लिए प्रमुख रूप से जाना जाता है। तमाम किसान मिर्च और लहसुन की पैदावार पर निर्भर हैं। लहसुन की खोदाई के बाद अब किसानों ने मिर्च की पैदावार पर फोकस कर लिया है। क्षेत्र में प्रतिदिन ट्रकों के माध्यम से मिर्च आजादपुर सब्जी मंडी समिति देश के विभिन्न हिस्सों में भेजी जा रही हैं। 2500 रुपए क्विंटल की दर से मिर्च की खरीदारी खेतों से ही की जा रही है। दूर-दराज से व्यापारी यहां आकर हरी मिर्च की खरीदारी कर रहे हैं। स्थानीय व्यापारी भी लहसुन और मिर्च की खरीदारी कर रहे हैं। किसानों के साथ खुद भी मुनाफा कमा रहे हैं। किसान इस समय अपने परिवार की तरह मिर्च की देखभाल कर रहे हैं। पानी, उर्वरक और बीमारी से बचाव के लिए कई तरह की दवा का स्प्रे कर रहे हैं। क्षेत्र के बिजारखाता, खौदकला, मंसूरपुर, सीतारामपुर, रहमतगंज, करीमपुर, मिलक नौखरीद, हसनपुर उत्तरी, खुशहालपुर, मानपुर, खानपुर उत्तरी, मोतीपुरा आदि गांवों में मिर्च की लहराती फसल से किसानों के चेहरे पर खुशी के भाव हैं।


मोतीपुरा के जंगल में लहलहाती मिर्च की फसल। ● अमृत विचार


"काफी समय बाद किसानों को फसलों का वाजिब दाम मिल रहा है। इस बार हरी मिर्च की पैदावार भी बेहतर है। भाव भी ठीक-ठाक मिल रहे हैं। किसानों को इससे काफी राहत मिल रही है। – मोहम्मद आलम


"इस बार लहसुन की बंपर पैदावार हुई है। हरी मिर्च की पैदावार भी काफी अच्छी है। भाव भी अच्छे मिल रहे हैं। इससे किसानों के दुख छंट रहे हैं और उन्हें राहत मिल रही है। – रिंकू


"इस बार लहसुन के साथ हरी मिर्च की खेती की भी अच्छी पैदावार हुई है। किसानों को दाम भी सही मिल रहे हैं। इससे किसानों में खुशी का माहौल है। फसलों के अच्छे दाम मिलने से किसान खुश हैं। – अरुण कुमार मौर्य


"इस वर्ष लहसुन के साथ मिर्च की फसल ने भी किसानों का काफी साथ दिया है। किसान लहसुन की फसल में ही मिर्च की फसल भी लगा देते हैं। इस बार किसानों को इसका फल मिलता दिखाई दे रहा है। – अर्जुन सिंह

# बीड़ी कारोबारी के घर जीएसटी टीम ने मारा छापा, मिलीं अनियमितताएं

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** गुरुवार को लखनऊ और मुरादाबाद की जीएसटी की संयुक्त टीम ने बीड़ी कारोबारी के घर सुबह साढ़े आठ बजे छापा मारा। शाम करीब सात बजे तक टीम ने दस्तावेजों को खंगाला। इस कार्रवाई से बीड़ी कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। सूत्रों का कहना है कि छापामार कार्रवाई में टीम को कुछ कमियां भी मिली हैं।

गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला सतूने संग निवासी हसीन मियां बीड़ी का कारोबार करते हैं। यह बीड़ी पत्ते वाली से मशहूर है। गुरुवार की सुबह 8:30 बजे लखनऊ और मुरादाबाद की जीएसटी टीम ने उनके घर छापा मारा। टीम ने पूरे दिन उनके घर में कागजात खगाले। इस दौरान इनके घर के पास बने गोदाम पर भी छापेमारी की गई।

सूत्रों का कहना है कि टीम को काफी कमियां मिली हैं। शाम को करीब सात बजे टीम कुछ कागजात लेकर चली गई। इस दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा।


गोदाम में छापेमारी करती जीएसटी की टीम। ● अमृत विचार

"जीएसटी की छापेमारी हुई है। उन्होंने जो कागजात मांगे वह उपलब्ध करा दिए गए। यदि कुछ और कागजात मांगे जाएंगे तो वह भी दे दिए जाएंगे। यह जीएसटी टीम का सामान्य निरीक्षण था।
–इरशाद महमूद खां
बीड़ी कारोबारी का दामाद

## एक नजर

### प्रतिदिन सफाई व फॉगिंग कराने के दिए निर्देश

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने शहर में सफाई व फॉगिंग कराए जाने को लेकर मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षकों, सुपरवाइजरों, कर्मियों को निर्देश दिए। कहा कि जिस किसी के काम में लापरवाही मिली उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को पालिका के सभागार में बैठक हुई है। इसमें ईओ ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सफाई का खासतौर पर ध्यान रखा जाना चाहिए। प्रतिदिन एंटीलार्वा का छिड़काव और फॉगिंग कराई जाए। प्रतिदिन वार्ड में सफाई की रिपोर्ट कार्यालय में दें।

### फायर ब्रिगेड के वाहन की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

**रामपुर, अमृत विचार :** आग बुझाकर जा रहे फायर ब्रिगेड के वाहन से कार की टक्कर हो गई। कार चालक ने फायर ब्रिगेड के चालक पर टक्कर मारने का आरोप लगाया है। सिविल लाइंस क्षेत्र की एकता विहार कॉलोनी स्थित एक प्लॉट में पड़े कूड़े के ढेर में आग लग गई थी। कॉलोनी के निकट प्राइवेट बैंक के सामने एक कार खड़ी थी। आग बुझाकर जा रहे फायर ब्रिगेड के वाहन को मोड़ते समय कार में टक्कर लग गई। यह देख कार स्वामी भी मौके पर आ गए और फायर ब्रिगेड कर्मी से उनकी कहासुनी हो गई।

# उत्तराखंड जा रहा यूपी का गेहूं, क्रय केंद्रों पर सन्नाटा

## जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने दिए टोल प्लाजा और बॉर्डर पर सख्ती बरतने के निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** जनपद में गेहूं खरीद के लिए लक्ष्य छू पाना टेढ़ी खीर हो गया है। जनपद में 158 क्रय केंद्रों पर 209300 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 3799 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। गुरुवार को अमृत विचार टीम ने जिले के कुछ गेहूं क्रय केंद्रों पर पड़ताल की। कई क्रय केंद्रों पर सन्नाटा मिला। नाम नहीं छापने की शर्त पर केंद्र प्रभारियों ने बताया कि सरकारी दाम से ज्यादा किसान को व्यापारियों द्वारा पैसा दिया जा रहा है।

सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। जबकि व्यापारी 2300 रुपये की दर से गेहूं खरीद रहे हैं। वह भुगतान भी नगद कर रहे हैं। इसके कारण क्रय केंद्रों पर किसान बहुत कम संख्या में पहुंच रहे हैं। जिले का गेहूं उत्तराखंड भी जा रहा है। उत्तराखंड में किसानों को गेहूं की फसल का अच्छा दाम मिल रहा है। गेहूं खरीद पिछड़ने पर जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने क्रय एजेंसियों के जिला प्रबंधकों को अधिक से अधिक किसानों को प्रोत्साहित कर गेहूं खरीद में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी मंडी सचिवों को निर्देश दिए कि बॉर्डर व टोल प्लाजा पर कार्मिक तैनात करते हुए गेहूं के अवैध संचरण को रोकने के लिए कार्रवाई करें। गेहूं खरीद 15 जून तक होगी।


शाहबाद मंडी में खाली पड़ा गेहूं क्रय केंद्र। ● अमृत विचार


मिलक की मंडी में गेहूं की तौल करते मजदूर। ● अमृत विचार

### शाहबाद में सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं खरीद सुस्त

**शाहबाद, अमृत विचार :** गेहूं की कटाई होने के बाद भी सरकारी केंद्रों पर खरीद रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। काफी संख्या में किसान गेहूं बेचने क्रय केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि खुले बाजार में भाव लगभग समान होने से किसान सरकारी केंद्रों से दूरी बना रहे हैं। सरकार ने एक अप्रैल से गेहूं खरीद के निर्देश जारी किए थे। सरकारी खरीद केंद्रों पर कांटा, बारदाना भी भिजवाया गया। लेकिन अप्रैल में गेहूं की कटाई न होने से क्रय केंद्रों पर गेहूं नहीं पहुंचा। शाहबाद मंडी में बने सरकारी खरीद केंद्रों में गेहूं की आवक शुरू तो हुई, लेकिन गति बहुत धीमी है। तहसील के सभी केन्द्रों पर अब तक 27149 क्विंटल गेहूं की खरीद हो सकी है। वहीं, केंद्र से जुड़े लोगों की माने तो खुले बाजार में गेहूं का मूल्य 2300 से लेकर 2350 रुपए प्रति क्विंटल है। इसके चलते किसान आढ़तों पर गेहूं बेचना उचित समझ रहे हैं।

### सरकारी गेंहू क्रय केंद्रों पर नहीं पहुंच रहे किसान

**मिलक, अमृत विचार :** किसानों को गेहूं का उचित दाम न मिलने से ज्यादातर सरकारी क्रय केंद्र सूने पड़े हैं। जबकि मंडी में गेहूं के भंडार लगे हैं। एक अप्रैल से कृषि मंडी परिसर में व ग्रामीण क्षेत्र में 17-17 क्रय केंद्र स्थापित किये गए थे। पंद्रह दिन तक सभी क्रय केंद्र सूने पड़े रहे। सभी 34 क्रय केंद्रों पर गेहूं का एक दाना भी नहीं तुल सका। इसके बाद मिलक क्षेत्र में गेंहू की तौल शुरू हुई। इस बीच इक्का-दुक्का किसान मंडी परिसर में लगे क्रय केंद्रों पर गेहूं लेकर पहुंचे। सरकारी मूल्य की अपेक्षा आढ़तियों द्वारा अधिक मूल्य पर गेहूं की खरीद की जा रही है। इस कारण किसान सरकारी क्रय केंद्रों को छोड़ आढ़तियों को गेहूं बेच रहे हैं। मंडी इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष मंडी परिसर में गेहूं की का लक्ष्य करीब पांच हजार क्विंटल है। इसके सापेक्ष गुरुवार तक करीब 1900 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है।

# सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की आवक कम

**संवाददाता, टांडा**

**अमृत विचार :** क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए काफी कम किसान पहुंच रहे हैं। तहसील क्षेत्र में विभिन्न एजेंसियों के 14 क्रय केंद्र संचालित हैं। इनमें से छह केंद्र मंडी समिति परिसर में हैं। गुरुवार को मंडी समिति में केंद्र सूने नजर आए। अगर यही स्थिति रही तो लक्ष्य के अनुरूप गेहूं की खरीदारी होना मुश्किल है।

केंद्र प्रभारी भी गेहूं की खरीदारी एवं लक्ष्य के बारे में वास्तविक सूचनाएं उपलब्ध कराने से कतरा रहे हैं। तहसील क्षेत्र में एक मार्च से गेहूं विभिन्न एजेंसियों के 14 गेहूं क्रय केंद्र खोले गए। छह केंद्र मंडी समिति में हैं।

केंद्रों के संचालन को दो माह का समय पूरा होने को है। लेकिन अभी तक ढंग से खरीदारी नहीं हो सकी है। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा संचालित गेहूं क्रय केंद्र की प्रभारी सीमा गुप्ता ने बताया कि उनके विभाग के दो सेंटरों पर अब तक 1200 क्विंटल गेहूं की खरीदारी हो चुकी है।

उपभोक्ता सहकारी संघ के केंद्र प्रभारी सुधीर सक्सेना का कहना है कि तहसील क्षेत्र में अब तक 346 क्विंटल गेहूं की खरीदारी की गई है। तहसील स्तर पर गेहूं की खरीदारी के लक्ष्य के सम्बंध में किसी ने भी कुछ नहीं बताया।


टांडा में सूना पड़ा गेहूं क्रय केंद्र।



यदि सरकार द्वारा एमएसपी की व्यवस्था कर दी गयी होती तो किसानों को उनकी फसलों का वाजिब मूल्य मिल गया होता। मंडी में गेहूं का रेट अधिक होने से किसान सरकारी केंद्रों पर गेहूं ले जाने से कतरा रहे हैं।
**- साबिर अली, जिला सचिव, भाकियू**



गेहूं के समर्थन मूल्य के सापेक्ष मंडी में मूल्य अधिक होने के कारण किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं ले जाने से कतरा रहा है। यह क्षेत्र उत्तराखंड की सीमा से सटा हुआ है। वहां भी गेहूं का मूल्य बेहतर है। इसलिए सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की आवक कम है।
**- बलजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष, भाकियू टिकैत**

## नहीं बदला स्कूलों का समय आठ से दो बजे तक खुलेंगे

**रामपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में शिक्षक और बच्चे बीच में फंसकर रहे गए हैं कि कौन से समय पर स्कूल जाया जाए। शासन ने परिषदीय स्कूलों का समय साढ़े सात से एक बजे तक कर दिया है। जबकि बेसिक शिक्षाधिकारी का कहना है कि अभी स्कूलों का समय सुबह आठ से दो बजे तक ही है।

एक अप्रैल से अचानक गर्मी बढ़ने लगी है। गर्मी को देखते हुए पिछले दिनों शिक्षक नेता ने स्कूलों का समय बदलवाने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया था। बुधवार को शासन से एक आदेश जारी हुआ कि गर्मी को देखते हुए स्कूलों का समय साढ़े सात से एक बजे तक हो गया है। लेकिन बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालय में इस तरह का कोई आदेश नही पहुंचा है। इसलिए स्कूलों का समय सुबह आठ से दो बजे ही माना जा रहा है। इससे शिक्षक और बच्चे असमंजस में हैं।

# गेहूं के अवैध भंडारण पर लगाएं रोक : जिलाधिकारी

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि सभी क्रय एजेन्सियों, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक व केंद्र प्रभारियों ने बताया कि गेहूं खरीद में हैंडलिंग, परिवहन कार्य में लगे ठेकेदारों द्वारा लेबर तथा गेहूं के परिवहन के लिए गाड़ियों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं करायी जा रही है। इन व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया जाए।

कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी ने मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूं खरीद, प्रेषण के संबंध में कुल गेहूं खरीद लक्ष्य 1,57,000 मीट्रिक टन के सापेक्ष खाद्य विभाग 3279.67 मीट्रिक टन, पीसीएफ 1136.50 मीट्रिक टन, पीसीयू 440.65 मीट्रिक टन, यूपीएसएस 370.43 मीट्रिक टन, नैफेड 981.45 मीट्रिक टन, एनसीसीएफ 163.60 मीट्रिक टन, मंडी समिति 293.35 मीट्रिक टन एवं भारतीय खाद्य निगम 823.21 मीट्रिक टन सहित कुल 1016 पंजीकृत कृषकों के माध्यम से कुल 7488.86 मीट्रिक टन गेहूं खरीद की गई है।

जिलाधिकारी ने जनपद में गेहूं के अवैध संचरण को रोकने के लिए गेहूं स्टॉक लिमिट की घोषणा सम्बन्धी कमेटी को नियमित रूप से छापेमारी, निरीक्षण के निर्देश दिए। कहा कि गेहूं का अवैध भंडारण न किया जाए। गेहूं स्टॉक लिमिट की घोषणा सम्बन्धी कमेटी को निर्देशित किया गया कि वह फ्लोर मिल, बीज भंडार,आढ़ती, राइस मिलर्स पर गेहूं के भण्डारण का सत्यापन कर अवैध भंडारण पर रोक लगाएं।


नए जिलाध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# विष्णु रावत बने विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** विश्व हिन्दू महासंघ की कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया। अब विष्णु सिंह रावत को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। नए जिलाध्यक्ष का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने रामपुर की कार्यकारिणी को भंग कर दिया। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए विष्णु सिंह रावत को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। पदाधिकारियों ने प्रदेशाध्यक्ष का धन्यवाद किया।

इस मौके पर रोशनलाल, सत्यप्रकाश प्रजापति, हरिओम सैनी, हरीश प्रजापति, संतोष सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## गन्ने के कोल्हू में रखी खोई में लगी आग

**शाहबाद, अमृत विचार :** शहर के आंवला रोड स्थित पेट्रोल पंप के सामने गन्ने के कोल्हू में रखी खोई में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटे आसपास भी फैल गईं। फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

गुरुवार को शाहबाद के आंवला रोड पर गन्ने के कोल्हू पर खोई के बोंगे में अचानक आग लग गई। आग की लपटें कुछ ही मिनटों में आसपास भी उठने लगीं। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना में हजारों रुपये कीमत की खोई जलकर राख हो गई।


खोई में लगी आग बुझाता कोल्हू स्वामी।

# गेहूं की जली फसलों का मिले मुआवजा

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** चमरौआ विधानसभा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने चिंगारी से जली गेहूं की फसलों के लिए किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने जिलाधिकारी को आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसानों की स्थिति के बारे में भी जानकारी दी।

जिला पंचायत सदस्य ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि तहसील टांडा के गांव नसीमगंज हौंसपुर आदि गांवों में आग की चिंगारी से छोटे किसानों के खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल जल कर राख हो गई है। गांव नसीमगंज में सखावत हुसैन ने 10.50 बीघा, फिरासत अली ने आठ बीघा, सदाकत हुसैन ने 18 बीघा, इस्तेकार ने पांच बीघा व फहीम ने दो बीघा जमीन में गेहूं की फसल उगाई थी। सभी किसानों ने फसल को काट कर खेतों में ही ढेर लगा दिए थे। 23 अप्रैल को आग की चिंगारी से उनकी गेहूं की फसल ने आग पकड़ ली और सारी फसल जलकर राख हो गईं। इससे किसान सदमे में हैं। किसानों को चिंता सता रही है कि परिवार का पालन-पोषण कैसे करेंगे।

किसान गेहूं बेचकर तमाम खर्च करता है। ऐसे में फसल नष्ट हो जाने से उसके सामने बच्चों की शिक्षा और बच्चियों की शादी करने का संकट पैदा हो गया है। फसल के जल कर राख हो जाने से किसान आर्थिक रूप से पूरी तरह टूट चुके हैं।


जली हुई फसल देखते जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन। ● अमृत विचार

- **जिला पंचायत सदस्य ने जिलाधिकारी को आग की चिंगारी से जली गेहूं की फसलों की दी जानकारी**

# निशुल्क शिविर में मरीजों का हुआ परीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा प्रबंधक कमेटी एवं सिंह सेवक जत्था समिति के सहयोग से लगे निशुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर में 138 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाई दी गईं। श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज हॉस्पिटल बरेली के चिकित्सकों मरीजों का परीक्षण किया।

सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा हाल में गुरुवार को लगे निशुल्क परीक्षण शिविर में डा. धैर्य मलिक ले नाक, कान, गला व डॉक्टर पौष वर्मा ने त्वचा रोग एवं डॉक्टर आयुष गर्ग एवं डॉक्टर अभिषेक कैंसर रोग विशेषज्ञ ने मरीजों का परीक्षण किया। कैंसर के 25, त्वचा रोग के 55 एवं नाक कान गला के 58 मरीजों ने अपना परीक्षण कराया। श्री राम मूर्ति हॉस्पिटल से मार्केटिंग मैनेजर एहसान नदीम एवं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव कैलाश कुमार ने सहयोग दिया। प्रधान दर्शन सिंह खुराना ने कैंप के सफल आयोजन पर चिकित्सकों एव प्रबंधकों का आभार जताया।

इस मौके पर प्रबंधक कमेटी के प्रधान दर्शन सिंह खुराना, शाहिद अली खां जमाली, मीत प्रधान गुरचरण सिंह आहूजा, महेंद्र सिंह होरा, राधेश्याम अरोड़ा, रविंद्र सिंह टोनी, अमरजीत सिंह, संतोक सिंह, धनवंत सिंह, पपैंदर सिंह, हरपाल सिंह, प्रेम अरोड़ा एवं सेवादारों में राजा सिंह, परमजीत सिंह, सचिन सिंह, वीर, लाड़ी आदि मौजूद रहे।


डाक्टरों एवं शिविर में सहयोग करने वालों को सम्मानित करते गुरुद्वारा के प्रधान।

- **गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा प्रबंधक कमेटी एवं सिंह सेवक जत्था समिति के सहयोग से लगा शिविर**
- **बरेली से आए चिकित्सकों ने रोगियों को दी दवाई**

## गोवंशीय पशुओं अवशेष मिलने से आक्रोश

**मिलक, अमृत विचार :** मिलक क्षेत्र में गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने से हिन्दू संगठन के लोगों में आक्रोश पनप गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लखीमपुर विष्णु के ग्रामीण गुरुवार की सुबह जंगलों की तरफ निकले। तब उन्हें सड़क किनारे एक खेत में गोवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े दिखाई दिए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना हिन्दू संगठन के लोगों को दी। मौके पर पहुंचे हिन्दू संगठन के लोगों ने हंगामा करते हुए दोषियों को शीघ्र पकड़ने की मांग की।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोवंशीय पशुओं के अवशेष को जमीन में दबा दिया। पुलिस ने ग्रामीणों से घटना की जानकारी करनी का प्रयास किया मगर आरोपियों का सुराग नहीं लग सका। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुट गयी है।


बाजपुर के मुंडिया में हजरत की दरगाह। ● अमृत विचार

# सूखा शाह मियां के सालाना उर्स की तैयारियां जोरों पर

**संवाददाता, मसवासी**

**अमृत विचार:** हजरत दादा मियां व हजरत सूखा शाह मियां का 73वां उर्स ए मुबारक एक मई से शुरू होगा। नगर पालिका परिषद बाजपुर के अंतर्गत ईदगाह मुंडिया पिस्तौर के पास स्थित दरगाह पर उर्स की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

दरगाह के सेवादार मुजफ्फर अली ने बताया कि उर्स की शुरूआत एक मई बुधवार को सुबह सात बजे कुरानख्वानी के साथ होगी। उर्स मुबारक के दूसरे दिन दो मई की रात नौ बजे जलसा होगा। तीन मई की रात नौ बजे से महफिल ए कव्वाली होगी। मुजम्मिल कव्वाल एंड पार्टी मुरादाबाद से आएंगे। चौथे दिन चार मई को रात नौ बजे से एक महफिल ए समां होगा। इसमें जुल्फिकार कव्वाल एंड पार्टी रामपुर से तशरीफ ला रहे हैं। उर्स का समापन पांच मई को सुबह 10 बजे कुल शरीफ के साथ हो जाएगा। सालाना उर्स के दौरान मजार शरीफ के आसपास मेला भी लगेगा।



## एक नजर

### किसानों से जुड़े 27 मामलों में दो मई को होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** जबरन किसानों की जमीन कब्जाने के मामले में गुरुवार को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में दो मई को सुनवाई होगी। सपा नेता आजम खां ने जौहर विवि को बनवाते समय आलियागंज के किसानों की जमीन को अपने विवि में मिला लिया था। सूबे में आई भाजपा सरकार ने आजम खां की घेराबंदी कर दी थी। इस दौरान जबरन जमीन कब्जाने के मामले में किसानों ने आजम खां सहित काफी लोगों पर 27 मुकदमें दर्ज कराए थे। पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएल मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। गुरुवार को इस मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में दो मई को सुनवाई होना है।

### धड़ल्ले से दौड़ रहे ओवरलोड वाहन

**रामपुर, अमृत विचार :** ओवरलोड वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। पुलिस इन पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। शिकायतों के आधार पर जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। इसके बाद भी ओवरलोड वाहनों के चालक नहीं सुधर रहे हैं। रात आठ बजे के बाद से सड़कों पर वाहन दौड़ने लगते हैं।

# नवीन मंडी समिति में कभी भी हो सकता है भीषण अग्निकांड

## 11 हजार केवीए की लाइन से निकलती रहती हैं चिंगारियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** किसानों की फसलों में आग लगने का सिलसिला लगातार जारी है। विद्युत विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते किसानों के साथ आढ़तियों को भी लाखों रुपयों का नुकसान हो सकता है। लेकिन इस ओर अधिकारियों का ध्यान ही नहीं है। ऐसे में मंडी में आढ़तियों को जन हानि का डर सता रहा है। इसके बावजूद विभाग ने कोई इंतजाम नहीं किया है।

डूंगरपुर बिजलीघर से नवीन मंडी की ओर 11 हजार केवीए की लाइन जा रही है। तेज हवा चलने के कारण बिजली के तार आपस में न टकराएं इसके लिए ऊंचा करके कसवाया जाता है। लेकिन अधिकारियों ने इन तारों को ऊंचा कराने की सुध नहीं ली है। बुधवार की सुबह दस बजे नवीन मंडी की छत से गुजर रही एचटी लाइन के तार आपस में टकराए तो काफी देर तक चिंगारी निकलती रही। इससे आढ़तियों में खलबली मच गई। फल-सब्जी एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद आमिर खां ने बताया कि 11 हजार केवीए की लाइन के तारों को सही करने के लिए कई बार डूंगरपुर सब स्टेशन के अधिकारियों, कर्मचारियों को बताया जा चुका है। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। तारों में रोजाना चिंगारियां उठती हैं। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा या भीषण अग्निकांड हो सकता है।



नवीन मंडी में तारों से निकलतीं चिंगारी।

> तारों की समय-समय पर मेंटीनेंस कराई जाती है। तेज हवा चलने की स्थिति को देखते हुए लगातार कार्य कराए जा रहे हैं। नवीन मंडी में जर्जर तारों को सही कराया जाएगा।
>
> –प्रद्युम्न सिंह, एसडीओ द्वितीय

### करोड़ों रुपये खर्च के बाद भी समस्या जस की तस

बिजली विभाग की ओर से जर्जर तार, पुराने खंभों को सही करने के लिए 98 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके बाद भी समस्या जस की तस है। बिजली विभाग की ओर से पुराने खंभों को हटवाकर नए लगवाए जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार जर्जर तारों को बदलवाने का कार्य कराया जा रहा है जो क्षेत्र शेष हैं उन सभी में कार्य कराया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

> नवीन मंडी में 11 हजार केवीए लाइन के तारों को सही कराने के लिए जिलाधिकारी से मिलेंगे। इसके लिए कई बार निगम के अधिकारियों से मिला जा चुका है। तारों में निकलने वाली चिंगारी से आढ़तियों को लाखों रुपये का नुकसान हो सकता है।
>
> –तनवीर उर्फ गुड्डू, एसोसिएशन अध्यक्ष

## जीएसटी के नाम पर ठगे साढ़े दस लाख रुपये

**रामपुर, अमृत विचार :** मेंथा कारोबारी से जय दुर्गे ट्रेडर्स मैसर्स के मालिक ने जीएसटी जमा करने के नाम पर साढ़े दस लाख रुपये की ठगी कर ली। जीएसटी जमा नहीं करने पर उसने कोतवाली थाने में तहरीर दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हो सकी। तब पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव हजरतपुर निवासी मेहंदी हसन की मैसर्स हसन ट्रेडर्स के नाम से एक पार्टनरशिप फर्म है। उसका कहना है कि उरई निवासी राजेश कुमार प्रोपराइटर मैसर्स जय दुर्गे ट्रेडर्स से पुराने संबंध हैं। 20 नवंबर 2018 को 99,39,888 रुपये में उनसे 1080 किलोग्राम तेल खरीदा था। आरोपी ने दो बार में जीएसटी के नाम पर 5,32,494 और 5,32,494 रुपये लिए थे। आरोपी ने धोखाधड़ी करके मेहंदी हसन के उन रुपयों को जमा नहीं किया। पीड़ित को उप आयुक्त वाणिज्यिक कर विभाग सेक्टर तीन रामपुर के द्वारा नवंबर 2021 में जीएसटी वसूली का नोटिस मिला। पीड़ित ने आरोपी को बताया तो वह जीएसटी जमा करने का आश्वासन देता रहा, लेकिन जीएसटी जमा नहीं की।


# स्टेडियम न होने से दम तोड़ रहीं प्रतिभाएं

- गली-मोहल्लों में क्रिकेट और फुटबाल खेलने को मजबूर है युवा वर्ग

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में खेल का मैदान नहीं होने के कारण युवाओं की प्रतिभा दम तोड़ रही है। खेल के मैदान के लिए युवाओं ने कई बार जनप्रतिनिधियों से मांग की लेकिन समस्या जस की तस है। युवा वर्ग गली-कूचों में क्रिकेट व फुटबाल खेलने को मजबूर है।

सपा शासनकाल में स्वार-टांडा तहसीलों में स्टेडियम बनाने की घोषणा की गई थी। तहसील टांडा में स्टेडियम का निर्माण हो गया, लेकिन स्वार तहसील के खिलाड़ी आज भी स्टेडियम की बाट देख रहे हैं। खेल का मैदान या स्टेडियम नहीं होने के कारण प्रतिभाएं पिछड़ रही हैं। खिलाड़ी भी खाली खेतों में जाकर क्रिकेट, फुटबाल, बैडमिंटन, वालीबाल खेल रहे हैं। नगर में खेल का मैदान नहीं होने से युवा वर्ग निराश है। युवाओं की प्रतिभाएं लुप्त होती जा रही हैं। खिलाड़ियों की मांग है कि नगर में एक स्टेडियम का निर्माण कराया जाए। जिससे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखार सकें।



पुरानी तहसील की खाली जमीन पर वॉलीबाल खेलते युवा। ● अमृत विचार



> बच्चों में खेल के लिए प्रतिभा है। लेकिन मैदान और अन्य सुविधाएं न मिलने से वह अपनी प्रतिभा दिखाने से वंचित हैं। जन प्रतिनिधियों को चाहिए कि तहसील क्षेत्र में स्टेडियम का निर्माण कराएं।
>
> – मोहम्मद आरिफ अल्वी, एडवोकेट



> स्टेडियम का निर्माण कराने के लिए युवा द्वारा मांग की जाती रही है। लेकिन उन्हें मायूसी ही मिली। प्रदेश सरकार को युवाओं के लिए स्टेडियम का निर्माण कराना चाहिए।
>
> – अनवर अली, नगराध्यक्ष, व्यापार मंडल



> नगर के युवाओं को सपा शासनकाल में स्टेडियम की आस जागी थी। लेकिन घोषणा के बाद भी स्टेडियम का निर्माण नहीं हो पाया। खेल प्रतिभाओं को एक स्टेडियम की दरकार है।
>
> – शेख नदीम अहमद, एडवोकेट



> स्टेडियम नहीं होने के कराण युवा वर्ग अन्य जनपदों में खेलने व कोचिंग लेने के लिए मजबूर हैं। अगर सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो तहसील क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा लुप्त हो जाएगी।
>
> – नवाब दूल्हा खां

# बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलने के लिए किया प्रेरित

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** गुरुवार को नगर में बाबा साहब डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर बैंड बाजे व डीजे के साथ शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई।

शोभायात्रा का आरंभ डॉ. अनीक बेग के चौराहे पर चेयरमैन फैजान खान ने फीता काटकर किया। यात्रा में चंद्रेशखर आजाद, सरदार भगत सिंह, भगवान गौतम बुद्ध आदि की झांकियां शामिल रहीं। संविधान हाथ में लिए रथ पर बैठे बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। शोभायात्रा मोहल्ला जाटवान, वाल्मीकि बस्ती, जयाप्रदा चौक, जोशियान मोहल्ला, शाहबाद-बिलारी रोड, छितौनी रोड आदि से होकर बस स्टैंड स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर संपन्न हुई।

शोभा यात्रा के बाद गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके सिद्धांतों पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा।

शोभायात्रा में आंबेडकर युवक संघ के शाखा संरक्षक राधेश्याम राही, अध्यक्ष देवराज आजाद, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, महामंत्री रामाधार सिंह सागर, प्रेमपाल सिंह, रामऔतार फाइन, सुरेश सागर, अंकित भारती, विनोद सागर, जीतू सागर, वीरेश भारती, अजीत सागर आदि शामिल रहे।

# 129 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहे मनदीप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा के निर्गत परिणाम में जनपद के 130 बच्चों की श्रेष्ठता सूची जारी की गई है। इसमें मिलक ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय खाता चिंतामन के छात्र मनदीप कुमार ने 129 अंकों के साथ प्रथम और उच्च प्राथमिक विद्यालय निस्बी के लवीश ने 126 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

परीक्षा नियामक प्राधिकारी द्वारा प्रतिवर्ष परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा कराई जाती है। श्रेष्ठता सूची में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को कक्षा 12 तक शिक्षा जारी रखने के लिए प्रतिमाह एक हजार रुपए छात्रवृत्ति दी जाती है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं को सामान्य अभिरुचि एवं शैक्षिक अभिरुचि के दो प्रश्नपत्र हल करने के बाद प्राप्त अंकों के आधार पर श्रेष्ठता सूची तैयार की जाती है। इस बार भी 130 बच्चों की श्रेष्ठता सूची जारी की गई है। इसमें मिलक ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय खाता चिंतामन के छात्र मनदीप कुमार ने 129 अंकों के साथ प्रथम और उच्च प्राथमिक विद्यालय निस्बी के लवीश ने 126 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्का गंगवार ने तृतीय, फैसल हुसैन ने चतुर्थ, विकास ने पांचवां, तूबा रईस ने छठा, आदिल ने सातवां, शिखा ने आठवां, निस्बी के भविष्य माहेश्वरी ने नौंवा तथा सूरज नाथ एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर चमरौआ के हर्षराज गौतम ने दसवां स्थान प्राप्त किया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय निस्बी के रवि कुमार एवं दामिनी ने गत वर्ष भी टॉप टेन में अपना स्थान दर्ज कराया था। 130 में से 50 बच्चे विकास खंड मिलक से उत्तीर्ण हुए हैं।

### चमरौआ के हर्षराज गौतम को मिला दसवां स्थान

विकास खंड चमरौआ के छात्र ने भी प्रथम दस स्थानों में अपनी जगह बनाई है। उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर की शिक्षिका रविन्द्र कौर ने अपनी मेहनत और लगन से छात्र हर्षराज गौतम को दसवें स्थान पर पहुंचाया। शिक्षिका का कहना है कि इस वर्ष की परीक्षा में वह और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए मेहनत कर प्रथम दस स्थान में निश्चित रूप से विद्यालय के काम से कम पांच छात्रों को सफलता दिलाएंगी।




मनदीप व हर्षराज गौतम।

### राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में फिरदौस को मिली 22वीं रैंक

**भोट, अमृत विचार :** क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय के एकल शिक्षक प्रेम सिंह ने बताया कि उनके विद्यालय में तैनात शिक्षामित्र खलील अहमद की पुत्री उनके ही विद्यालय में कक्षा आठ में पढ़ती है। नवंबर में छात्रा ने शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में भाग लिया था। गुरुवार को जारी परीक्षा परिणाम में छात्रा ने जिले में 22वी रैंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा को बारहवीं की परीक्षा की पढ़ाई करने तक बारह हजार रुपये प्रतिवर्ष की छात्रवृत्ति दी जाएगी। छात्रा की सफलता पर शिक्षकों ने उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



# चुनाव में फर्जी शिक्षिका की ड्यूटी लगाने पर हेड मास्टर निलंबित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में फर्जी शिक्षिका को मतदान अधिकारी बनाने पर स्कूल के हेड मास्टर को निलंबित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने रविवार को जिलाधिकारी से इसकी शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि लोकसभा चुनाव में फर्जी शिक्षिका को मतदान अधिकारी बनाया गया है। इस षड्यंत्र में कई लोग शामिल हैं।

शहर के मोहल्ला ऊंची चौपाल स्थित जवाहरलाल जूनियर हाई स्कूल में पिछले दिनों ज्ञानेश्वरी नामक महिला फर्जी शिक्षिका के रूप में चिन्हित हुई थी। फर्जीवाड़े का खुलासा मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल की अध्यक्षता में गठित अपर जिलाधिकारी प्रशासन और डिप्टी कलेक्टर की कमेटी ने किया था। फर्जी शिक्षिका के विरुद्ध सिविल लाइंस में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि फर्जी महिला का नाम मतदान कार्मिकों के डाटा में सम्मिलित करने के आरोप में प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया है।

# महंगाई व बेरोजगारी के मुद्दे पर हुआ मतदान

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने क्षेत्र के विकास के मुद्दे से हटकर मतदान किया है। बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर मतदान कर मतदाताओं ने प्रत्याशियों को असमंजस की स्थिति में डाल दिया है।

प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। चुनाव में जनपद के तमाम ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं ने क्षेत्र की समस्याएं और विकास के मुद्दे से हटकर मतदान कर प्रमुख दलों के प्रत्याशियों को चौका दिया है। महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मतदाताओं ने मतदान कर चौकाने के संकेत दिए हैं। मतदाताओं का कहना है कि पांच वर्ष में बेरोजगारी का स्तर काफी बढ़ गया है। महंगाई भी बढ़ती गई है। इसे लेकर मतदान किया है। ग्रामीण क्षेत्र में मतदाताओं ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। तमाम बूथों पर मतदान का प्रतिशत 70 तक पहुंच गया है। काश्तकारी में व्यस्तता के बावजूद मजदूर और किसानों ने मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। महंगाई और बेरोजगारी पर क्षेत्रीय लोग स्थानीय मुद्दों को भूल गए। कुछ ने मौजूदा सरकार की नीतियों पर भरोसा किया तो कुछ मतदाताओं ने उन्हें नकार दिया।



> पहले चरण के मतदान में ग्रामीण क्षेत्र की जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। इस बार परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं। महंगाई और रोजगार के मुद्दे पर वोट दिया है।
>
> – विश्वास अली



> मतदाताओं ने बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई को मुद्दा बनाकर मतदान किया है। बेरोजगारी दूर करने और महंगाई कम करने के लिए मतदान किया है। परिणाम चौंकाने वाले होंगे।
>
> – अहमद जान



> ग्रामीण मतदाताओं ने अपने सारे कामकाज छोड़कर मतदान में भाग लिया है। मतदाताओं ने क्षेत्र की उपेक्षित समस्याओं और महंगाई को लेकर मतदान किया है।
>
> – मोहम्मद हनीफ



> प्रथम चरण के मतदान में मतदाताओं ने किसी जातिवाद पर मतदान नहीं किया है। भ्रष्टाचार महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर फोकस करते हुए मतदान किया गया है।
>
> – तसवीर अहमद

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** डालचंद शर्मा इंटर कॉलेज के छात्र ऋतिक ने जनपद की टॉप टेन की सूची में नवां स्थान प्राप्त किया। इस पर एसडीएम सुनील कुमार प्रथम व सीओ अतुल कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से मेधावी छात्र को सम्मानित किया। इसी के साथ कॉलेज के अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

एसडीएम ने कहा कि कड़ी मेहनत एवं लगन से किया गया कोई भी कार्य व्यर्थ नहीं जाता। ऋतिक ने बोर्ड परीक्षा में जिले की टॉप टेन सूची में नाम शामिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि एसडीएम व सीओ ने मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया। कहा कि सभी छात्रों को इसी तरह कड़ी मेहनत एवं लगन से पढ़ाई कर आगे बढ़ना चाहिए। इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान ऋतिक, दूसरा पिंकी एवं तीसरे स्थान के लिए अनम को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में प्रथम प्रिय यादव, दूसरा अंकुश एवं तीसरे स्थान के लिए अमित को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कृष्णपाल सिंह चौहान, दिनेश चन्द शर्मा, अमित शर्मा, जगपाल सिंह, जहीन मियां, धर्मेन्द्र सक्सेना, नाजिम अली, विष्णु कुमार, मलखान सिंह, धीरेन्द्र मौर्य, पूजा ठाकुर, पुष्पा, मुस्कान, साफिया आदि रहे।



मेधावियों को शील्ड देकर सम्मानित करते एसडीएम व सीओ। ● अमृत विचार

- एसडीएम व सीओ ने मेधावियों को दिए शील्ड

**अनदेखी** शासन ने 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा वाहन चलाने पर परिजनों के खिलाफ कार्रवाई के दिए थे निर्देश

# जनपद की सड़कों पर बेरोक-टोक वाहन दौड़ा रहे नाबालिग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर में नाबालिग सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं। सुबह से लेकर शाम तक बिना हेलमेट स्कूटी पर तीन सवारी बैठाकर घूमते हैं। जबकि शासन का स्पष्ट आदेश है कि 18 साल से कम आयु के बच्चे यदि वाहन चलाते मिले तो वाहन स्वामी या उनके अभिभावक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लेकिन यह आदेश भी हवा-हवाई साबित हो रहा है। तमाम किशोर नियमों को ताक पर रखकर दोपहिया वाहनों पर फर्राटा भर रहे हैं। पुलिस चौराहे पर बैठकर तमाशा देखती है।

18 वर्ष से कम उम्र के किशोर और किशोरियां अपने पिता की स्कूटी या बाइक लेकर निकल जाती हैं। इसके चलते कई बार हादसे हो जाते हैं। ऐसे हादसों में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इसी को देखते हुए शासन ने कुछ माह पहले 18 साल से कम उम्र के लोगों पर बाइक और स्कूटी चलाने पर पाबंदी लगा दी थी। वाहन स्वामी के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए थे। इसके बाद भी नियमों को ताक पर रखकर 18 वर्ष से कम उम्र के किशोर और किशोरियां स्कूटी या बाइक पर बैठकर बिना हेलमेट के सड़कों पर घूम रही हैं।



राहे मुर्तजा पर बिना हेलमेट लगाए स्कूटी लेकर जाती किशोरी। ● अमृत विचार

### पुलिसकर्मी और होमगार्ड चलाते हैं मोबाइल

घटनाओं पर रोक लगाने के लिए हर मुख्य चौराहे पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। ताकि बिना हेलमेट लगाए दोपहिया वाहन चलाने वालों कानूनी पाठ पढ़ाया जा सके। लेकिन चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मी चालान काटने की छांव में कुर्सी डालकर आराम से मोबाइल चलाते हैं। इतना ही नहीं ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड भी मोबाइल चलाने में व्यस्त रहते हैं।

### माता-पिता को बाजार में घुमाते हैं बच्चे

शासन वाहन स्वामियों के खिलाफ शिकंजा कसने की बात कह रहा है। जबकि 18 वर्ष से कम उम्र के किशोर और किशोरियां शाम को अपने माता-पिता को बाजार की सैर कराते हैं। शाम छह बजे से रात दस बजे तक सड़कों पर किशोर और किशोरियां ही दोपहिया वाहन चलाते नजर आते हैं। चौराहों पर बैठी पुलिस इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती है।

> दो व चार पहिया वाहन चला रहे 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के चालान किए जा रहे हैं। इसके अलावा बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी अभियान चलाया जा रहा है।
>
> –विजेंद्र सिंह, टीआई

# ग्राम प्रधान नहीं देता सफाई पर ध्यान, गांव में लगे गंदगी के ढेर

- सफाई नहीं होने से सता रहा संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा
- नालियों में भी भरा रहता है कूड़ा-कचरा, लोगों में रोष

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** सुस्त कार्यप्रणाली के चलते गांव में जगह-जगह गंदगी और कूड़े कचरे के ढेर लगे हैं। ग्रामीणों को संक्रामक बीमारी फैलने का भय सता रहा है। ग्राम प्रधान सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दे रहा है। इसके कारण लोग परेशान हैं।

सरकार की ओर से सफाई को लेकर समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं। सरकार ने देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। मगर क्षेत्र के सीतारामपुर गांव में ग्राम प्रधान ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ अभियान को हवा में उड़ा दिया है। इसी के चलते गांव में जगह-जगह कूड़ा-कचरा और गंदगी के ढेर लगे हैं। ग्राम प्रधान द्वारा गांव में कभी सफाई अभियान नहीं चलाया जाता। लोगों के घरों के आगे सड़कों पर और नालियों में कूड़ा भरा रहता है। इससे लोग परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सफाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत की। मगर इसके बावजूद प्रधान इस पर ध्यान नहीं दे रहा है।

गांव में गंदगी और कूड़ा-कचरा फैला होने के कारण लोगों को संक्रामक रोग फैलने का भय सता रहा है। नालियों में गंदगी भरी रहती है। इनमें मच्छर पनप रहे हैं। गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो रह गई है। इससे लोगों में ग्राम प्रधान के प्रति रोष पनप रहा है।



## एक नजर



गरीब परिवार की बच्ची को पुस्तकें, स्टेशनरी देते कायस्थ महासभा के पदाधिकारी।

### गरीब परिवार के बच्चों को बांटीं पुस्तकें व स्टेशनरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों ने एक श्रीवास्तव परिवार के दो बच्चे जो नेहरू जूनियर हाई स्कूल लाइनपार में कक्षा-3 व 5 में पढ़ते हैं उनके लिए पूरा कोर्स जिसमें किताब कॉपी पेंसिल आदि दिलाकर परिवार की मदद की। इसमें अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट, नीतू सक्सेना, अनिल सक्सेना, केवी सक्सेना, अजय सक्सेना, आशू खरे ,प्रदीप सिन्हा आदि ने सहयोग किया।

### लोकसभा चुनाव के चलते कई जगह काम ठप होने से प्रगति पर पड़ा असर, 38 में से 31 परियोजनाएं अब तक हो चुकी हैं पूरी

# लंबित परियोजनाओं को जून तक पूरा करने को दिखानी होगी तेजी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मुरादाबाद स्मार्ट सिटी की महत्वपूर्ण परियोजनाओं के पूरा होने की अभी राह देखी जा रही है। तीन बार इसकी डेडलाइन बढ़ने पर भी अभी सात परियोजनाएं अधर में हैं। हालांकि 31 परियोजनाओं का काम पूरा हो चुका है। जो परियोजनाएं अभी अधर में हैं उनकी लागत 369 करोड़ रुपये से अधिक है। इसमें 121.76 करोड़ रुपये की स्मार्ट रोड नेटवर्क परियोजना भी शामिल है।



रामगंगा विहार में स्मार्ट सिटी के तहत चल रहा सड़क का निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

महानगर में स्मार्ट सिटी मिशन लिमिटेड के महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के माध्यम से विकास कार्यों को तेजी से कराया जा रहा है। इसके माध्यम से कई बड़ी परियोजनाओं का काम पहली बार हुआ। पुराने बाजारों का जीर्णोद्धार, जलापूर्ति, स्मार्ट रोड नेटवर्क, वायु गुणवत्ता मापक स्टेशन, रोजगार के लिए कॅरियर मित्र इन ब्रास इंडस्ट्री एट पीलीकोठी, ई बाइक शेयरिंग, एनीमल कारकस प्लांट, महानगर के आठ पार्कों का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार, बेसिक शिक्षा परिषद के नगर क्षेत्र के 48 जर्जर स्कूलों का आपरेशन कायाकल्प के तहत जीर्णोद्धार, सोलर हाईमास्ट लाइट एट जंक्शन एंड पब्लिक प्लेसेज आदि शामिल हैं। इन कार्यों के पूरा होने से महानगर में विकास को नया आयाम मिला है। हालांकि कार्यों की सुस्त गति के चलते तीन बार परियोजनाओं के पूरा होने की डेडलाइन बढ़ाई जा चुकी है। अब जून के अंत तक सभी परियोजनाओं को पूरा करने की चुनौती है। 38 में से 31 परियोजनाएं तो पूरी हो चुकी हैं लेकिन, अभी भी 7 परियोजनाओं का कार्य लंबित है। इसको लेकर बुधवार को स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में सीईओ दिव्यांशु पटेल ने कड़ी नाराजगी जताई थी।

उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं से रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड मार्केट एरिया, कामन ब्रास फैसिलिटी सेंटर, रिहैबिलिटेशन आफ स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम आदि महत्वपूर्ण परियोजनाओं का काम जल्द पूरा करने का निर्देश दिया था।

> स्मार्ट सिटी मिशन की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। 38 में से 31 पूरी हो चुकी हैं। शेष को हर हाल में जून तक पूरा कराया जाएगा। इसमें भी अधिकांश को 15 मई तक ही पूरा कराने पर जोर दिया जा रहा है।
>
> –एके मिश्र, नोडल, स्मार्ट सिटी मिशन लिमिटेड

**यह परियोजनाएं हैं अभी लंबित**

| परियोजना का नाम | कार्यदायी संस्था | लागत (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|
| स्मार्ट रोड नेटवर्क | उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड | 121.76 |
| रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड एरिया | उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड | 69.04 |
| वेंडिंग जोन एट बुध बाजार, गुरहट्टी कचहरी और डिप्टीगंज | उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड | 2.75 |
| सीएसआईआर-एप्रूव्ड फरनेस टू ब्रास इंडस्ट्रीज इम्प्रूव्ड हेल्थ आफ आर्टिजन्स एंड इकोनामिक बेनिफिट फेज-2 | सीएंडडीएस, जल निगम उत्तर प्रदेश | 24.10 |
| स्टार्म वाटर ड्रेनेज वर्क | सीएंडडीएस, जल निगम उत्तर प्रदेश | 49.91 |
| सिटी ब्रॉडिंग लोगोज एट फोर एंट्री प्वाइंट्स | मेसर्स टेक्वलेज टेक्नोलाजिकल सिस्टम प्रा. लिमिटेड | 25.55 |
| नेटवर्क स्ट्रेथनिंग कैपेसिटी इनहेंसमेंट उत्तर प्रदेश पॉवर वितरण निगम लिमिटेड | स्मार्ट मीटरिंग टू स्ट्रेथनेन इलेक्ट्रिक सप्लाई | 89.04 |

### 24 मोहल्लों में 3 घंटे तक बाधित रहेगी आपूर्ति

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** स्मार्ट सिटी परियोजना में कार्य कर रही कार्यदायी संस्था ने विद्युत वितरण खंड के पांच उपकेंद्रों दौलत बाग, पीटीसी, पीली कोठी, रामगंगा विहार व विवेकानंद पर कार्य करने के लिए शटडाउन प्लान दिया है।

इन उपकेंद्रों से जुड़े 24 मोहल्लों की बिजली सप्लाई एक से तीन घंटे तक बाधित रहेगी।कहीं सुबह नौ से तो कहीं दोपहर एक से दो बजे 10 हजार लोगों बिजली कटौती को संकट झेलना पड़ेगा। अधिशासी अभियंता वितरण खंड द्वितीय ने बताया कि उपकेंद्र टाउन हॉल से जुड़े जीएमडी रोड, कोतवाली चौराहा, ताड़ीखाना चौराहा, टाउन हॉल चौराहा व दौलत बाग उपकेंद्र से जुड़े चक्कर की मिलक, देव विहार, जैन चौक सिविल लाइंस, वहीं पीटीसी बिजलीघर से जुड़े सिविल लाइंस पीली कोठी, आंबेडकर पार्क पर दोपहर 1:00 बजे से 3 घंटे के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# धार्मिक परंपरा मान प्रवाहित कर रहे पूजन सामग्री

### आस्था रखने वाले ही प्रदूषित कर रहे रामगंगा नदी, जीवनदायिनी नदियों की साफ-सफाई को जागरूकता का अभाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिला गंगा सेवा समिति के पदाधिकारी भी नहीं कर पा रामगंगा को प्रदूषण मुक्त
- लालबाग से नवाबपुरा की 500 मीटर की दूरी में रामगंगा में गिर रहे शहर के पांच गंदे नाले

**अमृत विचारः** रामगंगा नदी को प्रदूषित करने वाले लोग जागरूक नहीं हो रहे है। आस्था रखने वाले लोग ही रामगंगा को प्रदूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। लाल बाग स्थित प्राचीन काली माता के मंदिर के अलावा कई मंदिर रामगंगा तट के किनारे स्थित हैं। भगवान के दर्शन कर पुण्य प्राप्त करने के लिए आने वाले लोग ही नदी में पूजन सामग्री डालने से बाज नहीं आ रहे। जिला गंगा सेवा समिति के पदाधिकारी भी रामगंगा में गाय-भैंसों को जाने से नहीं रोक पाए। हालांकि परिवर्तन दी चेंज संस्था वर्षों से प्रत्येक रविवार को तीन घंटे सफाई अभियान चला रहा है। लोगों का मानना है कि रामगंगा में सामान्य तौर जल प्रवाह का स्तर कम होने से भी रामगंगा प्रदूषित हो रही है।



लालबाग में रामगंगा नदी में गिर रहा शहर का गंदा नाला। ● अमृत विचार

मुरादाबाद में रामगंगा के किनारे स्थापित प्राचीन काली मंदिर से लाल बाग रामगंगा तट का महत्व अधिक है। यहां साल में दो बार नवरात्रों के बड़े मेले का भी आयोजन होता है। यहां मेले में समाज के हर वर्ग से बडे पैमाने पर लोग आते है। लेकिन, रामगंगा के प्रति लोगों में जागरूकता न होने के कारण लोग हर चीज रामगंगा में फेंकने से पहले जरा भी नहीं सोंचते। यहां तक पूजन सामग्री को गंगा में प्रवाहित करना लोगों ने धार्मिक परंपरा बना लिया है।

नौ दिन लगने वाले मेले में हजारों कुंतल पॉलीथिन और न गलने वाली सामग्री रामगंगा प्रवाहित की जाती है।समान्य दिनों में भी लोग मंदिर आते वक्त घरों से प्लास्टिक का सामान पॉलीथिन में रखकर रामगंगा में प्रवाहित कर जाते हैं। रामगंगा में लोगों की गहरी आस्था ही रामगंगा के प्रदूषित होने का कारण बनकर उभर रही है।

काली माता मंदिर के पुजारी सज्जनगिरी द्वारा भी कई साल से मंदिर के दर्शन करने आए भक्तों को रामगंगा में किसी प्रकार की सामग्री न डालने के लिए हर बार नवरात्रि माइक से संदेश देते हैं। वहां रहने वाले स्थानीय लोग भी रामगंगा के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। रामगंगा किनारे के लोगों ने मकान का मलबा भी डालना शुरू कर दिया है। इस ओर से नगर निगम सब कुछ देखने के बाद भी अनजान बना है। वहीं जिला गंगा सेवा समिति में शामिल जिलाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भी रामगंगा को प्रदूषण मुक्त कराने लिए मासिक बैठक तक ही सीमित होकर रह गए हैं। बाढ़ खंड के अधिकारियों के अनुसार रामगंगा नदी का आम दिनों में जलस्तर कम हो जाता है। रामगंगा नदी में धामपुर तहसील में स्थित खो बैराज और हरेवली बैराज से नहरों की सिंचाई के लिए मात्र 200 से 250 क्यूसेक पानी ही छोड़ा जाता है। जो कि मुरादाबाद तक आते-आते खुद नालों की शक्ल में रह जाता है। बैराज से पानी अधिक मात्रा छोड़ा जाए तो रामगंगा नदी की धार कूड़ा कचरा व अन्य सामग्री को बहाकर ले जाएगी।



> महानगर के अन्य मोहल्लों से आने वाले लोगों द्वारा रामगंगा में फेंकी जाने वाली सामग्री पर रोक लगनी चाहिए। विरोध करने पर लोग वर्षों की परंपरा बताकर झगड़ा करना शुरू कर देते हैं। ऐसे में जिलाधिकारी के माध्यम से पुलिस की ड्यूटी लगाई जाए तो कुछ हद तक इस पर रोक लग सकती है। लोगों ने रामगंगा में सामग्री डालने को एक धार्मिक परंपरा से जोड़ रखा है।
>
> –रवि प्रजापति, लाल बाग



> 2017 से रामगंगा नदी को प्रदूषण मुक्त कराने के निरंतर प्रयास कर रहा हूं। तभी से ही हर रविवार सुबह तीन घंटे सफाई अभियान चलने पर लोगों की यह भीड़ लग जाती थी। अब कुछ सहयोग करने लगे हैं। रामगंगा तट के किनारे बसी बड़ी आबादी का गंदे पानी के साथ प्लास्टिक का सामान भी गंगा में आता था। जिस पर लोगों ने बात मान कर नगर निगम के द्वारा लगाए गए जाल का भी स्वागत किया। लोग धीरे-धीरे जागरूक हो रहे हैं।
>
> –कपिल सिंह, अध्यक्ष, परिवर्तन दी चेंज संस्था



स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्यों की कार्यालय में समीक्षा करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

# दो एक्सईएन समेत तीन को फटकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मंडलायुक्त ने स्मार्ट सिटी के कार्यों में शिथिलता पर एक्सईएन विद्युत व जल निगम से जताई नाराजगी

**अमृत विचारः** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को मुरादाबाद स्मार्ट सिटी के कार्यों की समीक्षा बैठक उनके कार्यालय सभागार में हुई। उन्होंने कार्यों में शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए अधिशासी अभियंता विद्युत, अधीक्षण अभियंता जल निगम शहरी और अधिशासी अभियंता ग्रामीण को कड़ी फटकार लगाई।

मंडलायुक्त ने महानगर में स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत कराए जा रहे कार्यों की धीमी गति पर सुधाकर सिंह अधिशासी अभियंता विद्युत, महिपाल सिंह अधीक्षण अभियंता जल निगम शहरी तथा फहराईन अहमद अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण पर नाराजगी जताते हुए कड़ी फटकार लगाई और निर्धारित समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने अपर नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी मिशन के एसीईओ अतुल कुमार को तय समय-सीमा में कार्य न करने वाली कार्यदायी संस्थाओं व विभागों पर पेनाल्टी लगाने और कांठ रोड पर रिफ्लेक्टर व इंडीकेटर लगवाने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को सिटी ब्रांडिंग के प्रतीक चिह्न लगवाने, महानगर के सभी पार्कों (नगर निगम, विकास प्राधिकरण) को चिह्नित कर संबंधित विभाग से उसका जीर्णोद्धार कराने के लिए कहा। बैठक में सुधाकर सिंह अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग, महिपाल सिंह अधीक्षण अभियंता जल निगम शहरी, मोहित कुमार अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




संवेदना द किड्स कॉटेज में आयोजित योग सत्र में मौजूद योग विशेषज्ञ व अन्य। ● अमृत विचार

# मानसिक तनाव दूर करने के दिए टिप्स

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** संवेदना द किड्स कॉटेज में गुरुवार को योग सत्र का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा 4 से 6 तक के बच्चे व उनके अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ गौरव त्यागी, उनकी टीम व विद्यालय की निर्देशिका कैप्टन डॉ. मीनू मेहरोत्रा मौजूद रहीं। सत्र के अंतर्गत योग विशेषज्ञों ने बच्चों के मानसिक तनाव को दूर करने के लिए अनेक प्रकार के योग बताएं। उन्होंने बताया कि योग किस प्रकार शिक्षण में शिक्षार्थियों के लिए लाभदायक हो सकता है। कैसे अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी के प्रश्नों का समाधान भी किया। गौरव त्यागी ने बताया कि हमारे शिक्षक में योग के माध्यम से किस प्रकार हम अपने विद्यार्थियों को तैयार पर सकते हैं। डॉ. मीनू मेहरोत्रा ने बताया कि बच्चों का सर्वांगीण विकास केवल और केवल योग के माध्यम से ही हो सकता है। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रुति गुप्ता मौजूद रहीं।

### बाबा नीब करौरी आश्रम का स्थापना दिवस आज से

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** श्रीराम बालाजी धाम बाबा नीब करौरी आश्रम का तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार से आरंभ हो रहा है। इसमें तीनों दिन भक्ति की बयार बहेगी और धार्मिक आयोजनों की धूम रहेगी। कैंची धाम सहित महानगर के दूर दराज तक के श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जिनके ठहरने की भी व्यवस्था की जा रही है।

अध्यक्ष अनिल शर्मा एवं मीडिया प्रभारी जयदेव यादव ने बताया कि पहले दिन माता की चौकी और बाबा खाटू श्याम का संकीर्तन होगा। शाम को मनमोहक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। दूसरे दिन 27 अप्रैल की सायं सुंदरकांड, भजन-कीर्तन और राम दरबार की झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। अंतिम दिन 28 अप्रैल की सुबह 7 बजे से हवन होगा। पूर्णाहुति के बाद बाबा को भोग लगेगा और भंडारा किया जाएगा।



ऑल इंडिया वुमेन कांफ्रेंस में बोलतीं वक्ता एवं कार्यशाला में उपस्थित शिक्षिकाएं व छात्राएं। ● अमृत विचार

# प्राणायाम से रखें अपने मन पर संयम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कार्यशाला में महिलाओं को सरवाइकल कैंसर से बचने के लिए किया गया जागरूक

**अमृत विचारः** ऑल इंडिया वुमेन कांफ्रेंस की ओर से गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। मुख्य अतिथि दयानंद डिग्री कॉलेज की प्रधानाध्यापिका सीमा रानी रहीं।

संस्था की संस्थापिका रीता सिंह ने बताया कि उनकी संस्था महिलाओं के अधिकारों और बच्चों की शिक्षा के लिए कार्य करती है। गरीब बच्चों को निशुल्क ट्यूशन दिया जाता है। डॉ. बबीता गुप्ता ने मासिक धर्म के बारे में जानकारी दी। महिलाओं को सरवाइकल कैंसर से बचाने के बारे में बताया। विभा अरोरा ने कहा कि योग एवं प्राणायाम के द्वारा अपने मन पर संयम रखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन गरिमा सिंह ने किया। इस दौरान महिमा मिश्रा, श्वेता भारद्वाज, सुधा त्रिपाठी, मनोरमा, पूनम मौजूद रहीं।

### मारपीट में राजमिस्त्री को लगा फावड़ा, घायल

**अगवानपुर, अमृत विचारः** नगर पंचायत के मोहल्ला बाईपास निवासी इंतजार के घर में निर्माण कार्य चल रहा है। जहां शमीम उर्फ छोरी और अकरम कार्य कर रहे थे। निर्माण कार्य के दौरान दोनों में मारपीट हो गई।

मारपीट के दौरान राजमिस्त्री अकरम के सिर में फावड़ा लग गया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। मारपीट की जानकारी जब अकरम के परिजनों को हुई तो वह भी मौके पर पहुंच गए और घायल अकरम को पुलिस चौकी अगवानपुर लेकर गए पुलिस ने खून से लथपथ अकरम को तुरंत मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। चौकी इंचार्ज मेघराज सिंह ने बताया कि घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। मेडिकल की रिपोर्ट आने के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**श्री हनुमान जन्मोत्सव**

### धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव, मंदिरों में किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ, बालाजी से मांगी सुख-समृद्धि

# हवन-पूजन के बाद 51 श्रीमंदिरों पर बांटा बूंदी का प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 51 श्रीमंदिरों पर बूंदी प्रसाद का वितरण व सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

संस्थापक अरविंद चौधरी गुरु जी ने बताया कि 25 अप्रैल को बाबा श्री सिद्धबली हनुमंत सरकार के आशीर्वाद से यह कार्य श्री सिद्धबली सेवा संस्थान के सदस्यों के साथ मिलकर चार दिवस में यह संकल्प पूर्ण हुआ है।

सभी भक्तों के साथ बाबा हनुमंत सरकार का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। श्री सिद्धबली गुरु जी सेवा संस्थान हमेशा, सर्व लोक हिताय व सर्वजन सुखाय की नीति पर निरंतर कार्यरत है। संकल्प में सदस्यों कुमार पाल सिंह, यशपाल सिंह, योगेंद्र चौधरी, विपिन चौधरी, पारस कुमार, विकास सोती, महेश बिश्नोई, सौरभ बिश्नोई आदि का योगदान रहा।



श्रीहनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बूंदी प्रसाद वितरित करते श्री सिद्धबली गुरु जी सेवा संस्थान के संस्थापक अरविंद चौधरी। ● अमृत विचार

### पंच कुंडीय हवन के साथ जन्मोत्सव को विश्राम दिया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री बालाजी सेवा ट्रस्ट के चल रहे श्री बालाजी जन्मोत्सव को हवन एवं भंडारे के साथ विश्राम दिया गया। अंतिम दिन सुबह पंच कुंडीय हवन हुआ। श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की। श्रद्धालु बाबा के जयकारे लगाते रहे। राजकुमार गोस्वामी ने संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया। इसके बाद बालाजी को भोग लगाकर भंडारा आरंभ किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य यजमान सचिन अग्रवाल रहे। व्यवस्था में संस्थापक मुकेश पाल सहित सुभाष शर्मा, महावीर सिंह, डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. यूसी शर्मा, मुकेश नाथ हानी, दीपक सैनी, अशोक गुप्ता, पंकज सोती, राम कुमार पाल, महेश गिरि, कपिल गुप्ता, हिमांशु पाल, राहुल कुमार, नरेंद्र सिंह, राजीव विश्नोई आदि रहे।

### हवन में आहुतियां देकर की विश्व कल्याण की कामना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लाल बाग स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री बालाजी हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। महंत एवं मुख्य पुजारी राजीव शर्मा ने बताया मंदिर में सुबह हवन किया गया। श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की। श्रद्धालुओं ने देर तक भजन कीर्तन किया। दोपहर में बाबा का भोग लगाकर भंडारा आरंभ किया। यह शाम तक चलता रहा। महानगर के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां दीं और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# मच्छरों से बचाव को बांटी मच्छरदानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** रोटरी क्लब मुरादाबाद मिडटाउन ने गुरुवार को विश्व मलेरिया दिवस पर रोटरी कम्यूनिटी कोर के अंतर्गत रोटरी ग्रामीण सेवा केंद्र लालपुर गंगवारी में मच्छरदानी वितरित कीं। गांव की नालियों में एंटीलार्वा का छिड़काव किया गया। गांव में सेवा कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया।

डॉ. सुमनेश रस्तोगी ने कहा कि रोटरी सदैव से ही निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करती है। जरूरतमंद लोगों की मदद करना रोटरी का प्रमुख उद्देश्य रहा है। स्कूल न जाने वाले बच्चों के माता-पिता की काउंसलिंग कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। रोटरी क्लब मुरादाबाद मिड टाउन के अध्यक्ष रनवीर कुमार अग्रवाल ने कहा कि अक्सर परिवार में बुजुर्ग उपेक्षा का शिकार हो जाते हैं ऐसे परिवारों के बुजुर्ग महिला और पुरुषों को आज मच्छरदानी का वितरण कर किया गया है। जिससे वह मलेरिया, डेंगू जैसी घातक बीमारियों से अपना बचाव कर सकें। रोटेरियन कर्नल अतुल भटनागर ने गांव वालों से कहा कि साफ-सफाई स्वच्छता का मंत्र है। नालियों में पानी इकट्ठा न होने दें और सदैव घर के आसपास की साफ सफाई रखें, ऐसी परिस्थितियों में मच्छर नहीं पनप पाएंगे और मच्छर न पनपने से ही मलेरिया पर नियंत्रण संभव हो सकेगा।मच्छरदानी पाने वालों में अब्दुल रजाक, रीना, भूरी खातून, रामकली, अतरकली, महिपाल सिंह, बीना, जसोदा, राजेश्वरी, राममूर्ति, प्रेमवती, राजा सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर रोटरी ग्रामीण सेवा केंद्र के संयोजक डॉ. मोहम्मद जावेद, मोहम्मद इमरान, उदय सिंह और महिपाल सिंह को ग्रामीण सेवा के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन रवि शंकर सिंह ने किया।




मच्छर से बचाव करने के लिए मच्छरदानी वितरित करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

## एक नजर


मंडी समिति परिसर में खड़ीं बसें।

### रोडवेज की बसें चुनाव में जाने से यात्रियों को परेशानी

**अमरोहा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान में रोडवेज की 25 बसों को लगाया गया है। चुनाव ड्यूटी में बसें जाने से यात्रियों को मंजिल पर पहुंचने में दिक्कत हो रही है। गुरुवार को अमरोहा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर रोडवेज की 25 बसों को चुनाव में भेजा गया है। बिजनौर, नूरपुर और मुरादाबाद जाने वाले यात्रियों को बस के इंतजार में काफी समय तक बस अड्डे पर प्रतीक्षा करनी पड़ रही है।।

### पुलिस ने 545 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**अमरोहा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को शांति एवं भय मुक्त रूप से संपन्न करने के लिए पुलिस ने अभियान चलाकर 545 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान जिले की पुलिस ने 545 वारंटी गिरफ्तार किए हैं। ये चुनाव में गड़बड़ी कर सकते थे। अमरोहा नगर पुलिस ने 64, अमरोहा देहात ने 45, डिडौली ने 33, नौगांवा सादात ने 80, आदमपुर पुलिस ने 37, हसनपुर ने 33, गजरौला ने 52, रजबपुर ने 50 रहरा ने 25 और सैदनगली पुलिस ने 33 वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

### मतदान केंद्रों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां

**गजरौला, अमृत विचार :** शुक्रवार को दूसरे चरण का मतदान होगा। इसके लिए सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। मतदान केंद्रों को तैयार कर लिया गया है। शहर के ज्ञान भारती और शिव इंटर कालेज समेत शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन पर मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां शाम तक पहुंच गईं।


अपनी ड्यूटी की जानकारी लेते कर्मचारी। ● अमृत विचार


मंडी समिति परिसर में मतदान कर्मचारियों की भीड़। ● अमृत विचार


ईवीएम लेकर जाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# मतदान आज, 17 लाख 16 हजार मतदाता चुनेंगे अपना सांसद

## मतदेय स्थलों पर पहुंचीं 1486 पोलिंग पार्टियां, सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** लोकसभा क्षेत्र के 17 लाख 16 हजार 441 मतदाता शुक्रवार को मतदान कर अपना सांसद चुनेंगे। इस बार 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। मतदान कराने के लिए 1486 पोलिंग पार्टियां मतदान स्थलों पर पहुंच गई हैं। शुक्रवार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी बूथ बनकर तैयार हैं।

गुरुवार सुबह ही मंडी समिति परिसर से मतदान कार्मिक ईवीएम सहित अन्य आवश्यक सामग्री लेकर अपने मतदेय स्थल के लिए रवाना होना शुरू हो गए थे। पहले कार्मिकों ने अपनी सामग्री एकत्रित की। ईवीएम को चेक किया। इसके बाद अपने-अपने बूथों के लिए बसों में सवार होकर रवाना हुए। पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए 1291 वाहनों का अधिग्रहण किया गया था। लोकसभा क्षेत्र में मतदान के लिए 1097 मतदान केंद्र व 1856 बूथ बनाए गए हैं। एक पोलिंग पार्टी में चार मतदान कर्मियों के साथ ही सुरक्षा जवान भी मतदेय स्थलों के लिए रवाना हुए। पांचों विधानसभा सीटों में से अमरोहा, मंडी धनौरा, नौगांवा सादात, हसनपुर, गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा सीट शामिल हैं।

इन पांचों क्षेत्र में लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे। जिलाधिकारी राजेश त्यागी व एसपी कुंवर अनुपम सिंह के नेतृत्व में 1856 बूथों पर कर्मचारी बसों से भेजे गए। मतदान कर्मियों ने बूथों पर अपना मोर्चा संभाल लिया है। सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा ने बताया कि कुल 6 हजार से अधिक कर्मचारियों की मतदान में ड्यूटी लगाई गई है। इनमें 10 प्रतिशत कर्मचारी रिजर्व में रखे गए हैं। लोकसभा क्षेत्र में 17 लाख 16 हजार 441 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे।


मंडी समिति में चुनाव सामग्री का मिलान करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### मतदान के दौरान रहेगी कड़ी सुरक्षा

जिले में शुक्रवार को दूसरे चरण में मतदान होगा। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर ली है। जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों के 910 मतदान केंद्रों पर मतदान संपन्न कराने के लिए 584 निरीक्षक, दारोगा, 3987 सिपाही, 2596 होमगार्ड, 23 .5 कंपनी अद्धसैनिक बल व 1 .5 कंपनी पीएसपी तैनात रहेगी। साथ ही स्थानीय पुलिस भी चुनाव के दौरा भ्रमणशील रहेगी।

| विधानसभा क्षेत्र | मतदाता |
|---|---|
| अमरोहा विधानसभा | 348721 |
| नौगांवा सादात विधानसभा | 331415 |
| अमरोहा विधानसभा | 312416 |
| हसनपुर विधानसभा | 370936 |
| गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा | 353 153 |
| कुल मतदाताओं की संख्या | 1716441 |

### ये प्रत्याशी हैं मैदान में

इस बार अमरोहा लोकसभा सीट से 12 प्रत्याशी मैदान में हैं।

| पार्टी | प्रत्याशी |
|---|---|
| भाजपा | कंवर सिंह तंवर |
| कांग्रेस | दानिश अली |
| बसपा | मुजाहिद हुसैन |
| अभाप पार्टी | सुहैल हैदर |
| निर्दलीय | कुशाग्र |
| निर्दलीय | कुमदेश कुमार |
| निर्दलीय | जीतपाल राणा |
| निर्दलीय | दानिश |
| निर्दलीय | नईमुद्दीन |
| निर्दलीय | नरेंद्र सिंह |
| निर्दलीय | काशिफ हुसैन |
| निर्दलीय | सुरेश |

### वेब कास्टिंग वाले मतदान केंद्र और बूथ

| क्षेत्र | मतदान केंद्र | बूथ | माइक्रो ऑब्जर्वर |
|---|---|---|---|
| धनौरा | 90 | 195 | 39 |
| नौगांवा | 108 | 189 | 68 |
| अमरोहा | 82 | 165 | 54 |
| हसनपुर | 100 | 195 | 71 |
| गढ़मुक्तेश्वर | 85 | 165 | 31 |

"सकुशल मतदान कराने को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। शुक्रवार को लोकसभा क्षेत्र के 1856 बूथों पर मतदान होगा। लोग भयमुक्त होकर मतदान करें। शांतिपूर्ण तरीके से मतदान को संपन्न कराया जाएगा। सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।
– **राजेश कुमार त्यागी**, जिला निर्वाचन अधिकारी

"कड़ी सुरक्षा के बीच शुक्रवार को मतदान कराया जाएगा। मतदान के दौरान किसी ने भी खलल डालने की कोशिश की तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। कहीं पर भी गड़बड़ी पाई जाती है तो तुरंत शिकायत दर्ज कराएं, कार्रवाई की जाएगी।
–**कुंवर अनुपम सिंह**, एसपी

### मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त

**हसनपुर, अमृत विचार :** अमरोहा लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए नगर पालिका परिषद प्रशासन ने नगर के बूथों को तैयार कराया है। मतदाताओं के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में अमरोहा लोकसभा सीट के लिए वोट डाले जाएंगे। यहां 12 प्रत्याशियों के भविष्य का फैसला होगा। नगर पालिका द्वारा नगर स्थित सभी बूथों का निर्माण कर्मचारियों द्वारा कराया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित ने बताया कि मतदान केंद्रों पर नियम अनुसार सुविधा होंगी। मतदाता आसानी से अपने वोट का प्रयोग कर सके।


नगर पालिका में तैयार मतदान केंद्र।


कचहरी में बैठक में मौजूद अधिवक्ता। ● अमृत विचार

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए करें मतदान : मनु

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अपील**
● मतदाता जागरूकता बैठक में अधिवक्ताओं ने मतदाताओं से की मतदान करने की अपील

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मनु शर्मा ने कहा कि हम सभी को लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग सोच समझ कर अवश्य करना है। यह हमारा अधिकार है। अधिक से अधिक लोगों को प्रोत्साहित करते हुए अपने मत का प्रयोग करें। इससे लोकतांत्रिक भविष्य तय होगा।

कचहरी में गुरुवार को राजीव गोले एडवोकेट के चेंबर पर आयोजित मतदाता जागरूकता बैठक हुई। इसमें अधिवक्ता मनु शर्मा ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का उत्सव है। इस उत्सव में हम सभी को मतों का प्रयोग करना चाहिए। हमें यह संकल्प लेना है कि पहले मतदान फिर जलपान की नीति पर हमें चुनावी प्रक्रिया में प्रतिभाग करना है। इस दौरान खुसरो नदीम एडवोकेट, ईश्वर सिंह बॉबी एडवोकेट, देवेंद्र पाल सिंह एडवोकेट, चंद्रगुप्त मौर्य एडवोकेट, रोहित चौधरी आदि रहे।

## कंट्रोल रूम से होगी केंद्रों की निगरानी

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** एडीजी दीपक पांडेय ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में संपन्न करने के लिए तैयार किए गए आधुनिक पुलिस कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम से मतदान केंद्रों की लाइव तस्वीरें देखीं। मतदान केन्द्रों के इर्द-गिर्द की लाइव फीड देख अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिले में पुलिस द्वारा सभी 910 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। चुनाव पर्यवेक्षक पुलिस एडीजी दीपक पांडेय द्वारा लोकसभा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में सकुशल संपन्न कराने को लेकर अमरोहा कोतवाली में तैयार किए गए आधुनिक पुलिस कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम से समस्त 910 मतदान केन्द्रों के आस-पास स्थापित कराये अच्छी गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे से मतदान केंद्रों के आसपास की लाइव फीड देखी गई। पुलिस प्रेक्षक ने कहा कि किसी भी असामाजिक तत्वों के मतदान केंद्र के आसपास दिखाई देने पर रियल टाइम में अलर्ट भेज कर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।


सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते एडीजी दीपक पांडेय। ● अमृत विचार

● असामाजिक तत्व मतदान केंद्र के आसपास दिखे तो होगी कार्रवाई

मतदान केंद्र या उसके आसपास किसी भी प्रकार का उपद्रव करने की मंशा रखने वालों के विरुद्ध सीसीटीवी कैमरे के जरिए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य/रिकॉर्डिंग एकत्र कर कार्रवाई की जाए। मतदान केंद्रों के आस-पास भीड तथा प्रत्येक गतिविधि पर लाइव नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान जनपद के सभी 910 मतदान केंद्रों पर प्रत्येक मतदान केंद्र पर संबंधित थाना क्षेत्र से पुलिसकर्मी मौजूद रहे। फोन एवं वायरलेस सेट के माध्यम से संबंधित बूथ और मतदान केंद्रों पर मौजूद पुलिसकर्मी से संवाद कर उचित दिशा निर्देश दिए गए।

### मतदान केंद्र तैयार, अब मतदाताओं का इंतजार

**बुरावली, अमृत विचार :** जिले में शुक्रवार (आज) मतदान होगा। ग्रामीण क्षेत्र में मतदान केंद्र तैयार हो गए हैं। गुरुवार दोपहर तक मतदान केंद्र पर अलग-अलग बूथों पर बांस बल्लियों से बूथ तैयार किए गए। महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग पंक्ति में बल्लियों से मतदान केंद्र तैयार किए गए हैं। ग्राम पंचायत बुरावली में कंपोजिट विद्यालय में, ग्राम पंचायत छपना में, ग्राम पंचायत बांसका मदारीपुर, जल्लोपुर, नानई में मतदान केंद्र तैयार किए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियां शाम तक पहुंच गई। प्रशासन ने मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इस दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।


मतदान केंद्र पर तैयारी करते मजदूर।

## चुनाव के बाद बकाएदारों के खिलाफ चलेगा अभियान

संवाददाता, अमरोहा

**विद्युत निगम**
● अमरोहा डिविजन के बिजली उपभोक्ताओं पर 20 करोड़ रुपये बकाया, जल्द होगी वसूली

**अमृत विचार :** विद्युत वितरण अधिकारी जीडी प्रजापति ने कहा कि बकाएदारों के खिलाफ वसूली अभियान चलाया जाएगा। गुरुवार को विद्युत वितरण खंड अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए नगर में शासन के निर्देश पर बिजली उपभोक्ताओं से की जारी वसूली को रोक दिया गया था।

उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल से नगर में बकायादार बिजली उपभोक्ताओं के खिलाफ फिर से वसूली अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अपना बकाया बिजली का बिल जमा नहीं किया है। वह तुरंत बिजली का बिल जमा कर दे। अन्यथा बिजली विभाग द्वारा 27 अप्रैल से चलाई जाने वाले अभियान के दौरान उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी एवं कनेक्शन काटने के साथ-साथ पुलिस में रिपोर्ट भी दर्ज कर दी जाएगी। विद्युत वितरण खंड अधिकारी ने बताया कि अमरोहा डिविजन के बिजली उपभोक्ताओं पर 20 करोड़ रुपये अभी भी बकाया हैं। इसकी वसूली के लिए विभाग अभियान चलाएगा।

उपभोक्ताओं के कनेक्शन भी काटे गए थे। चुनाव की घोषणा होते ही शासन ने चलाए जा रहे हैं अभियान को रोकने के निर्देश जारी किए थे। 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान हो जाएगा और उसके बाद बिजली विभाग द्वारा वसूली अभियान को शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता समय से अपना बकाया बिल जमा करा दें।

**चुनाव** | महिला, युवा और दिव्यांगों के लिए अलग-अलग बूथों की व्यवस्था

## मतदाताओं को आकर्षित करेंगे 20 मॉडल बूथ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र में मतदान के लिए 20 मॉडल बूथ बनाए गए हैं। मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए इस बार हर विधानसभा क्षेत्र में पांच-पांच महिला, युवा एवं दिव्यांगों के लिए बूथ भी बनाए गए हैं। इन बूथों को फूल, गुब्बारे से सजाया गया है।

सफाई का भी विशेष ध्यान रहेगा। इन बूथों पर मतदाताओं के बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था रहेगी। साथ ही सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। इसके अलावा सभी अन्य सुविधाएं मतदाताओं को मुहैया कराई जाएंगी। इन सभी मॉडल बूथों पर मतदाताओं के लिए हेल्प डेस्क भी बनाई गई है। यहां महिला कार्मिक रहेंगी। दिव्यांग बूथ पर पूरा स्टाफ दिव्यांग कार्मिकों का होगा। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बूथों को आकर्षित तरीके से सजाया गया है। जिले की मंडी धनौरा विधानसभा क्षेत्र में 6, नौगांवा विधानसभा में तीन, अमरोहा विधानसभा क्षेत्र में पांच, हसनपुर विधानसभा में चार एवं गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र में दो मॉडल बूथ बनाए गए हैं।



जीआईसी में मतदान केंद्र पर बना मॉडल बूथ। ● अमृत विचार



मतदन केंद्र पर बना सेल्फी प्वाइंट।

### महिला मतदाताओं के लिए बनाए गए अलग बूथ

**अमरोहा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में होने वाले मतदान के लिए महिलाओं के लिए अलग से बूथ बनाए गए हैं और साथ में सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं। दूसरे चरण के मतदान में प्रतिशत बढ़ाने के लिए अमरोहा लोकसभा की पांचों विधानसभाओं में अलग से महिलाओं की सुविधा के लिए बूथ बनाए गए हैं। यहां मतदाताओं को आकर्षित करते सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया कि धनौरा के राजकीय इंटर कॉलेज में महिला बूथ बनाया गया है। यहां सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। नौगांवा सादात में फातिमा गर्ल्स स्कूल में, अमरोहा में कांठ रोड पर फैज-ए-आम इंटर कॉलेज में, हसनपुर में राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज में और गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र के कमलापति मदनलाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में महिला बूथ बनाए गए हैं। धूप से बचने के लिए और महिलाओं को बैठने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है।

### मतदान को लेकर हाईवे पर की वाहनों की चेकिंग

**गजरौला, अमृत विचार :** मतदान को लेकर नेशनल हाइवे पर चौकसी बढ़ा दी गई है। अमरोहा जनपद की सीमा में आने वाले सभी वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

शुक्रवार शाम तक कड़ी सुरक्षा रहेगी। जनपद की सीमा के अंदर आने वाले प्रत्येक वाहन पर नजर रखी जाएगी। बिजनौर की तरफ से आने वाले वाहनों को भी चेक किया जा रहा है। गुरुवार शाम से ही पुलिस अलर्ट मोड पर दिखाई दी। जनपद की सीमाओं के अंदर आने वाले प्रत्येक वाहन की चेकिंग शुरू कर दी गई है। सबसे ज्यादा सुरक्षा नेशनल हाईवे की बढ़ाई गई है। बदायूं-बिजनौर स्टेट हाईवे से गुजरने वाले वाहनों की भी चेकिंग की जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर चौकसी बढ़ा दी गई है। गुरुवार को बृजघाट पुलिस चौकी व चौपला चौकी और कुमराला पुलिस चौकी के पास वाहनों की चेकिंग की गई है।

## मतदाता निर्भीक होकर डालें वोट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जनपद में 1486 बूथ हैं और 743 बूथों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था कराई जा रही है।

युवा बूथ, महिला बूथ, दिव्यांग बूथ भी बनाए गए हैं। इनमें केवल युवा, महिलाएं और दिव्यांग व्यक्ति ही मतदान कर सकेंगे। जहां 10 से अधिक दिव्यांग हैं, वहां व्हीलचेयर की भी व्यवस्था की गई है। जनपद में आठ आदर्श बूथ बनाए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की गई है। दिव्यांग और बुजुर्ग व्यक्तियों को ज्यादा देर तक खड़ा न होने देने के लिए मतदान केंद्र में कुर्सियों की भी व्यवस्था की गई है। डीएम ने कहा कि शुक्रवार को अधिक से अधिक बढ़ चढ़कर मतदान करें। पहले मतदान फिर जलपान की तर्ज पर घर से निकलकर अपने मत का प्रयोग अवश्य करने जाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतदाता निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करें। किसी के डराने धमकाने में नहीं आना है। बताया कि सोशल मीडिया टीम कार्यालय में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। भ्रामक और आपत्तिजनक खबर के खिलाफ गैंगस्टर और रासुका की कार्रवाई की जा सकती है। जिलाधिकारी ने मतदान केंद्र में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी व कार्मिकों से बातचीत की। स्वतंत्र निष्पक्ष पारदर्शी चुनाव कराने के निर्देश दिए। कहा कि जो भी दिक्कत है, उसे रात में ही पूर्ण कर लें।

मतदान के दिन कोई भी दिक्कत नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान अधिकारी द्वितीय चेहरे ढककर आने वाली महिलाओं पर विशेष ध्यान दें।


मतदान केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक। ● अमृत विचार

**सतर्कता**
● जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

## एक नजर

### बाइकों की भिड़ंत में दो गंभीर घायल

**असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव मदाला निवासी मान सिंह बुधवार की देर रात गांव के ही जयपाल के साथ बाइक से तरबूज फसल की रखवाली करने के बाद गांव मनोटा के पास स्थित खेत से बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था। थाना क्षेत्र में गांव मवई ढोल के पास संभल मनोटा मार्ग पर दूसरी बाइक ने मानसिंह की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे मान सिंह व जयपाल सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। परिजन मान सिंह व जयपाल को लेकर जिला अस्पताल आ गए और उपचार के लिए भर्ती कराया।

### गन्ने की फसल बर्बाद करने का लगाया आरोप

**सिंहपुरसानी, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव शरीफपुर निवासी पुनीत कुमार ने गुरुवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि पड़ोसी गांव निवासी सगे भाई खेत के पास स्थित अपने मकान में रहते हैं। आरोप है कि सगे भाइयों ने अपने भतीजे के साथ मिलकर ट्रैक्टर से खेत में खड़ी बीस बीघा गन्ने की फसल को बर्बाद कर दिया। शिकायत की तो सगे भाई गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए।

### न्यायालय के आदेश पर वारंटी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव आढ़ोल निवासी संदीप कुमार उर्फ दुर्वेश कुमार न्यायालय में चल रहे वाद की पैरवी नहीं कर रहा था। न्यायालय ने वारंट जारी कर सदर कोतवाली पुलिस को संदीप कुमार को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। गुरुवार को संदीप कुमार उर्फ दुर्वेश कुमार कोतवाली क्षेत्र में शंकर चौराहे के पास खड़ा हुआ था। पुलिस मौके पर पहुंची और गिरफ्तार कर लिया।

### बैलगाड़ी से गिरकर ग्रामीण घायल

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव सुनवर सराय निवासी उदयवीर गुरुवार को बैलगाड़ी में लादकर खेत से भूसा लेकर घर आ रहा था। बैलगाड़ी का पहिया रास्ते में स्थित गड्ढे में चला गया। जिससे भूसे के ऊपर बैठे उदयवीर का बैलेंस बिगड़ गया और उदयवीर बैलगाड़ी से नीचे गिरकर घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन उदयवीर को लेकर चंदौसी पहुंचे और उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।


संभल वेयर हाउस से ईवीएम लेकर जाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# कड़ी सुरक्षा एवं निगरानी में रवाना की गई ईवीएम

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर ईवीएम की कमीशनिंग की तैयारी के तहत संभल से ईवीएम और वीवीपैट कड़ी सुरक्षा एवं निगरानी के बीच बहजोई रवाना की गईं।

संभल में स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस पर गुरुवार को सुबह से ही अधिकारियों और कर्मचारियों ने दस्तक दे दी। जिसके बाद ईवीएम और वीवीपैट को वाहनों में ले जाने का काम शुरू कराया गया। नोडल अधिकारी एसओसी चकबंदी की निगरानी में घंटों तक यह कार्य चला। बताया गया कि बहजोई स्थित यूवी स्टेट वेयर हाउस में मशीनों की कमिशनिंग होनी है। प्रत्याशियों व चुनाव चिन्ह की फीडिंग का कार्य 27 अप्रैल को शुरू होगा। जिसके लिए कड़ी सुरक्षा एवं निगरानी में मशीनें बहजोई रवाना की गई हैं।

## कोटेदार के पति ने फंदे से लटककर दी जान

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में घरेलू कलह के चलते राशन डीलर के पति ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली।

थाना क्षेत्र के गांव रिवाड़ा में प्रेमवती राशन डीलर है। प्रेमवती का पति शिशुपाल (48 वर्ष) शराब पीने का आदी था। जिस कारण घर में कलह रहती थी। गुरुवार को सुबह छह बजे शिशुपाल नीचे से छत पर बनी झोपड़ी में सो गया। वहीं पर शिशुपाल ने बांस में प्लास्टिक की रस्सी का फंदा बनाया और लटक गया। काफी देर तक शिशुपाल नीचे नहीं आया तो परिजन ऊपर पहुंचे। शिशुपाल को फंदे पर लटका देखकर परिजनों की चीख निकल गई। आसपास के लोगों ने फंदे से शिशुपाल को उतारा और जुनावई में ले जाकर चिकित्सक को दिखाया। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के असदपुर गंगा घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### रेल लाइन के अभाव में माल ढुलाई पर खर्च हो रही ज्यादा राशि, दिल्ली तक पहुंचाने में आती है परेशानी

# 400 करोड़ का हैंडीक्राफ्ट कारोबार, पर रेल संसाधन नहीं

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार मुद्दा**

**अमृत विचार :** संभल से गजरौला तक रेल लाइन नहीं होने का असर देश और दुनिया में प्रसिद्ध सरायतरीन के हैंडीक्राफ्ट कारोबार पर भी पड़ रहा है। सड़क यातायात से माल ढुलाई में प्रत्येक वर्ष लाखों का बजट खर्च होता है तो समय पर माल पहुंचाने में भी तमाम दिक्कतें आती हैं। कारोबारियों का कहना है कि रेल लाइन का विस्तार होने से न सिर्फ माल ढुलाई पर खर्च कम आएगा बल्कि कारोबार की तरक्की करेगा।

सरायतरीन में हैंडीक्राफ्ट कारोबार देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में पहचान बनाए हुए हैं। यहां करीब 4 हजार कारोबारी हैं तो 25 हजार कारीगर हैंडीक्राफ्ट आइटमों को तैयार करते हैं। आंकड़े पर गौर किया जाए तो एक साल में तकरीबन 400 करोड़ रुपये का कारोबार होता है। फिर भी हैंडीक्राफ्ट आइटमों को दिल्ली तक पहुंचाने में कारोबारी दिक्कतों से जूझ रहे हैं। चूंकि सिर्फ सड़क यातायात ही एक साधन है तो इसमें खर्च ज्यादा आने के साथ-साथ समय भी लगता है।

तमाम कारोबारी ऐसे भी हैं तो विश्वास पर ही माल वाहनों में लाद देते हैं। इन कारोबारियों की धड़कनें तब तक बढ़ी रहती हैं जब तक कि निर्धारित स्थान पर दूसरे व्यक्ति के हाथों तक माल नहीं पहुंच जाता। हालांकि हर बार चुनाव और केंद्र सरकार के बजट से पहले कारोबारियों को उम्मीद होती है कि संभल से गजरौला तक रेल लाइन का विस्तार होगा लेकिन बाद में यह टूट जाती है। इस बार लोकसभा चुनाव का माहौल होने के बीच कारोबारी संभल से गजरौला तक रेल लाइन की मांग उठा रहे हैं। अब देखना यह है कि क्या चुने जाने वाले सांसद से उम्मीद पूरी होती है या नहीं।



"रेल लाइन की मांग काफी समय से उठ रही है लेकिन पूरी नहीं हो सकी। हैंडीक्राफ्ट आइटमों को दूसरे शहरों तक पहुंचाने में समय के साथ-साथ ज्यादा बोझ पड़ रहा है। संभल से गजरौला तक रेल लाइन होना बेहद जरूरी है।

–ताहिर सलामी



"अभी बसों से माल को दिल्ली और अन्य शहरों तक पहुंचाने का काम हो रहा है। खर्च भी ज्यादा आता है। अगर संभल से गजरौला तक रेल लाइन का विस्तार हो जाए तो और अच्छी बात है। जिससे राहत मिलेगी।

–सुहेल परवेज



"संभल से दिल्ली के लिए सीधे रेल साधन नहीं होने के कारण माल ढुलाई में ज्यादा खर्च आ रहा है। हैंडीक्राफ्ट के साथ ही कई कारोबार प्रभावित हो रहे हैं। अगर संभल से गजरौला तक रेल लाइन का विस्तार हो जाए तो बड़ी राहत मिलेगी। हैंडीक्राफ्ट कारोबार की तरक्की होगी।

–कमल कौशल वार्ष्णेय

# मिट्टी लदे डंपर ने बाइक सवार दंपती को रौंदा, पति की मौत

### बाइक पर सवार होकर बिलारी में रिश्तेदारों के यहां जा रहे थे दोनों

संवाददाता, संभल/असमोली

**अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र में संभल मनोटा मार्ग पर मिट्टी लेकर आ रहे डंपर ने रिश्तेदारी में जा रहे बाइक सवार दंपती को रौंद दिया। हादसे में पति मौत हो गई जबकि पत्नी मामूली रुप से घायल हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया।



नखासा थाना क्षेत्र के गांव चंदावली निवासी गिरीराज 45 वर्ष गुरुवार को पत्नी रानी के साथ मुरादाबाद जनपद के बिलारी में रिश्तेदारी में जा रहा था। गिरीराज बाइक लेकर जैसे ही असमोली थाना क्षेत्र में गांव नगला चौराहे पर संभल मनोटा मार्ग पर पहुंचा तो असमोली की ओर से मिट्टी लेकर आ रहे डंपर ने बाइक को रौंद दिया। जिसमें गिरीराज गंभीर रुप घायल हो गया जबकि पत्नी रानी को मामूली चोट आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर कब्जे मे लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। घायल दंपती को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टर ने गिरीराज को मृत घोषित कर दिया। रोते बिलखते परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। थाना प्रभारी हरीश कुमार ने बताया कि डंपर कब्जे में लेकर गिरीराज का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


ग्रामीण की मौत के बाद बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

## सड़क की मरम्मत के चलते सिरसी में दिन भर रहा जाम

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

**अमृत विचार :** पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सिरसी में सड़क मरम्मत के चलते वनवे ट्रैफिक किए जाने के चलते गुरुवार को घंटों तक जाम लगा रहा। जाम में फंसे सैकड़ों वाहन रेंगते हुए निकले तो लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तमाम वाहनों ने दूसरे रास्तों से होकर मुरादाबाद का रुख किया।

सिरसी में पुलिस चौकी से लेकर बुध बाजार तक सड़क की मरम्मत का कार्य चल रहा है। वैसे तो रोजाना ही वाहनों को पास होने में दिक्कतें हो रही हैं लेकिन गुरुवार को पीडब्ल्यूडी विभाग ने मरम्मत कार्य के कारण वनवे ट्रैफिक कर दिया। दोपहर तीन बजे संभल-मुरादाबाद मार्ग पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा तो सैकड़ों वाहन फंसे रहे और लोग दिक्कतों से जूझे। धीरे-धीरे वाहन पास हुए तो जाम हल्का होने लगा।


सिरसी में संभल मुरादाबाद मुख्य मार्ग पर लगा जाम। ● अमृत विचार

- **पीडब्ल्यूडी ने किया वनवे ट्रैफिक तो थमे वाहनों के पहिये**

इस बीच तमाम वाहनों ने दूसरे रास्तों से मुरादाबाद का रुख शुरू कर दिया। लोगों ने भी सिरसी की गलियों से होकर निकलना शुरू किया। रोडवेज बसों समेत तमाम बड़े वाहन जाम में रेंगते हुए नजर आए। हालात ऐसे बने कि रात तक घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। लोगों ने अधिकारियों से जल्द ही मरम्मत का कार्य पूर्ण कराने की मांग उठाई है।

## सार संक्षेप


संभल में बिजली लाइन के तार बदलते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### जर्जर तार के बदले एबीसी केबल डालने का काम शुरू

**संभल, अमृत विचार :** बिजली विभाग ने जर्जर तारों के चलते आये दिन होने वाले फाल्ट से निजात के लिए नए एबीसी केबल डालने का काम शुरू कराया है। गुरुवार को सुबह से ही शहर के मुहल्ला चमन सराय में कर्मचारी काम में जुटे गए। हालांकि इस बीच बिजली भी बाधित रही तो गर्मी में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शहर के कई क्षेत्र ऐसे हैं जो बिजली के जर्जर तारों के कारण अक्सर फाल्ट होने पर घंटों तक बिजली गुल रहती है। इसी समस्या का समाधान कराने के लिए बिजली विभाग ने नए एबीसी केबल डालने का काम शुरू कराया है। एसडीओ प्रथम संतोष त्रिपाठी ने बताया कि चमन सराय समेत कई मुहल्लों में नए एबीसी केबल बिछाने का काम किया जाना है।


सिरसी में जुलूस निकालते शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

### सिरसी में निकला जाफरो सादिक का ताबूत, हुआ मातम

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी के मुहल्ला शर्की के इमाम बारगाह मासूम अली में मजलिसे अजा शुरू हुई। जिसमें मर्सिया हाजी वकार मेहंदी और उनके हमनवां ने पढ़ा। मजलिस में मौलाना मीसम अब्बास जैदी सिरसीवी ने इमाम जाफरो सादिक के फजाइल बयान किए। उन्होंने कहा कि जालिमों ने इमाम जाफरो सादिक को जहर देकर शहीद कर दिया था। मजलिस के बाद शबीहे ताबूत बरामद हुआ। जिसमें अंजुमन जुल्फकारे हैदरी और अंजुमन पंजेतनी ने नौहा पढ़ा और मातम किया। ताबूत इमाम बारगाह मासूम अली में ही संपन्न हुआ। दूसरी ओर मुहल्ला मुंशियान में हुई मजलिस में मर्सिया गदीरूल हसन और उनके हमनवां ने पढ़ा। मजलिस को मौलाना शमीम ने खिताब किया। मजलिस के बाद शबीहे ताबूत बरामद हुआ। जिसमे अंजुमन हुसैनी और अंजुमन गुंचाये इस्लाम ने नौहा पढ़ा। जुलूस इमाम बारगाह इमाम रजा पहुंचकर संपन्न हुआ।


संभल में कथा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

### श्रीराम चरित्र की कथा सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**संभल, अमृत विचार :** श्रीमद भागवत कथा में आचार्य गोपाल भैया ने बली वामन प्रसंग, श्रीराम चरित्र और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। श्रीमद भागवत कथा में चौथे दिन गुरुवार को कथा वाचक आचार्य गोपाल भैया ने कहा कि भक्त प्रहलाद ने बचपन से ही भगवान की भक्ति की और उनकी भक्ति पुष्ट हुई। भगवान ने उन्हें नरसिंग रूप में दर्श दिया और भक्त की रक्षा की। गज ने भगवान को पुकारा तो उन्होंने आकर उसकी रक्षा की। बली वामन संवाद सुनाते हुए दान की महत्वता बताई। जब कथा व्यास ने श्रीराम जन्मोत्सव सुनाया तो श्रद्धालुओं ने खूब आनंद लिया। जिसके बाद श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। आरती और कीर्तन के साथ कथा विश्राम हुई। कथा के मुख्य अतिथि डॉ.अरविंद गुप्ता, डॉ.रूपाली गुप्ता, डॉ.अतुल मेहरोत्रा, सविता मेहरोत्रा, मुख्य यजमान वीरेंद्र रस्तोगी एडवोकेट, अलका रस्तोगी, विनोद कुमार अग्रवाल, भावना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, आशीष गुप्ता, प्रगति गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### कीटनाशक के सेवन से महिला की मौत



**संभल, अमृत विचार :** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र में पति से विवाद होने के बाद महिला ने घर में रखा कीटनाशक पी लिया। जिससे महिला की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया। थाना क्षेत्र के गांव पोटा निवासी अंकुल कुमार की शादी तीन वर्ष पहले बिलारी निवासी रुबी के साथ हुई थी। दंपती के डेढ़ वर्ष का बेटा है। गुरुवार की सुबह नौ बजे किसी बात को लेकर अंकुल कुमार व रुबी में कहासुनी हो गई। जिसके बाद अंकुल कुमार काशीपुर से अपनी दवा लेने चला गया। अंकुल कुमार के जाने के बाद रुबी ने विवाद होने से क्षुब्ध होकर घर में रखा कीटनाशक पी लिया। अंकुल को सूचना देकर परिजन रुबी को इलाज के लिए पास के ही निजी अस्पताल लेकर आ गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने रुबी को दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में परिजनों ने रुबी को उपचार के लिए संभल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां दोपहर बाद रुबी की मौत हो गई। मायके वालों ने बेटी के ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बुजुर्ग और दिव्यांग घर बैठे आज करेंगे मतदान

संवाददाता, बहजोई

**चुनाव**

- **24 पोलिंग पार्टियां कराएंगी मतदान, 281 ने ही घर पर मतदान करने की दी सहमति**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष या इससे अधिक आयु के मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं के लिए 26 अप्रैल को घर से ही मतदान करने का मौका मिलेगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर लीं। 281 मतदाताओं को मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां घर पर पहुंचेंगी।

संभल लोकसभा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर निर्वाचन आयोग ने 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाता तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर से ही बैलेट से मतदान करने का अवसर दिया है। जिसको लेकर जनपद में 20949 मतदाताओं को चिन्हित किया गया था। जिन्हें घर से मतदान करने के लिए फॉर्म दिए गए। जिसमें से 281 मतदाताओं ने ही घर से मतदान करने की सहमति जताई। अब 26 अप्रैल को इन मतदाताओं से मतदान करने को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। 24 पोलिंग पार्टियों बनाई गई हैं। जो कलेक्ट्रेट से बैलेट पेपर लेकर मतदाताओं के घर तक पहुंचकर उनसे मतदान कराएंगी। जहां सुरक्षा व्यवस्था के बीच पोलिंग पार्टियों घर-घर पहुंचेंगे तो वहीं मतदान करते समय जिला प्रशासन की ओर से निष्पक्ष मतदान करने को लेकर वीडियोग्राफी की जाएगी। सभी पोलिंग पार्टियों को निर्देश दिए गए हैं कि निष्पक्षता के साथ मतदान को लेकर गोपनीयता बनी रहे।

## माइक्रो आब्जर्वरों को दिया गया प्रशिक्षण

**बहजोई, अमृत विचार :** चुनाव प्रेक्षक अमित कुमार की मौजूदगी में माइक्रो आब्जर्वरों को प्रशिक्षण दिया गया। जहां चुनाव को लेकर उन्हें उनकी जिम्मेदारियां बताई गई तो वहीं इवीएम रिप्लेसमेंट को लेकर जानकारियां दी गई। चुनाव प्रेक्षक ने जिम्मेदारी के साथ माइक्रो आब्जर्वरों को उनके कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह ने माइक्रो ऑब्जर्वरों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में बताकर प्रशिक्षण दिया। सामान्य प्रेक्षक ने सभी माइक्रो ऑब्जर्वरों से कहा कि पोलिंग पार्टी रवानगी अर्थात 6 मई व 7 मई को जनपद में होने वाले मतदान के समय माइक्रो ऑब्जर्वरों का बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य रहता है। मतदान के दिन सभी को सुबह मॉक पोल में उपस्थित होना होगा। माइक्रो आब्जर्वर मॉक पोल की प्रक्रिया का अवलोकन करेंगे।

# लोकसभा चुनाव में अनुशासित रहकर ड्यूटी करें होमगार्ड

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** डिवीजनल कमांडेंट होमगार्ड ने संभल में लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों और होमगार्ड जवानों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि चुनाव में होमगार्ड जवान अनुशासित रहकर ड्यूटी करें। आम जनता के प्रति उनका मृदु व्यवहार होना चाहिए।

नगर पालिका सभागार में आयोजित हुई बैठक में डिविजनल कमांडेंट होमगार्ड राम नारायण ने वैतनिक और अवैतनिक अधिकारियों और होमगार्ड जवानों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले होमगार्ड जवान के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। डिवीजनल कमांडेंट ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए 2100 जवान जनपद वाराणसी, चंदौली और जौनपुर से 27 अप्रैल को जनपद में पहुंचेंगे। होमगार्ड जवानों के ठहरने की व्यवस्था कर ली गई है। बैठक में व्यवस्था की भी समीक्षा की गई है। इस दौरान जिला कमांडेंट होमगार्ड ज्ञानप्रकाश, कंपनी कमांडर हिलाल अनवर, संजय कुमार गुप्ता, रामपाल सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


होमगार्ड्स को संबोधित करते डिवीजनल कमांडेंट राम नारायण। ● अमृत विचार

## दूल्हे के परिजनों और रिश्तेदारों में मारपीट

**संभल/ओबरी, अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र में बरात लेकर जाने के लिए सेहरा बंधवा रहे दूल्हे के पास खड़े चचेरे भाई का रिश्तेदारों ने महिलाओं की वीडियो बनाने के संदेह में मोबाइल छीन लिया। इसी बात को लेकर रिश्तेदारों व परिजनों में जमकर लात घूसे चले। मामला पुलिस तक भी पहुंचा तो जिम्मेदार लोगों ने बातचीत कर मोबाइल वापस कराया।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक गुरुवार की तीन बजे बारात लेकर जाने के लिए सिर पर सेहरा बांधवा रहा था। बरात में जाने के लिए सभी सज-धजकर तैयार थे। पास में ही खड़ा दूल्हे का चचेरा भाई वीडियो कॉलिंग से बैंगलोर में रह रहे रिश्तेदार से बात कर रहा था। शादी में आए रिश्तेदारों ने महिलाओं की वीडियो बनाने के शक में युवक का मोबाइल छीन लिया। इसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दूल्हे के परिजनों व रिश्तेदारों के बीच जमकर लात घूसे चले।

**लोस चुनाव** गुन्नौर के मतदाताओं ने कहा– विकास कार्यों में न हो भेदभाव

# सांसद ऐसा हो जो रिश्वतखोरी खत्म कर विकास करे

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए मतदान की तारीख नजदीक आ रही है। इस बार पहले जैसी चुनावी चहल पहल नजर नहीं आ रही, मतदाता भी साइलेंट मोड में है। ऐसे माहौल में अमृत विचार ने बदायूं संसदीय क्षेत्र के हिस्से गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं से बातचीत करते हुए मुद्दे जाने।

नए मतदाताओं के साथ ही बुजुर्गों में भी मतदान को लेकर उत्साह नजर आया। सांसद कैसा होना चाहिए के सवाल पर किसी ने कहा कि युवाओं के रोजगार की चिंता करे तो किसी ने कहा कि बिना भेदभाव के सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों का विकास कराने वाला व्यक्ति ही सांसद बने। लोगों ने कहा कि पुलिस थाने और सरकारी दफ्तरों से रिश्वतखोरी खत्म कराने वाला सांसद होना चाहिए। साथ ही क्षेत्र के विकास और रोजगार पर ध्यान देने वाला होना चाहिए।



"क्षेत्र का समग्र विकास कराने वाला सांसद होना चाहिए। बिजली, पानी, शिक्षा और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए। गुन्नौर क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की दरकार है। बबराला में रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनना बहुत जरूरी है। – नितिन वार्ष्णेय, व्यवसायी बबराला"



"हमारा सांसद ऐसा हो जो हर दुख दर्द में जनता का सहयोगी बने और जनहित से जुड़े मुद्दे सदन में उठाए। जनहित में नए कानून बनाने में अपनी मुखर राय रख सके। लोकसभा क्षेत्र में जनसमस्याओं और किसानों से जुड़ी हुई समस्याओं का समाधान करे। – तरूण यादव, विद्यालय प्रबंधक भकरौली"



"सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने के साथ ही आमजन की समस्याओं का निदान कराने वाला सांसद होना चाहिए। मेडिकल शिक्षा के लिए क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज और राजकीय कन्या डिग्री कॉलेज खोला जाए। –अनीता वार्ष्णेय, गृहिणी"

"पहले हमारे यहां बिजली की बड़ी समस्या थी। दिन में आठ घंटे ही बिजली आती थी लेकिन अब यह समस्या को दूर हुई है। आज लड़कियां खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं। आतंकवाद पर काबू हुआ है।



–सुनीत भोला बबराला

"धारा 370 और श्री राम मंदिर निर्माण जैसे बड़े मुद्दों को सुलझाया गया है। सरकारी दफ्तरों और पुलिस थानों में रिश्वतखोरी से लोग परेशान हैं। इस पर प्रभावी तरीके से अंकुश लगना चाहिए।



–प्रकाश वीर, ईसमपुर डांडा

## बिजलीघर पर किसानों का हंगामा, दो ने किया आत्महत्या का प्रयास

**संभल, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में खिरनी बिजलीघर पर किसानों ने बिजली की समस्या को लेकर हंगामा और धरना प्रदर्शन किया। दो किसानों ने बिजलीघर के गेट के सहारे खड़े होकर फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

गुरुवार को खिरनी बिजलीघर पर आसपास के गांवों के तमाम किसान इकट्ठा होकर पहुंच गए। किसानों ने दो दिन से बिजली नहीं आने की समस्या उठाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। किसानों का कहना रहा कि बिजली नहीं आने के कारण फसलें सूख रही हैं लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं दिख रहे हैं। इस बीच दो किसानों ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इसकी सूचना जब विभाग के अधिकारियों को मिली तो खलबली मच गई। एसडीओ ने किसानों से संपर्क साधा और बिजली आपूर्ति सुचारू कराने के लिए कदम बढ़ाए।

**एक नजर**

### अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, साला बहनोई घायल

धनारी, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर तुमरिया निवासी वीरेश गुरुवार को अपने बहनोई के साथ बाइक पर सवार होकर बबराला से अपने घर जा रहा था। धनारी थाना क्षेत्र में धनारी भिरावटी मार्ग पर गांव हरफरी के पास साइकिल सवार से बचने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। जिससे वीरेश व उसका बहनोई घायल हो गए।

### विवाद के बाद फंदे पर लटके देवर भाभी

गुन्नौर, अमृत विचार : गुन्नौर के गांव में खेत पर काम करते समय भाइयों में विवाद हुआ तो एक भाई की पत्नी घर आकर फंदे पर लटक गई। परिजनों ने देखा तो उसे नीचे उतारा। वहीं इस घटना के कुछ देर बाद महिला का देवर जंगल में पेड़ पर फंदे से लटक गया। देवर भाभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस मामले को लेकर पुलिस को सूचना नहीं दी गई है।

## 2005 में पीएचसी को मिला सीएचसी का दर्जा, पर नहीं हो सकी डॉक्टरों की नियुक्ति

# विशेषज्ञ डॉक्टरों के न होने से रेफर सेंटर बना सीएचसी

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा मिलने के दो दशक बाद भी यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं की जा सकी है। ऐसे में मरीजों का इलाज भगवान भरोसे हो रहा है। हादसे के घायलों और बीमारियों के गंभीर मरीजों को रेफर किया जा रहा है। गुन्नौर की जनता चाहती है कि चुनावी मौसम में नेता उनकी इस समस्या के समाधान का भरोसा दें।

वर्ष 2005 में जब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्चीकृत किया गया तो लोगों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की आस जगी पर दो दशक के बाद भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती नहीं हो



गुन्नौर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र। ● अमृत विचार

सकी है। गुन्नौर का सीएचसी कहने को तो 30 शैय्याओं का अस्पताल है लेकिन यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का टोटा है। सीएचसी के मानक के अनुसार फिजीशियन के साथ ही हड्डी रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट, बाल रोग विशेषज्ञ आदि की तैनाती होनी चाहिए मगर अभी तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं हो सकी है। नतीजतन अस्पताल में आने वाले गंभीर मरीजों को रेफर स्लिप थमा दी जाती है। प्रभारी अधीक्षक डॉ. पवन कुमार सिंह का कहना है कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र भेजा गया है।

### हर माह 50 से अधिक मरीज हो रहे रेफर

गुन्नौर, अमृत विचार : सीएचसी पर अस्थि रोग विशेषज्ञ की तैनाती न होने से आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं में घायलों को उपचार के लिए भटकना पड़ता है। चिकित्सक के अभाव में हर महीने औसतन पचास से अधिक मरीजों को रेफर करना पड़ता है। बताते चलें कि नगर क्षेत्र से होकर आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे के अलावा मेरठ-बदायूं स्टेट हाइवे भी गुजरा है। अति व्यस्त सड़क मार्गों पर आये दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। हादसों में अधिकांश लोग हड्डियों के फ्रैक्चर के शिकार हो जाते हैं। सीएचसी पर अस्थि रोग विशेषज्ञ के अभाव में ऐसे घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ज्यादातर जिला चिकित्सालय संभल या फिर अलीगढ़ स्थित मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया जाता है।

## चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में गिर कर महिला की मौत

आसफपुर, अमृत विचार : चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करने पर बुजुर्ग महिला नीचे गिर गई। महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

हादसा थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के आसफपुर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह हुआ। बरेली से अलीगढ़ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन में यात्री बैठे और ट्रेन चलने लगी। ट्रेन हल्की रफ्तार पकड़ चुकी थी। इसी दौरान एक बुजुर्ग महिला भागती हुई आई और उसने ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश की लेकिन वह पटरी पर जा गिरी। उसका एक हाथ आधा कट गया। उसके सिर और नाक पर चोट आई, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी और थाना पुलिस पहुंची। रेलवे स्टेशन पर मौजूद लोगों से पहचान करने की कोशिश की लेकिन महिला के बारे में पता नहीं चल सका है।

# चन्दौसी के शालीन चक्रवर्ती ने मलेशिया में लहराया परचम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** नगर के पुराना बाईपास रोड स्थित अशोक नगर निवासी छात्र शालीन चक्रवर्ती ने अपने शोध पत्र के जरिए मलेशिया की धरती पर भारत का परचम लहराया। उन्होंने अपना यह शोध सौर ऊर्जा की नैनोटेक्निक पर आधारित विषय पर किया है। मलेशिया में अपना शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले वह भारत की ओर से एक मात्र विद्यार्थी थे।

अशोक नगर निवासी शालीन चक्रवर्ती के पिता सौरभ चक्रवर्ती वरिष्ठ पत्रकार रहे हैं। मां सुस्मिता चक्रवर्ती ग्रहिणी है। शालीन फिलहाल महाराष्ट्र के भारतीय विद्यापीठ विश्वविद्यालय के अंतर्गत इंजीनियरिंग कॉलेज आफ पुणे से बीटेक की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। अपनी इसी शिक्षा के दौरान कॉलेज की शिक्षिका प्रोफेसर हशदा म्हात्रे के निर्देशन में नैनो तकनीक के माध्यम



प्रमाण पत्र दिखाते शालीन चक्रवर्ती।

से सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन विषय पर शोध कार्य प्रारंभ किया।

इसी बीच मलेशिया में युवा शोधकर्ताओं के सम्मेलन में शालीन व उनकी शिक्षिका ने अपने शोध का सारांश पत्र अनुमति के लिए वहां भेजा। बुलावे पर वहां जाकर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करने वालों में शालीन एकमात्र ऐसे विद्यार्थी थे। जो अंडरग्रेजुएट थे। यह शोध पूरा होने पर लोग बहुत ही कम कीमत पर नैनो तकनीक से कम जगह और कम कीमत पर विद्युत प्राप्त हो सकेगी है।

# आपके बूथ पर भीड़ है या नहीं, बताएगा माई बूथ ऐप

## पिछले चुनाव में कम प्रतिशत वाले बूथ पर किया जाएगा ऐप का प्रयोग

सुनील कुमार, बहजोई/संभल

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने एक नई पहल की है। पहली बार एक ऐसा ऐप प्रयोग में लाया जा रहा है जो मतदाता को घर बैठे ही यह बताएगा कि उसके बूथ पर भीड़ तो नहीं है। फिलहाल यह सुविधा उन मतदान केंद्रों पर मिलेगी जहां पिछले चुनावों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है।

मतदाता अपने बूथ पर मतदाता मतदान करने जाते थे और वह बूथ पर भीड़ देखकर वापस लौट जाते थे। खड़े-खड़े गर्मी में परेशान होकर वह यह सोचकर घर पर ही रह जाते थे कि भीषण गर्मी में कौन लाइन में लगकर मतदान करने जाएगा। इस सबके झंझट से निपटने के लिए निर्वाचन आयोग ने माई बूथ ऐप की अनूठी व्यवस्था लागू की है। आप घर बैठे ही इस ऐप से यह देख सकेंगे कि आपके बूथ पर भीड़ तो नहीं है। अगर भीड़ है तो कुछ रुक कर आप अपने बूथ पर मतदान करने के लिए जा सकते हैं। आप अपने मोबाइल में यह ऐप डाउनलोड कर सकते हैं और इस ऐप से जानकारी पा सकते हैं कि आपके बूथ पर भीड़ तो नहीं है। मतदाता पर्ची पर बार कोड की व्यवस्था की गई है। इस ऐप से बार कोड को स्कैन करेंगे तो सभी जानकारियां आपके सामने होंगी। ऐसे में अपनी सुविधा के हिसाब से आप अपने मतदान केंद्र पर मतदान करने जा सकते हैं।

### अभी प्रयोग के तौर पर है यह व्यवस्था

बहजोई, अमृत विचार : निर्वाचन से जुड़े अफसरों का कहना है कि इस ऐप को अभी संपूर्ण जिले में लागू नहीं किया जाएगा। ट्रायल के तौर पर केवल उन बूथ को चिन्हित किया गया है। जिन बूथों वाले इलाकों में कम मतदान का प्रतिशत रहता है। पिछले चुनाव का आंकड़ा देखा जाएगा कि किस बूथ पर कम प्रतिशत में मतदान हुआ था। उस पर माई बूथ ऐप की व्यवस्था दी जाएगी। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों ने इस बूथ का इस्तेमाल करते हुए बूथों तक मतदान करने के लिए पहुंचने की भी अपील की है। निर्वाचन अधिकारियों की मानें तो प्रयोग के तौर पर माई बूथ ऐप को कम प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर प्रयोग में लाया जा रहा है। अगर यह सफल रहा तो आगे आने वाले चुनाव में सभी बूथों पर इस्तेमाल किया जाएगा। जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ सके। निर्वाचन आयोग इसको लेकर काफी प्रयास कर रहा है कि मतदान का प्रतिशत गर्मी में बड़े लोगों की दिलचस्पी मतदान करने को लेकर हो।

## नोडल अधिकारी ने किए 3 अवैध अस्पताल सील

**संभल, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने कैला देवी और हयातनगर थाना क्षेत्र में तीन अवैध अस्पतालों को सील किया। संचालकों के खिलाफ थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई।

नोडल अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी ने बताया कि हयातनगर थाना क्षेत्र में मुहल्ला नवादा निवासी डॉ.नईम के क्लीनिक का निरीक्षण किया तो यह चिकित्सा शिक्षा प्रमाण पत्र व क्लीनिक संचालन के लिए सीएमओ द्वारा जारी अभिलेख नहीं दिखा सके। क्लीनिक, उपकरणों और दवाओं को सील किया गया। वहीं हयातनगर में दतावली रोड पर डॉ.आरिफ के अवैध क्लीनिक सील किया गया। गांव कैला देवी में डॉ.शरीफ, राशिद और नईम द्वारा संचालित क्लीनिक का निरीक्षण किया तो यहां भी अभिलेख और प्रमाण पत्र नहीं दिखाए गए। क्लीनिक, उपकरण और दवाएं सील की गईं। उन्होंने बताया कि संबंधित थानों में तीनों अवैध अस्पतालों के संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

# इलाज के दौरान महिला की मौत, लापरवाही का आरोप

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन कराने के बाद बिगड़ी थी हालत
- पति ने मुरादाबाद के सिविल लाइन थाने में दी तहरीर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मौलागढ़ के निजी अस्पताल में महिला की पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन कराने के बाद हालत बिगड़ गई। चिकित्सक ने महिला को मुरादाबाद रेफर कर दिया। जब परिजन महिला को मुरादाबाद के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे तो चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने मुरादाबाद के सिविल लाइन थाने में आरोपी चिकित्सक व स्टाफ के विरुद्ध लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

सीता रोड निवासी अरविंद कुमार की पत्नी सुषमा 48 वर्ष को पित्त की थैली में पथरी की शिकायत थी। उसने अपनी पत्नी का ऑपरेशन मौलागढ़ स्थित एक हॉस्पिटल में कराया था। अरविंद का आरोप है कि चिकित्सक ने लापरवाही बरती। ऑपरेशन के बाद महिला का एक माह तक उपचार करता रहा। मगर महिला के पेट से नली नहीं निकाली। उसकी पत्नी दर्द से चिल्लाती थी। हॉस्पिटल का स्टाफ भी महिला की देखरेख सही से नहीं करता था। बुधवार को चिकित्सक ने अरविंद से कहा कि सुषमा की हालत ज्यादा खराब है, वह इस हॉस्पिटल में ठीक नहीं हो पाएगी। इसलिए उसे मुरादाबाद के जिला अस्पताल ले जाओ। इसके बाद अरविंद अपनी पत्नी को मुरादाबाद के जिला अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पीड़ित ने सिविल लाइन थाने में तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**सार संक्षेप**



सीआईसी में मतदान की शपथ दिलातीं संगीता भार्गव। ● अमृत विचार

### छात्रों को मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई

चन्दौसी, अमृत विचार : चन्दौसी इंटर कॉलेज में छात्रों व शिक्षकों को मतदान जागरूकता की मुख्य अतिथि गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव ने शपथ दिलाई गई। जिसमें कक्षा नौ से 12 तक के छात्रों को जिम्मेदारी दी गई कि वह बिना किसी भेदभाव से निर्वाचन अधिकारों का प्रयोग खुद भी करें और अपने घर के प्रत्येक सदस्य से भी करवाएं। मुख्य अतिथि ने कहा कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं। इसलिए अच्छी सरकार चुनना हमारा प्रथम कर्तव्य है। मतदान के लिए सबसे पहले अपने मत का प्रयोग करें। इस दौरान प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह, मेजर शशिकांत, अश्विनी कुमार शर्मा, मुनीष शर्मा, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री के रोड शो की वजह से मिड टर्म परीक्षा टली

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज ने प्रधानमंत्री के रोड शो की वजह से शुक्रवार को होने वाली वाली मिड टर्म परीक्षा का कार्यक्रम बदल दिया है। अब परीक्षा 28 अप्रैल को होगी। प्रभारी प्राचार्य प्रो. पंपा गौतम ने सभी विभागाध्यक्षों और शिक्षकों को बदली हुई तिथि पर परीक्षा कराने के निर्देश दिए हैं। रोड शो की वजह से बरेली कॉलेज के पूर्वी गेट मार्ग पूरी तरह से बंद रहेगा। इसके अलावा भी शहर में जगह-जगह रूट डायवर्जन किया जाएगा, जिससे शिक्षकों और छात्रों को कॉलेज आने में दिक्कत हो सकती है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने बताया कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

### बिल्सी की थी ट्रेन के आगे कूदकर जान देने वाली युवती

बदायूं, अमृत विचार : कोतवाली सिविल लाइन में ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने वाली युवती की दूसरे दिन शिनाख्त हो गई है। वह कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के मोहल्ला पांच निवासी थी। शहर के एक कॉलेज में एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। बुधवार दोपहर एक युवती ने सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में पोस्टमार्टम हाउस के पीछे कासगंज से बरेली जा रही ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। ट्रेन रुकी। ट्रेन के चालक ने यात्रियों के सहयोग से शव ट्रेन में रखवाया और जीआरपी को सूचना देकर कुछ आगे बढ़कर नेकपुर रेलवे क्रासिंग के पास शव रख दिया। जीआरपी और पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया था। पुलिस युवती की शिनाख्त कर रही थी। युवती के फोटो सोशल साइट्स पर डाले।

### भाभी की जीमेल आईडी पर पोस्ट की भद्दी टिप्पणी

गुन्नौर, अमृत विचार : देवर ने भाभी की जीमेल आईडी का इस्तेमाल कर भद्दी टिप्पणियां लिखकर अपने स्टेट्स व रिश्तेदार को पोस्ट किए। पोस्ट में जान से मारने की धमकी दी। महिला को जीमेल आईडी के दुरुपयोग किए जाने की जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। महिला के भाई की तहरीर पर पुलिस ने देवर के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव गोठना निवासी दुष्यंत ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी बहन सीमा की शादी 10 फरवरी 2023 को गवां निवासी अवधेश के साथ हुई थी। ससुर राजवीर और देवर उमेश का व्यवहार सीमा के प्रति अच्छा नहीं रहा। इस पर सीमा ने पहले भी ससुर राजवीर और देवर उमेश के खिलाफ महिला थाना बहजोई में एफआईआर दर्ज कराई थी। दुष्यंत के अनुसार, उमेश ने सीमा की जीमेल आईडी का प्रयोग कर भद्दे पोस्ट और जान से मारने की धमकी पोस्ट कर दी। निरीक्षक अपराध विनीत कुमार ने बताया कि तहरीर पर उमेश के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



नरौली में बूथों का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

# डीएम व एसपी ने नरौली के बूथों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** संभल में तीसरे चरण में सात मई को लोकसभा चुनाव होगा। चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक तंत्र तैयारी को अमलीजामा पहनाने में जुटा हुआ है तो वहीं प्रत्याशी भी जनता के बीच पहुंचकर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं।

गुरुवार को डीएम व एसपी ने नगर पंचायत नरौली पहुंच कर बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं और अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। नगर पंचायत नरौली में गुरुवार की शाम करीब छह बजे जिलाधिकारी मनीष बंसल व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत पहुंचे और कन्या पाठशाला स्कूल में बने बूथों का निरीक्षण किया। बिजली, पानी समेत खिड़की व दरवाजे चेक किए। साथ ही बूथ के आसपास मौजूद ग्रामीणों से भयमुक्त होकर सात मई को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

## हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**उसहैत (बदायूं), अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र में 19 दिन पहले सड़क हादसे में घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। बरेली में पोस्टमार्टम के बाद गांव के पास अटैना गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

उसहैत क्षेत्र के गांव अटैना निवासी रामबेटी (45) महावीर छह अप्रैल को पशुओं को चारा खिलाने ले जा रही थीं। इसी दौरान वहां गुजरे बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। युवक बाइक छोड़कर फरार हो गया था। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। कटरा पुलिस चौकी के इंचार्ज मनोज कुमार मौके पर पहुंचे। घायल महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर महिला को बरेली के अस्पताल रेफर किया गया था, जबकि बुधवार को महिला की मौत हो गई।

# रामकथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** नगर के सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में श्रीराम कथा का आयोजन हो रहा है। गुरुवार को कथा के आरंभ से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा मोहल्ला रामनौमी स्थित यजमान वीरेंद्र कुमार अग्रवाल के आवास से निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र पहन कर सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। कीर्तन मंडली भजनों की छटा बिखेर कर भक्ति का माहौल बना रही थी। कलश यात्रा सुंदर मोहल्ला, मनिहार चौक, गणेश मंदिर होते हुए गीता सत्संग भवन पहुंच कर संपन्न हुई। जहां विधि विधान से कलश स्थापना की गई। अपराह्न तीन बजे से कथा आरंभ हुई। कथा वाचक वीरेश रामायणी ने भाव पूजन एवं ग्रंथ का पूजन किया। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा बड़े भाग्य से प्राप्त होती है। तुलसीदास जी को हनुमत कृपा से श्री



रामकथा के आरंभ से पूर्व कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में श्री रामकथा का आयोजन

राम एवं लक्ष्मण के दर्शन चित्रकूट में हुए। हनुमान जी की जब तक कृपा नहीं होती तब तक भगवान के दर्शन होना मुश्किल होता है। इसलिए सर्वप्रथम हनुमान जी की कृपा अवश्य होनी चाहिए। यदि भगवान से मिलना है तो हनुमान जी की कृपा प्राप्त होने के बाद ही भगवान के दर्शन सुलभ हो सकते हैं। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र अग्रवाल, मंजू लता अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल, भारतीय अग्रवाल, ऋषि अग्रवाल, शुभांगी अग्रवाल, विशाल सिंघल, गरिमा सिंघल, अक्षिता, विपिन अग्रवाल, अनूप कुमार, ओमप्रकाश गोगी, अखिलेश शास्त्री, प्रदीप अग्रवाल, लवकुश अग्रवाल, सतीश अरोड़ा, आदि श्रद्धालुओं की भगीदारी रही।



हज यात्रियों को जानकारी देते वक्ता। ● अमृत विचार

### जायरीनों को हज के मसाइल बताकर शकाएं कीं दूर

संभल, अमृत विचार : मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम में उत्तर प्रदेश हज कमेटी की ओर से लगे ट्रेनिंग कैंप में हज जायरीनों को हज के मसाइल बताए। हज जायरीनों ने सवाल किए तो उनके जवाब देकर शंका दूर की गई। नगर की मैंथा मंडी में स्थित मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम में ट्रेनिंग कैंप की शुरूआत कारी सरताज ने तिलावत से की। तकी अशरफ एडवोकेट ने नातेपाक पढ़ी। मुफ्ती आलम रजा नूरी ने मक्का शरीफ में क्या करना है और क्या नहीं करना है, इसके बारे में बताया। हज ट्रेनर कारी वसी अशरफ ने चार घंटों तक हज जायरीनों को हज के मसाइल स्क्रीन के जरिये बताए। कुछ अरकान खुद करके दिखाए। हज जायरीनों ने सवाल किए तो उनके जवाब भी दिए। जिला हज ट्रेनर अब्दुल खालिक ने कहा कि 28 और 29 अप्रैल को हज जायरीनों को वैक्सीन लगाई जाएगी। सभी जायरीन दो दिन मदरसे में जरूर आएं। वैक्सीनेशन के बिना हज के लिए जाने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले भारत के हाजियों को काफी परेशानी होती थी। अभी कुछ दिन पहले भारत सरकार की अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी सऊदी अरब पहुंची थीं। उन्होंने भारत के हाजियों की सुविधाओं को जांचा और परखा। उसके बाद वहां की सरकार से भारत के लोगों की हेल्प के लिए बात की तो सऊदी सरकार ने हर तरह की हेल्प का भरोसा दिया है।

**आयोजन** राजकीय महाविद्यालय संभल के समारोह में छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

# व्यक्तित्व निखार कर शिक्षा ग्रहण करें विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय संभल में 13वां वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

राजकीय महाविद्यालय में हुए समारोह में मुख्य अतिथि प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय भोजपुर प्रोफेसर डॉ.मोहम्मद असलम खान ने कहा कि छात्रों को शैक्षिक संस्थानों से अपने व्यक्तित्व को निखारते हुए शिक्षा ग्रहण करते रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों को नकारात्मकता को त्याग कर सकारात्मकता अपनाने और अनुशासित रहकर लक्ष्य की तरफ बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य डॉ.प्रभा शर्मा ने छात्रों को



वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत की गई छात्राएं व मौजूद स्टाफ। ● अमृत विचार

शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण को विकसित करने के लिए कहा। कार्यक्रम में वर्ष 2022-23 में कराई गईं विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी छात्रा तथा मेरिट में सर्वोच्च स्थान पाने वाले परास्नातक स्तर पर नीतू यादव, शुमायला, स्नातक स्तर पर वंदना, लिपाक्षी, खुशी रस्तोगी को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विविध परिषदीय और महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं के मेधावियों को भी पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए गए। इससे पूर्व छात्रा साक्षी सैनी, चंचल, संजना रानी, खुशबू, भावना ने जलवा तेरा जलवा गीत पर नृत्य किया। पूजा रानी ने कविता युवा हैं हम नए भारत के प्रस्तुति दी।

# लोकसभा चुनाव में भेजी गईं रोडवेज बसें, यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के चलते अधिकांश रोडवेज बसें चुनाव के लिए अन्य जनपदों में भेजी गई हैं। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घंटों इंतजार के बाद भी बस नहीं मिलने से यात्री धूप व गर्मी में बेहाल हो जाते हैं। जब बस पहुंचती है तो यात्रियों की संख्या अधिक होने से बस में सवार होने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है।

रोडवेज बस स्टैंड से चन्दौसी-मुरादाबाद के बीच पीतल नगरी डिपो की 30 बस व चन्दौसी से बदायूं के बीच बदायूं डिपो की 25 बसों का संचालन प्रतिदिन होता है। इसके अलावा दिल्ली, मेरठ, नोएडा, बरेली के लिए भी बसों का संचालन किया जाता है। मगर अधिकांश बसें लोकसभा चुनाव में



चन्दौसी के रोडवेज बस स्टैंड पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

भेजी गई हैं। फिलहाल 12 से 13 बसें ही संचालित हो रही हैं। इतनी कम संख्या में बसों का संचालन होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा शाम छह बजे के बाद मुरादाबाद व बदायूं के लिए बसें नहीं मिलने से यात्री परेशान होते हैं और बदायूं चुंगी व बाईपास पर बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# दूसरे चरण में चुनाव

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में धर्म का मुद्दा आगे हो गया है। भाजपा ने अपने दस साल के कार्यकाल के दौरान अधिकतर विकास, 5वीं से तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंततः 2047 तक 'विकसित भारत' की बात कही। 2024 का जनादेश 'विकसित भारत' का संकल्प हासिल करने की रूपरेखा तैयार करने के लिए मांगा जा रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि अचानक यह बदलाव क्यों आया कि प्रथम चरण के कम मतदान के बाद प्रधानमंत्री के तेवर बदल गए। विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजस्थान में विभाजनकारी और अपमानजनक भाषण देने का आरोप लगाया। हालांकि भाजपा अब भी दौड़ में सबसे आगे है। कई सीटों पर मुकाबले कांटेदार हैं। परंतु मतदान अब भी कम हो सकता है, क्योंकि दूसरे चरण की जिन 89 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होना है, उसमें कमोबेश 30 सीटों पर लू का मौसम होगा। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी और करीब 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। दूसरे चरण में प्रचार के दौरान बाकी सब मुद्दे पीछे छोड़ते हुए भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उस पर तुष्टिकरण करने का आरोप लगा दिया। गुरुवार को चुनाव आयोग ने किसी प्रधानमंत्री के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप पर पहली बार संज्ञान लेते हुए भाजपा से विपक्षी दलों द्वारा दायर शिकायतों का जवाब देने को कहा है। चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को जारी नोटिस का 29 अप्रैल तक जवाब देने का निर्देश जारी किया है। आयोग ने इसी तरह का एक पत्र कांग्रेस अध्यक्ष को भी लिखा है जो उनके और राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है।

चुनाव आयोग को अपनी शिकायत में कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में आरोप लगाया था कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति को मुसलमानों में फिर से बांटना चाहती है और विपक्षी दल महिलाओं के 'मंगलसूत्र' को भी नहीं बख्शेगा। महत्वपूर्ण है कि चुनाव आयोग ने स्टार प्रचारकों पर लगाम लगाने के पहले कदम के तहत पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराने के लिए जनप्रतिनिधि कानून के प्रावधानों का इस्तेमाल किया है। गौरतलब है कि 2019 के आम चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ छह शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन चुनाव आयोग ने उन्हें 'क्लीन चिट' दे दी। इस पर चुनाव आयोग की तीखी आलोचना की गई थी। हालांकि मतदान और मतदाता से जुड़े 'भारतीय जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951' में ऐसी धाराएं भी हैं, जिनके तहत ऐसी शिकायतों पर दंडनीय कार्रवाई की जा सकती है। आयोग की यह कार्यवाही उसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता से जुड़ी है।

# लोकसंस्कृति समझने को गणगोत्र का जानना जरूरी



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

रामकथा का स्रोत भुशुंड काक है। योग वासिष्ठकार ने भुशुंड को अत्यन्त रूपवान और श्यामवर्ण बतलाया है। भुशुंड की गणना महामनीषियों में होती थी और स्वयं वसिष्ठ भुशुंड से मिलने के लिए मेरुपर्वत पर गए थे। भुशुंड के पिता चंड काक ही थे किन्तु मां हंस गणगोत्र की थी। भागवत-कथा का स्रोत शुक है। शिव पार्वती को मुंडमाला का रहस्य समझा रहे थे।

पुराण कथाओं के पशु-पक्षी सामान्य पशुपक्षी नहीं है, वहां उनका अर्थ कुछ गहरा है, जिसे हम गणगोत्र के सूत्र से समझ सकते हैं। टोटम का इतिहास मानवीय धारणाओं, देवताओं और जन जातियों की युग यात्रा और सामाजिक विकास की आत्मकथा है, जिसको हम भारतीय संस्कृति कहते हैं, वह वास्तव में समुद्र की भांति है, जिसमें संस्कृतियों की अनेक धाराएं समाई हुई हैं।

रांगेयराघव ने "महायात्रा गाथा" में टिप्पणी की है कि भारतीय पौराणिक-जीवन की अनेक समस्याएं प्राचीन जातियों के "टोटम" में ही छिपी हुई हैं। आचार्य क्षितिमोहनसेन और डा.रामविलास शर्मा ने भी टोटम या गणगोत्र के सिद्धांत के प्रकाश में पुराकथाओं की समीक्षा की है। एक युग था, तब वर्ण नहीं था, जाति नहीं थी, कबीले थे। किसी का गणगोत्र (टोटम) नाग था, कोई सुपर्ण था, कोई जटायु था, मत्स्य, कूर्म, गज, सिंह, महिष, मयूर, अश्व, हंस, शुक, काक, नंदी, वाराह आदि हजारों गणगोत्र थे।

रांगेयराघव ने लिखा है कि भय भूख और आवश्यकता ने टोटम को जन्म दिया उन्होंने लिखा है कि संसार में एक लंबा समय टोटम का रहा है। केवल भारत में ही नहीं, मिस्र में थोट देवता गरुडमुखी है, चीन में ड्रेगन की कथाएं हैं। बैबीलोनिया में जू गरुड़ देवता है। भरतीय पुराकथाओं में जनमेजय का नागयज्ञ, गज-ग्राह युद्ध और नाग-गरुड़-युद्ध प्रसिद्ध हैं।

युगांत प्रलय के समय मत्स्य (विष्णु के प्रथम अवतार) का प्रादुर्भाव हुआ। यह नौका पर बैठे मनु की कथा है, मत्स्य पुराण भी है। मत्स्यकन्या की कथा में मल्लाहों ने मछली का पेट चीर कर एक कन्या और बालक को निकाला था। वह उपरिचर वसु का वीर्य था। पुराण की कथा है कि अमृत प्राप्त करने के लिए देवता और दैत्य समुंद्र मंथन करने लगे उस समय भगवान विष्णु ने कछुआ (कच्छप या कूर्म अवतार) का रूप धारण किया। समुद्र में प्रवेश करके मंदराचल को पीठ पर धारण किया। कुर्मी नाम का एक जनसमूह अभी भी है। इसका संबंध कूर्म गणगोत्र से है। वाराह पुराण की कथा के अनुसार जब हिरण्याक्ष धरती की चटाई कर के पाताल ले गया, तो वाराह भगवान ने हिरण्याक्ष का वध किया और अपने एक ही दंष्ट्र पर धारण करके पृथ्वी का उद्धार किया और उसे शेषनाग के फण पर प्रतिष्ठित किया। इस प्रकार विष्णु के दस अवतारों में से प्रथम तीन अवतार मानवेतर हैं। मथुरा को आदिवाराह क्षेत्र माना जाता है। सोरों शूकर क्षेत्र है। विष्णु के चौथे अवतार नृसिंह का स्वरूप अर्द्धमानुषी है अर्थात आधा शरीर मनुष्य का और आधा सिंह का। नृसिंह की तरह और भी देवता हैं, जिनका रूप अर्द्ध-मानुषी है। हयग्रीव-अवतार (चौबीस अवतारों में) है —हयग्रीव (मुख घोड़ा का, शरीर आदमीका) हनुमान (मुख वानर का, शरीर आदमी)। गणेश (हाथी जैसा मुंह बाकी शरीर मनुष्य जैसा), और हनुमान ( मुख और पूंछ बंदर की तथा शेष शरीर मानवीय) प्रमुख है। चीन, जापान और तिब्बत में भी नागकन्या का आधा रूप सर्प का तथा आधा मनुष्य जैसा है। गरुड़ के संबंध में पुराणों में बताया गया है कि उसका मस्तक गरुड़ पक्षी के समान तथा शरीर और इंद्रियां मनुष्य-जैसी थी।

रांगेयराघव ने "महायात्रा गाथा" में टिप्पणी की है कि भारतीय पौराणिक-जीवन की अनेक समस्याएं प्राचीन जातियों के "टोटम" में ही छिपी हुई हैं। आचार्य क्षितिमोहनसेन और डा.रामविलास शर्मा ने भी टोटम या गणगोत्र के सिद्धांत के प्रकाश में पुराकथाओं की समीक्षा की है। एक युग था, तब वर्ण नहीं था, जाति नहीं थी, कबीले थे। किसी का गणगोत्र (टोटम) नाग था, कोई सुपर्ण था, कोई जटायु था, मत्स्य, कूर्म, गज, सिंह, महिष, मयूर, अश्व, हंस, शुक, काक, नंदी, वाराह आदि हजारों गणगोत्र थे। रांगेयराघव ने लिखा है कि भय भूख और आवश्यकता ने टोटम को जन्म दिया उन्होंने लिखा है कि संसार में एक लंबा समय टोटम का रहा है। केवल भारत में ही नहीं, मिस्र में थोट देवता गरुडमुखी है, चीन में ड्रेगन की कथाएं हैं। बैबीलोनिया में जू गरुड़ देवता है।

रामकथा का स्रोत भुशुंड काक है। योग वासिष्ठकार ने भुशुंड को अत्यन्त रूपवा न और श्यामवर्ण बतलाया है। भुशुंड की गणना महामनीषियों में होती थी और स्वयं वसिष्ठ भुशुंड से मिलने के लिए मेरुपर्वत पर गए थे। भुशुंड के पिता चंड काक ही थे किन्तु मां हंस गणगोत्र की थी। भागवत-कथा का स्रोत शुक है। शिव पार्वती को मुंडमाला का रहस्य समझा रहे थे। पार्वती सो गईं। तोता हूंकरा देने लगा। शिव ने देखा तो त्रिशूल ले कर दौड़े। शुक उड़ा, व्यास पत्नी जंभाई ले रही थीं। शुक व्यास पत्नी के गर्भ में चला गया। शुकदेव जब रावण सीता का अपहरण करके ले जा रहा था तो जटायु ने रावण को वेदतत्व का प्रमाण देते हुए पर स्त्री हरण का निषेध किया था और जब रावण नहीं माना तो इसने रावण को घायल कर दिया। राम को सीता हरण की प्रथम सूचना जटायु से ही मिली थी। इतना ही नहीं, जटायु ने राम को बताया कि सीता का हरण 'बिंद' मुहूर्त में हुआ है, इसलिए वह तुम्हें अवश्य प्राप्त होगी। स्पष्ट है कि वेद का प्रमाण और ज्योतिष का संदर्भ देना किसी भी पक्षी के वश की बात नहीं हो सकती। जटायु गृद्ध गणगोत्र का था।

यों तो गरुड़ पक्षी का ही नाम है, विष्णु का वाहन! लेकिन वेद और पुराकथाओं में जिस गरुड़ की कहानियां हैं, वह गणगोत्र अथवा टोटम-जाति अथवा कबीला है।

रांगेयराघव ने महायात्रा गाथा में एक पूरे अध्याय में नाग और गरुड़ के संघर्ष का वर्णन किया है। वेद में वह श्येन का पुत्र है। पुराकथाओं में कश्यप और विनता का पुत्र और अरुण का भाई है। गरुड़ की दो बातें ध्यान देने लायक हैं, पहली बात यह कि उसकी मां अपनी ही सौत कद्रू की दासी है। गरुड़ उसे दासता से मुक्त करने के मिशन पर लग जाता है, उसे निषादों, गजों, कच्छपों, और अन्य कितने ही गणगोत्रों से युद्ध करना पड़ता है। वह यक्ष, गंधर्व और देवों से भी युद्ध करता है। अंत में यह अपनी मां को दासता से मुक्त करता है। बालखिल्य उसका अभिषेक करते हैं। दूसरी महत्व की बात है कि-यह स्वर्ग से अमृत ले कर आया था। बाद में नाग और गरुड़ दोनों की अन्तर्भुक्ति विष्णु में हो जाती है। तैत्तिरीय उपनिषद का तीतर गणगोत्र है।

डॉ. कामिल बुल्के ने स्पष्ट बताया था कि हनुमान वास्तव में वानर गोत्रीय आदिवासी थे। इसी प्रकार जिस ऋक्षराज जांबवान से कृष्ण का अट्ठाईस दिनों तक युद्ध चला था और जिसकी कन्या जांबवती कृष्ण की आठ पटरानियों में से एक थी, वह रीछ नहीं हो सकता। महिष भी गणगोत्र है। महिकासुर ब्रज में भी लोकदेवता है। महिषासुर के जन्म की कथा में उल्लेख है कि रंभासुर ने महिषी को गर्भ प्रदान किया था।

पुराण कथाओं के पशु-पक्षी पात्रों का एक तीसरा रूप देवता के वाहन रूप में है जैसे ऐरावत हाथी (इंद्र का वाहन), गरुड़ (विष्णु), सिंह (दुर्गा), हंस (ब्रह्मा तथा सरस्वती), बैल (शिव), कुत्ता (भैरव), मूषक (गणेश), मयूर (कार्तिकेय स्वामी), महिष (यमराज तथा शनि), उल्लू (लक्ष्मी का वाहन)। देवताओं के वाहनों से जुड़े अभिप्राय वास्तव में गणगोत्र जातियों की अन्तर्भुक्ति की कथाएं हैं। नरक चतुर्दशी को यमराज का तर्पण करके दीप जलाकर कुत्ते की पूजा की जाती है। भागवत में पंचम स्कंध में, कंक गिद्ध बगुला और बटेर जैसे देवताओं का उल्लेख है, भागवत 5-14-29।

भारत के लोकजीवन के विश्व बोध में, आचार-प्रणाली और विश्वासप्रणाली में गणगोत्र तत्त्व समाया हुआ है। भारत के जनगण को और भारत की लोकसंस्कृति को समझने के लिए गणगोत्र को समझना अनिवार्य है, नहीं तो अध्ययन के निष्कर्ष गलत ही निकलेंगे।

## प्रसंगवश

# चुनाव और विदेशी मेहमान



डॉ. सुभाष चन्द्र
एमजेपीआरयू, बरेली

संसदीय आम चुनाव 2024 को नजदीक से जानने समझने के लिए भाजपा ने विश्व की तमाम सत्ताधारी तथा विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया है, सिवाय चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के। भाजपा के विदेश विभाग के प्रवक्ता अनुसार ब्रिटेन की कंजरवेटिव तथा लेबर पार्टी, जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स तथा सोशल डेमोक्रेट्स एवं यूएस की डेमोक्रेट्स तथा रिपब्लिकन पार्टियों को बुलावा भेजा जा चुका है।

पड़ोसी देश नेपाल में सत्तारूढ़ दल की सहयोगी सभी पांच पार्टियों को भी आमंत्रण भेजा गया है। इस तरह लगभग दो दर्जन पार्टियों को आमंत्रित किया जा चुका है। गत वर्षों में भाजपा ने देश के अलग-अलग हिस्सों (यथा गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश विधानसभा) में संपन्न चुनावों को जानने समझने के लिए डिप्लोमेट्स को भेजा था। भारत यह दिखाना चाहता है कि देश में सफल चुनाव कैसे कराए जाते हैं तथा लोकतंत्र का उत्सव कैसे मनाया जाता है। ब्रिटिश एमपी एवं पद्म पुरस्कार प्राप्तकर्ता बॉब ब्लैकमेन अनुसार 'भारतीय आम चुनाव बड़े स्तर पर आयोजित किए जाते हैं तथा यह विश्व के किसी भी प्रजातंत्र के मुकाबले बहुत बड़ा आयोजन है।' भाजपा के विदेश विभाग द्वारा प्रवासी मित्रों को सूचना भेजी जा रही है कि वे कम से कम दो हफ्तों के लिए भारत में प्रवास करें तथा ऐसी जगहों पर भ्रमण करें जहां से वे पूरी तरह वाकिफ हों। हालांकि इनमें केवल उन्हें ही शामिल नहीं किया गया है जो कि भाजपा के प्रति सहानुभूति रखते हैं अपितु भारतीय मूल के शिक्षाविदों को भी शामिल किया गया है। पैनल फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इलेक्शन्स-2024 के मुखिया प्रो. राहुल मुखर्जी (हेडलबर्ग यूनिवर्सिटी, जर्मनी) ने भारतीय चुनाव आयोग को बता दिया है कि निष्पक्ष भाव से चुनावी प्रक्रिया को हम समझेंगे तथा अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे। इस प्रक्रिया में हम राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकों तथा दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे तथा स्वतंत्रता पूर्वक अपना कार्य करेंगे।' भाजपा एवं कांग्रेस दोनों पार्टियों द्वारा विगत वर्षों के दौरान आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विदेशी नेताओं को आमंत्रित किया जाता रहा है। इस आम चुनाव में विदेशी मेहमानों का वृहद् स्तर पर भाग लेना संभावित है।

# चुनौती बनता इलेक्ट्रॉनिक कचरा



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

जिस तरह से जलवायु परिवर्तन किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। ठीक उसी तरह से ई-कचरा भी किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है।

वर्तमान तकनीकी और डिजिटल युग में ई-कचरा (ई-वेस्ट) पूरी दुनिया में एक चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है। हम सभी के पास मोबाइल फोन, टीवी, लैपटॉप और भी बहुत से ऐसे इलेक्ट्रॉनिक सामान हैं जो कि हर रोज इस्तेमाल होते हैं। लेकिन नए स्मार्टफोन, टीवी या फिर लैपटॉप खरीदने के बाद पुराने को हम कचरा समझकर फेंक देते हैं। आज जिस तरह से देश दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक सामान की चाहत बढ़ती जा रही है वही सामान (गैजेट्स) जहर बनकर अब हमारे वातावरण का गला घोंट रहे हैं। ई-कचरे पर यूनाइटेड नेशन की 'द ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनीटर 2024' रिपोर्ट जारी हुई है। जिसमें ई-कचरे वाली सुनामी का जिक्र है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर सालाना 6.2 करोड़ टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा हो रहा है। 2010 के बाद से इस कचरे में 82 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार ई-कचरा अगर ऐसे ही बढ़ता रहा तो वर्ष 2030 तक 32 फीसदी की वृद्धि के साथ बढ़कर 8.2 करोड़ टन पर पहुंच सकता है। ई-कचरे का वार्षिक उत्पादन 23 लाख टन प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रहा है। जिन इलेक्ट्रॉनिक सामानों ने हम सभी की जिंदगी को आसान बनाया है वही सामान अब हमारी जिंदगी में ज़हर घोल रहे हैं।

आमतौर पर हम अपने घरों और दफ्तरों में जिस मोबाइल, लैपटॉप, टीवी, टैबलेट, स्मार्ट-फोन समेत दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सामानों (गैजेट्स) और दूसरे अन्य उत्पादों को इस्तेमाल के बाद फेंक देते हैं। वही बेकार फेंका हुआ कचरा इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट (ई-वेस्ट) यानी कि ई-कचरा कहलाता है लेकिन ई-कचरे की असली समस्या तब शुरू होती है जब इस कचरे का सही तरीके से संग्रहण (कलेक्शन) और पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) नहीं होता है। जिससे मिट्टी, पानी और हवा जहरीली हो रही है। यूएन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में यूरोप, ओशिनिया देशों और अमेरिका ने प्रति व्यक्ति सबसे ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा किया। इस कचरे में यूरोप प्रति व्यक्ति 17.6 किलोग्राम के हिसाब से सबसे आगे है। इसके बाद ओशिनिया ने प्रति व्यक्ति 16.1 किलोग्राम ई-कचरा पैदा किया। ओशिनिया ऐसे द्वीपों के समूहों को कहा जाता है जो कि प्रशांत महासागर में फैले हुए हैं। जबकि अमेरिका ने 14.1 किलोग्राम ई-कचरा पैदा किया था। इन देशों में ई-कचरे को इकठ्ठा करने और पुनर्चक्रण के साधन मौजूद हैं। इसीलिए इन देशों में ई-कचरे की पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) दर भी ऊंची है। लेकिन बहुत से ऐसे देश हैं जहां ई-कचरा बड़ी मात्रा में निकलता है। लेकिन ना तो ऐसे देशों में इस कचरे को इकठ्ठा करने के पर्याप्त संसाधन हैं और न ही पुनर्चक्रण के लिए कोई उचित प्रबंधन है।

जिस तरह से जलवायु परिवर्तन किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। ठीक उसी तरह से ई-कचरा भी किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। पूरी दुनिया में ई-कचरे की मात्रा कितनी ज्यादा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अगर इस इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-कचरे) को 40 मीट्रिक टन क्षमता के ट्रकों में भरा जाए तो इसके लिए करीब 15.5 लाख से ज्यादा ट्रकों की जरूरत पड़ेगी। इन ट्रकों को यदि एक के पीछे एक लगाया जाय तो ये भूमध्य रेखा के चारों और एक लाइन बना सकते हैं। ई-कचरा राकेट की रफ़्तार से बढ़ रहा है। जबकि पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की दर अभी भी बहुत कम है। वैश्विक स्तर पर पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की दर सिर्फ 12 फ़ीसदी दर्ज की गई है। ऐसे में बहुत बड़ी मात्रा में ई-कचरा नदियों में बहा दिया जाता है। बडे-बड़े गोदामों में ई-कचरा पड़ा रहता है या फिर इसे समुद्र में फेंक दिया जाता है। जिससे पर्यावरण के साथ-साथ जीव जंतुओं को भी नुकसान हो रहा है।

भारत पूरी दुनिया में ई-कचरा पैदा करने में तीसरे नंबर पर है। वर्ष 2021 से 2022 में 1.6 मिलियन टन ई-कचरा भारत में पैदा हुआ था। वर्ष 2030 तक भारत में 14 मिलियन टन ई-कचरा होने का अनुमान है। हालांकि भारत ने इस समस्या से निपटने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। भारत में नई स्क्रैप पॉलिसी के तहत सरकार ने वर्ष 2022 में मोबाइल फ़ोन, लैपटॉप, फ्रिज, टीवी, एसी समेत 134 इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग की तिथि (एक्सपायरी डेट) तय कर दी थी। यानी एक निश्चित समय के बाद घर में मौजूद इलेक्ट्रॉनिक सामान कबाड़ (स्क्रैप) हो जाएंगे। और उन्हें उपयोग से बाहर करना पड़ेगा। ये बिलकुल वैसे ही है जैसे भारत में वाहनों की परिचालन की समय सीमा (एक्सपायरी डेट) 15 साल होती है। जिसके बाद वाहनों को सड़कों पर चलाने की अनुमति नहीं मिलती है और उन्हें उपयोग से बाहर करना पड़ता है। उसी तरह से अब इलेक्ट्रॉनिक सामान को भी एक निश्चित समय के बाद 'स्क्रैप' करना होगा।

## सोशल फोरम

# अच्छे दिन

राह में खड़ा पहला ठग किसान को देखते ही बोला, "यह कुत्ता तो बड़ा सुंदर है, भाई। कहां मिला?" किसान उसकी मूर्खता पर हंस कर बोला, "अरे बेवकूफ, यह बकरी है। अभी अभी मेले से खरीद कर ला रहा हूं।"



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक किसान मेले से बकरी खरीद कर घर लौट रहा था। राह में चार ठग मिले। बकरी देख उनकी जीभ लपलपाने लगी। फिर कुछ आपस में राय विचार कर चारों चार जगह खड़े हो गए।

राह में खड़ा पहला ठग किसान को देखते ही बोला, "यह कुत्ता तो बड़ा सुंदर है, भाई। कहां मिला?" किसान उसकी मूर्खता पर हंस कर बोला, "अरे बेवकूफ, यह बकरी है। अभी अभी मेले से खरीद कर ला रहा हूं।"

थोड़ी दूर जाने के बाद दूसरा ठग मिला और कहा, "भाई कुत्ता तो तुम्हारा बहुत सुंदर है। मेला में लिए क्या?" किसान ने गुस्से में कहा, "ये कुत्ता नहीं, बकरी है।" लेकिन उसके मन में एक शंका सी खड़ी हो गई।

कुछ दूर आगे उसे तीसरा ठग मिल गया जिसने छूटते ही पूछा, "भाई, ये कुत्ता तो विदेशी नस्ल का लगता है। कितने में मिला?" किसान बिल्कुल चिंतित हो गया और बोला, "भाई साहब, आपको गलतफहमी हुई है ! यह कुत्ता नहीं, बकरी है।" ठग किसान को बार-बार आंख फाड़ कर देखते और जोरों से हंसते हुए वहां से चला गया। ठग के जाने के बाद किसान बकरी को बार-बार जांचने परखने लगा और अपने से ही कहा कि नहीं, यह तो बकरी ही है।

कुछ दूर ही आगे चौथा ठग किसान का इंतजार कर रहा था। किसान को देखते ही बोला, "क्या गजब का बढ़िया कुत्ता है, भाई! इतना सुंदर कुत्ता अपनी जिंदगी में पहली बार देख रहा हूं।"

किसान का आत्मविश्वास अब खत्म हो चुका था। बकरी को वहीं छोड़ वह अपने गांव की ओर चल पड़ा। झूठ को बार-बार दुहरा कर इसी प्रकार ठग लोगों की मति फेर देते हैं और अपने लिए अच्छे दिन लाते है।

– फेसबुक वॉल से

# शिफ्ट्स में सत्ता या सत्ता में शिफ्ट



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

हरेक चुनाव के समय-राष्ट्रपति के लिए हैं या पंचायत के लिए, जाति, वर्ग, धर्म, अनुसूचित, आदि को लेकर विभिन्न प्रकार के वक्तव्य हमारी नज़र में आते हैं।

'शिफ्ट' को मैं बदलाव नहीं कहूंगा। यह ऐसा भी नहीं है थक जाने के बाद अपने कंधे का बोझ दूसरे पर लादना। बल्कि कहूंगा कि भारत में सत्ता में ड्रिफ्ट और शिफ्ट दोनों हैं। कांग्रेस में ड्रिफ्ट अधिक है लेकिन लोग शिफ्ट भी चाहते हैं। बहुतों को मालूम नहीं है कि सत्ता में शिफ्ट क्या होता है। उन्हें सभी पॉलिटिशियन एक जैसे दिखाई नहीं देते हैं। जब अलग दिखाई देते हैं तो उनमें 'अपना' ढूंढने की चाहत अधिक होती है। बेशक वह एक नंबर का बदमाश या परले दर्जे का धूर्त और अनपढ़ है।

हरेक चुनाव के समय-राष्ट्रपति के लिए हैं या पंचायत के लिए, जाति, वर्ग, धर्म, अनुसूचित, आदि को लेकर विभिन्न प्रकार के वक्तव्य हमारी नज़र में आते हैं। अधिकांश के बारे में तो मीडिया के जरिये। मूविंग विजुएल्स अर्थात विडियोग्राफ्ड एविडेंस सबसे विश्वसनीय होता है अगर डॉक्टर्ड न हो या कहें तो मनमुताबिक छेड़खानी न की गई हो।


दिए गए वक्तव्यों से व्यक्ति के चिंतन स्तर और विषय के बारे में उसकी समझ मालूम होती है। सत्ता, व्यक्ति को मदहोश रखती है और वह कब वाहियात या अशोभनीय बोल गया है, इसे खुद मालूम नहीं पड़ता। सत्ता, आनी-जानी होती है। लेकिन घृणा और बदले की भावना पॉलिटिक्स में नहीं होनी चाहिए और पॉलिटिकल में अतिवाद के लिए भी जगह नहीं होती। अफसोस की बात है कि भारत में स्टेट्समैन और पॉलिटिकल थिंकर्स की कमी है। कोई है, मुझे अभी नज़र नहीं आ रहा।

कांग्रेस जैसी बड़ी पॉलिटिकल पार्टी ने अपना नाश खुद परिवारवाद में घुसे रहकर किया। रहा-सहा नाश उन रीढ़ हीन व्यक्तियों ने किया जो अनुभवी होकर भी कुटिलतापूर्वक आवश्यकता से अधिक धन के संग्रहकर्ता बने, देश के लिए क्रिटिकल वक्त पर सही निर्णय न ले पाए, देश की सुरक्षा और प्रभुसत्ता के सामने निजी स्वार्थों और अपने अन्दर के भय को जीत न पाए, सही नीतियां न बनाकर देश के मेहनतकशों के साथ धोखा करते रहे, पूंजीवादियों (उद्योगपति नहीं) और बदमाश पृष्ठभूमि के लोगों को सत्ता-संरक्षण देते रहे, सांप्रदायिकता को बढ़ावा देते रहे और विवश आमजन को हमेशा पददलित करते रहे।

रही बीजेपी की बात तो इनके लिए अंग्रेजी में एक शब्द है 'पर्सनल वेंडेटा', जिसे एक वाक् अस्त्र बनाकर ये लोग अपने पैर ही कुल्हाड़ी चला रहे हैं। सत्ता का दुरुपयोग कौन नहीं करता और किसने एक ऋषि-मुनि, मनीषी सरीखा व्यवहार किया है। देश के लोगों को भयभीत करके, ओछे तर्क देकर और व्यक्तिगत ईर्ष्या से सराबोर होकर चुनाव जीतना बेमानी है। देश के नेताओं में अनुभव और अनुभवहीनता, अशिक्षितपन और विद्वत्ता में कोई फर्क कर पाए ऐसी हालत नेताओं ने नहीं छोड़ी। पॉलिटिक्स में नेहरु जैसी ऊंचाई किसी में नहीं दिख रही और जिनमें होगी वे पॉपुलिस्ट किस्म के बयानबाजियों के ताली ढकी-छिपी रहती है। देश में टेलेंट की क्या कमी है?

बहुत पहले एक भविष्यवाणी खुद को समझाने के लिए की थी कि सन 2024 तक 'पैटी-पॉलिटिक्स' को पैसे वाले हथिया लेंगे। तत्पश्चात सत्ता के सौदागर होंगे टेक्नोक्रेट्स और साइंटिस्ट्स। 'शिफ्ट इन इन सेंटर्स ऑफ़ पॉलिटिकल पॉवर' की थ्योरी के अनुसार यह शिफ्ट क्षत्रिय का हाथ से निकलकर ब्राहमण या बनिए के पास नहीं बल्कि कर्मयोगियों के पास होनी चाहिए लेकिन दैवयोग से देखने पर यह किसी और के पास अनापेक्षित रूप से खिसकी है। इसके लिए राजनैतिक शक्ति से वंचित या हाशिये पर रही कम्युनिटीज के पास यह धीरे-धीरे खिसकी है। थ्योरेटिकली देखें तो पॉलिटिकल चिंतन विहीन वर्ग के पास यह केन्द्रित होने की प्रवृत्ति दिखा रही है। देश में अकादमीय विद्वत्ता की कमी नहीं, लेकिन सत्ता ऐसे लोगों के हाथ में चली गई है जिनका लक्ष्य रहा स्वार्थ और बेशुमार अमीरी। पॉलिटिक्स ही ऐसा आसान रास्ता ही जिससे बिना कुछ योगदान के बेशुमार समृद्धि और अमीरी कमाई जा सकती है। दुनिया में इसी चलन का बोलबाला है। भारत की स्थिति अगले 30 साल इस मामले में अभी और बिगड़ेगी। पिछले 15 साल में, खासतौर से सन 2017 में बराक ओबामा के जाने के बाद अमरीका की पॉलिटिकल हालत प्रशंसनीय नहीं कही जा सकती। मुझे लगता है कि अगले बीस साल संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त पिछड़ी जातियों की तरफ सत्ता के शिफ्ट होने के आसार अधिक हैं।

# सैम पित्रोदा का प्रलाप



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

कांग्रेस के ओवरसीज यानी समुद्र पार क्षेत्र के अध्यक्ष और राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने अपने एक बयान द्वारा भारत में अमेरिका की तर्ज पर उत्तराधिकार टैक्स लगाने की वकालत की है। इसके अनुसार किसी के मरने पर उसकी धन सम्पत्ति का 55 प्रतिशथ सरकार को चला जाता है और शेष 45 प्रतिशत उसके वारिसों को। इसके द्वारा उनके अनुसार धन संपत्तियों के पुनर्वितरण करने में सहूलायत होगी। चूंकि भारतीय जन मानस की भावनावों के यह अनुरूप नहीं है, अतः बीजेपी ने इसे तुरंत लपक कर मुद्दा बना लिया और चुनावी लाभ लेने में जुट गई।

हालांकि समय रहते कांग्रेसी चेत गए और सैम के इस बयान से किनारा करते हुए इसे उनका निजी बयान बता दिया। वैसे भी कोई पार्टी सत्ता मे आने पर क्या करेगी, यह उसके चुनावी घोषणा पत्र यानी मैनीफेस्टो से शासित होता है, न कि नेताओं के फुटकर बयानों से, जो हर पार्टी के बड़बोले कहते ही रहते हैं। आपको याद होगा कि कुछ महीने पहले इन्हीं पित्रोदा ने कहा था कि बैलट से चुनाव कराने की मांग की जाएगी। यदि यह न माना जाएगा, तो विपक्ष चुनाव का बहिष्कार करेगा। यह कहां कार्यान्वित हुवा? चुनाव मशीनों से ही हो रहे हैं और विपक्ष भाग ले रहा है। जब भाजपा नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाई और लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण की भूमि तैयार की, तो पार्टी लाइन से हटकर उमा भारती ने इसमें पिछड़े वर्ग की महिलाओं का आरक्षण डालने की बात कही और बयान दिया। किंतु यह उनकी निजी राय ही मानी गई। पार्टी ने इसकी अनसुनी की। सुब्रह्मण्यम स्वामी अक्सर पार्टी लाइन से हटकर बयान देते रहते हैं, जिनका विशेष प्रभाव नहीं होता है, हालांकि बहुधा उनमें दम होता है।

ऐसा भी हो सकता है कि भाजपा ने पित्रोदा को मिलाकर कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करने के लिए यह बयान दिलवा दिया हो, क्योंकि इन दिनों तमाम विपक्षियों और कांग्रेसियों को भाजपा अपने पाले में खींच रही है, और यह उसकी रणनीति का हिस्सा हो। जो भी हो, सैम पित्रोदा का यह बयान भारतीय परिवेश के प्रतिकूल और सम्प्रति प्रलाप मात्र है। संपत्ति का अधिकार तो संविधान में मूलभूत अधिकारों के रूप में समाविष्ट है।

# सत्ता विरोधी लहर
## डूबेंगे या पार लगेंगे पटनायक


मनोज त्रिपाठी


**अमृत विचार।** ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ हो रहे हैं। राज्य की 21 लोकसभा सीटों और 147 विधानसभा सीटों के लिए 13 मई से 1 जून के बीच चार चरणों में वोट डाले जाएंगे। पहले चरण के लिए 13 मई, दूसरे चरण में 20 मई, तीसरे चरण में 25 मई और चौथे चरण में पहली जून को जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी। 13 मई को चार लोकसभा सीटों कालाहांडी, नवरंगपुर, बेरहमपुर और कोरापुट में वोटिंग होगी तो 20 मई को बारगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल और अस्का लोकसभा सीट पर मतदान होगा। 25 मई को छह लोकसभा सीटों संबलपुर, क्योंझर, ढेंकनाल, कटक, पुरी और भुवनेश्वर में मतदाता वोट डालेंगे। पहली जून को राज्य की बची छह लोकसभा सीटों मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर में वोटिंग होगी। इसी तरह चार चरणों में विधानसभा चुनाव के लिए 13 मई को 28 विधानसभा सीटों पर वोटिंग तो 20 मई को 35 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। 25 मई को 42 सीटों और पहली जून को राज्य की शेष बची 42 विधानसभा सीटों पर वोट पड़ेंगे। लोकसभा में जहां 60 फीसदी सीटों पर बीजेडी, भाजपा और कांग्रेस में त्रिकोणात्मक संघर्ष की तस्वीर उभर रही है, वहीं विधानसभा की लगभग 50 फीसदी सीटों पर बीजेडी और भाजपा के सीधे संघर्ष में कांग्रेस तीसरा कोण बनाती नजर आ रही है। राज्य में यह पहला मौका है, जब पिछले पांच बार से चुनाव जीत रही बीजेडी को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ा है। भाजपा लोकसभा की ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने के साथ विधानसभा चुनाव में भी पार्टी के लिए कड़ी चुनौती पेश कर रही है, तो कांग्रेस इस लड़ाई में अपने लिए बाजीगर जैसी भूमिका तलाश रही है।


| | |
|---|---|
| 3.32 | करोड़ कुल मतदाता |
| 1.68 | करोड़ पुरुष मतदाता |
| 1.64 | करोड़ महिला मतदाता |
| 7.54 | लाख फर्स्ट टाइम वोटर |

**2019 लोकसभा चुनाव में दलीय परिणाम**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| बीजेडी | 12 | 1,01,74,021 |
| भाजपा | 08 | 91,30,768 |
| कांग्रेस | 01 | 32,85,339 |






वोट पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेडी को मिले थे
वोट प्राप्त किए थे भारतीय जनता पार्टी ने 2019 में
वोट शेयर के साथ कांग्रेस तीसरे नंबर पर रही थी

## पिछले चुनाव में सिर्फ 4.4 % वोटों से पिछड़ गई थी भाजपा

ओडिशा लोकसभा में 21 सांसद भेजता है। इन 21 लोकसभा सीटों में तीन एससी और पांच एसटी के लिए आरक्षित हैं। बीजेडी 2009 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से अलग हो गई थी। इस बार पार्टी ने चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए भाजपा के साथ हाथ मिलाने के लिए कोशिश की पर समझौता परवान नहीं चढ़ पाया।

2019 के लोकसभा चुनावों में बीजेडी ने 42.8 प्रतिशत वोट हासिल करते हुए राज्य की 21 में से 12 सीटें जीत ली थीं। भाजपा ने आठ सीटों पर कमल खिलाया था। पार्टी को 38.4% वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस एक सीट ही जीत पाई थी। उसने 13.4% वोट प्राप्त किए थे। इस बार भी ओडिशा में यही तीन पार्टियां चुनावी लड़ाई में आमने-सामने हैं। लोकसभा की एक दर्जन सीटों पर बीजेडी, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय टक्कर मानी जा रही है, जबकि नौ सीटों पर मुकाबला बीजेडी और भाजपा के बीच सीधे संघर्ष में सिमटता नजर आ रहा है।

भाजपा ने इस बार अपने चार सांसदों को दोबारा मौका नहीं दिया है। संबलपुर से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने कांग्रेस के दुलाल चंद्र प्रधान और बीजेडी के प्रणब प्रकाश दास की चुनौती है। पुरी से भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा के सामने बीजेडी ने मौजूदा सांसद पिनाकी मिश्र की जगह पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण पटनायक को उतारा है, कांग्रेस ने सिद्धार्थ राउत्रे को टिकट दिया है। केंद्रपाड़ा से भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा किस्मत आजमा रहे हैं। यहां उनके मुकाबले में बीजेडी के अंशुमन मोहंती हैं। भुवनेश्वर से अपराजिता सारंगी दोबारा मैदान में हैं, यहां उनका मुकाबला बीजेडी के मन्मथ राउद्रे से है। सुंदरगढ़ से जुएल उरांव जैसे पुराने नेता पर दांव खेला है। पार्टी ने बीजेडी छोड़कर आए कटक के मौजूदा सांसद भर्तृहरि महताब को कटक से ही उतारा है।

### गठबंधन भाजपा और बीजेडी की मजबूरी थी पर सीट शेयरिंग की जिद व कार्यकर्ताओं में दूरी थी


- लोकसभा और विधानसभा चुनाव के रण में बीजेडी और नवीन पटनायक पर जमकर हमले करने के बाद भी भाजपा ने चुनाव बाद बीजेडी के साथ अनौपचारिक समझौते का द्वार खुला रखा है। दोनों दलों में गठबंधन और सीट समझौता टूटने के बाद भी पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रीय महत्व के कई मामलों में मोदी सरकार को समर्थन देने के लिए पार्टी ने बीजेडी के प्रति आभार जताया था। रणनीति के तहत ही समझौते की बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो बार ओडिशा आए पर नवीन पटनायक या उनकी सरकार के बारे में एक शब्द नहीं कहा। उल्टा नवीन को "मेरे मित्र" कहकर संबोधित किया और "लोकप्रिय मुख्यमंत्री" बताया था। दरअसल दोनों पार्टियों के बड़े नेता तो गठबंधन के लिए उत्सुक थे जबकि आम कार्यकर्ता इससे नाराज़ थे। भाजपा "अबकी बार, 400 पार" लक्ष्य के साथ राज्य सरकार में भागीदारी के लिए गठबंधन चाहती थी, तो बीजेडी भी समझ रही थी कि इस बार के चुनाव में पार्टी की स्थिति पहले जैसी नहीं है। लेकिन लोकसभा में भाजपा के ज्यादा सीट मांगने के कारण बात परवान नहीं चढ़ पाई।

### राजघरानों के एक दर्जन सदस्य चुनावी समर में बीजेडी ने सबसे ज्यादा 10 को दिया है मौका

- ओडिशा के चुनाव में इस बार राजघरानों के एक दर्जन सदस्य चुनावी मैदान में किस्मत आजमाने उतरे हैं। प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी बीजू जनता दल ने सबसे ज्यादा सात शाही परिवार के सदस्यों को टिकट दिया है। भाजपा ने चार और कांग्रेस ने एक राजघराने के सदस्य को चुनावी समर में उतारा है। राजघरानों के 10 सदस्य विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि दो लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरे हैं। बीजेडी से धाराकोटे शाही परिवार के दिग्गज नेता स्व. एएन सिंहदेव की 28 वर्षीय पौत्री सुलक्षणा गीतांजलि देवी सनाखेमुंडी विधानसभा क्षेत्र से मैदान में हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के मौजूदा विधायक रमेश चंद्र जेना से है। चिकिती विधानसभा से चिकिती के शाही परिवार की वंशज उषा देवी के बेटे चिन्मयानंद श्रीरूप देब भी बीजेडी से मैदान में हैं। अभी इस सीट से उनकी मां उषा देवी विधायक हैं। बीजेडी से ही देवगढ़ के राजा और भाजपा के संबलपुर सांसद नितेश गंगा देव की पत्नी रानी अरुंधति देवी देवगढ़ विधानसभा सीट से प्रत्याशी हैं। बीजेडी के टिकट पर चुनावी समर में औल शाही परिवार के सदस्य प्रताप देब औल सीट से तो नयागढ़ विधानसभा सीट से प्रत्यूषा राजेश्वरी उतरी हैं। इसी तरह पुष्पेंद्र सिंह देव धर्मगढ़ विधानसभा सीट और अंगुल विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक शाही परिवार के रजनीकांत की पत्नी संजुक्ता सिंह उम्मीदवार हैं। बोलांगीर से दो बार के सांसद कलेश नारायण सिंह देव भी बीजेडी से इस बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने बोलांगीर लोकसभा सीट से यहां के शाही परिवार की मौजूदा सांसद संगीता कुमारी सिंह पर फिर से दांव लगाया है। संगीता चार बार इस सीट को जीत चुकी हैं। उनके पति केवी सिंह को भाजपा ने पटनागढ़ विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। पार्टी ने कालाहांडी लोकसभा सीट से शाही परिवार के पूर्व सांसद केशरी देव की पत्नी मालविका केशरी देव को टिकट दिया है।

### 2014 में दलीय परिणाम और वोट

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| बीजेडी | 20 | 94,91,497 |
| भाजपा | 01 | 46,38,619 |
| कांग्रेस | 00 | 55,93,123 |
| अन्य | 00 | 18,09,036 |








400 पार जीतेंगे : नई दिल्ली में भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने मोती नगर में रोड शो करने के दौरान जब अपने तेवर और अंदाज दिखाए तो लोगों के बीच बरबस ही उनकी मां भाजपा की वरिष्ठ नेता रहीं स्व. सुषमा स्वराज की यादें ताजा हो गईं।

## राजस्थान में पांच सीटों पर भाजपा का कड़ा इम्तिहान

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में राजस्थान में 13 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। इनमें पांच सीटों पर सभी की नजर लगी है। जोधपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत का मुकाबला कांग्रेस के करण सिंह उजियारा से हो रहा है। दोनों के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है। कोटा-बूंदी सीट पर भाजपा के ओम बिरला और कांग्रेस के प्रहलाद गुंजल के बीच भी संघर्ष बताया जा रहा है। जालोर-सिरोही सीट पर कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत का चैन भाजपा के लुंबाराम चौधरी ने छीन रखा है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट भी चर्चा में है। यहां भाजपा के महेंद्रजीत सिंह मालवीय की बाप पार्टी के राजकुमार रोत से टक्कर है। राजकुमार को कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है। सबसे चर्चित सीट बाड़मेर-जैसलमेर है, जहां त्रिकोणीय मुकाबले में सबकी निगाह निर्दलीय उम्मीदवार रविंद्र सिंह भाटी पर है, जिन्होंने भाजपा-कांग्रेस दोनों की नींद उड़ा रखी है।

## छठवीं बार मुख्यमंत्री बनने में 'एंटी इनकंबेंसी' बन रही कठिन चुनौती



विधानसभा चुनाव में बीजू जनता दल (बीजेडी) के सामने लगातार छठी बार बहुमत हासिल करने की चुनौती है। अगर इस बार भी बीजेडी चुनाव जीतती है, तो राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक चार माह बाद सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग को पछाड़ कर सबसे लंबे समय तक सरकार चलने के मामले में पहले नंबर पर आ जाएंगे। इसके साथ ही लगातार छठी बार विधानसभा चुनाव जीतने का अनोखा रिकॉर्ड भी उनके नाम हो जाएगा। लेकिन पिछले पांच बार आसानी से चुनाव जीतने वाले नवीन पटनायक इस बार अपने राजनीतिक जीवन की सबसे कठिन चुनौती का सामना कर रहे हैं। 24 साल में पहली उन्हें और उनकी पार्टी बीजेडी को राज्य में 'एंटी इनकंबेंसी' से जूझना पड़ रहा है। हालांकि पटनायक की लोकप्रियता में खास कमी नहीं आई है, लेकिन लगातार सत्ता में रहने के कारण उनके विधायक और सांसद अपने क्षेत्रों में लोगों की आंकक्षाओं पर खरे नहीं उतरने के कारण और स्थानीय समस्याओं के चलते भरोसा और समर्थन खोते नजर आ रहे हैं।

- **विधान सभा चुनाव जीतने पर देश में सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने के मामले में पहले नंबर परआ जाएंगे नवीन पटनायक**

इस 'एंटी इनकंबेंसी' से निपटने के लिए बीजेडी ने चेहरे बदलने का खेल खेला है। लोकसभा और विधानसभा प्रत्याशियों की सूची में भाजपा और कांग्रेस से आए नेताओं को बड़ी संख्या में मौका दिया है। बीजेडी के लोकसभा और विधान सभा प्रत्याशियों की सूची में एक तिहाई टिकट अन्य पार्टियों से आए नेताओं को दिए गए हैं। इसका परिणाम यह भी हो रहा है कि टिकट की आस लगाए बैठे बीजेडी के कई नेता टिकट न मिलने की नाराजगी में भाजपा में शामिल हो चुके हैं, तो कुछ बीजेडी नेता खुलेआम घोषित प्रत्याशियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं या निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतर गए हैं। इसका नुकसान भी पार्टी को हो सकता है।

### मोदी के विजन-2047 की तर्ज पर ओडिशा को 2036 में नंबर वन राज्य बनाने का वादा

- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को यूं ही राजनीति का बड़ा खिलाड़ी नहीं माना जाता है। इस बार के चुनाव में 'एंटी इनकंबेंसी' का फैक्टर भलीभांति समझते और भाजपा द्वारा 25 साल के कामकाज पर जारी चार्जशीट का मुकाबला करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विज़न 2047' की तर्ज पर 2036 तक ओडिशा को विकसित राज्य बनाने की कसम खाई है। अपने चुनावी अभियान की शुरूआत उन्होंने इसी दांव से की है। वह लोगों से कह रहे हैं कि बीजेडी को छठी बार मौका देने पर जब राज्य 2036 में अपने गठन के 100 साल पूरे करेगा तो देश में नंबर एक विकसित प्रदेश होगा। भाजपा के डबल इंजन सरकार के जवाब में वह मतदाताओं से बीजेडी के चुनाव निशान शंख को डबल आशीर्वाद, एक वोट लोकसभा और दूसरा विधानसभा चुनाव के लिए मांग रहे हैं। पटनायक हर चुनावी चाल सधे अंदाज में चल रहे हैं। 2019 में भाजपा ने पश्चिमी ओडिशा में कालाहांडी, बलांगीर, बारगढ़, संबलपुर व सुंदरगढ़ लोकसभा सीटें जीत ली थीं। भाजपा की फिर से पिछला प्रदर्शन दोहराने की संभावनाओं को रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने हिन्जिली की परंपरागत सीट के साथ बलांगीर की कांटाबांजी विधानसभा क्षेत्र से भी उतरने का फैसला लिया है।

## सतना में त्रिकोणीय, रीवा में सीधे मुकाबले के आसार

चुनाव डेस्क

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छह लोकसभा सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, होशंगाबाद, रीवा और सतना में 26 अप्रैल को मतदान होना है। 2019 के चुनाव में यह सभी छह सीटें भाजपा ने जीती थीं। इन छह सीटों में सबसे रोचक मुकाबला सतना और रीवा में होता नजर आ रहा है। पहले चरण के चुनाव में कम मतदान होने के कारण इस चरण में चुनाव आयोग के साथ भाजपा और कांग्रेस ने भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए हैं।

भाजपा से सतना लोकसभा पर चार बार के सांसद गणेश सिंह चुनाव मैदान में है। उनके मुकाबला कांग्रेस के सतना से विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा मजबूती से कर रहे हैं। पिछले चुनावों में गणेश सिंह को इकलौता ओबीसी प्रत्याशी होने का भी लाभ मिलता था, लेकिन इस बार कांग्रेस का प्रत्याशी भी ओबीसी है। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी नारायण त्रिपाठी भी कहीं से कमजोर नहीं नजर आ रहे हैं। इस सीट पर कुल 14 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मजेदार बात यह है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा सांसद गणेश सिंह को सिद्धार्थ कुशवाहा ने 4041 मतों से हरा दिया था। ऐसे में इस बार दोनों प्रत्याशियों के बीच संघर्ष प्रतिष्ठा और बदले के साथ ओबीसी वर्ग में वर्चस्व से भी जुड़ गया है। लेकिन इस लड़ाई के समीकरण पांचवीं बार दल बदलकर बसपा से उतरे नारायण त्रिपाठी ने गड़बड़ा दिए हैं। मैहर विधानसभा से चार बार के विधायक रहे नारायण के कारण अब यहां संघर्ष त्रिकोणीय हो गया है। सतना सीट पर ठाकुर मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।

- मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छह लोकसभा सीटों पर आज मतदान
- सतना में चार बार के सांसद गणेश सिंह और कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा की जंग में पूर्व विधायक बसपा के नारायण त्रिपाठी बने तीसरा कोण
- रीवा में भाजपा-कांग्रेस के ब्राह्मण प्रत्याशियों में घमासान, भाजपा सासंद की जीत की हैट्रिक रोकने में कांग्रेस की पूर्व विधायक ने लगाई ताकत

### हैट्रिक के लिए लड़ रहे जनार्दन



रीवा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा दोनों के ब्राह्मण प्रत्याशियों के कारण मुकाबला दिलचस्प स्थिति में पहुंच गया है। भाजपा से मौजूदा सांसद जनार्दन मिश्र चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार वह जीत की हैट्रिक लगाना चाहते हैं। कांग्रेस से उनका मुकाबला नीलम अभय मिश्रा कर रही हैं। नीलम मिश्रा ने 2013 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में सेमरिया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। वर्तमान में उनके पति अभय मिश्रा सेमरिया से विधायक हैं। बसपा के अभिषेक पटेल दो ब्राह्मणों की इस जंग में तीसरा कोण बनाने के लिए सजातीय और कैडर वोट को गोलबंद करने में लगे हैं। जानकारों का कहना है कि शुरू में इस सीट पर भाजपा का पलड़ा भारी नजर आ रहा था, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ा कांग्रेस उम्मीदवार के कारण समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। अब भाजपा-कांग्रेस की सीधी टक्कर में मौजूदा सांसद को पीएम मोदी और सीएम मोहन यादव का ही सहारा है।



# ...मोहब्बत की नगरी में किसके सिर सजेगा ताज




ताजमहल के बाद पेठा के लिए मशहूर आगरा सुरक्षित लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में सात मई को वोट पड़ेंगे। सूबे के सबसे बड़ा पर्यटन से जुड़ा शहर होने के बाद भी आगरा में समस्याओं की कमी नहीं है। पेठा के बाद जूता, लेदर गुड्स और हैंडीक्राफ्ट यहां का प्रमुख कारोबार है। लेकिन जल संकट, गंदगी और यातायात जाम प्रमुख समस्या है। शहर में स्मार्ट सिटी के काम चल रहे हैं, पर उनसे अभी तस्वीर नहीं बदली है।

मेट्रो रेल जरूर सीमित मार्ग पर दौड़ने लगी है। बैराज, एयरपोर्ट, हाईकोर्ट की बेंच का मुद्दा चुनाव में उठता है और फिर दम तोड़ देता है। भाजपा के मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री एसपी बघेल के सामने बसपा की पूजा अमरोही और सपा-कांग्रेस गठबंधन से सुरेश चंद्र कर्दम चुनौती पेश कर रहे हैं। जानकार मुकाबला त्रिकोणीय संघर्ष की तरफ बढ़ता तो मान रहे हैं, लेकिन यह भी कह रहे हैं कि आगरा में जातीय समीकरण ज्यादा नहीं चलते हैं और भाजपा ने अपना वोट प्रतिशत इतना बढ़ा लिया है, जिसे पाटना आसान नहीं है। पिछले चुनाव में सपा-बसपा और रालोद साथ थीं, तब भाजपा को दो लाख से ज्यादा वोटों से जीत मिली थी।

- भाजपा, सपा और बसपा के बीच तिकोने मुकाबले में किसके सिर सजेगा जीत का ताज
- सपा और बसपा दोनों के प्रत्याशी जाटव बिरादरी से, सजातीय मतों के लिए मचा घमासान
- सपा और बसपा के लिए भाजपा का बढ़ता जीत का अंतर पाटना सबसे बड़ी मुश्किल

दिग्विजय सिंह

ताज नगरी आगरा को भले ही दलित और मुस्लिम वोटरों का गढ़ माना जाता हो या सियासी हल्कों में दलितों की राजधानी कहा जाता हो और सीट भी सुरक्षित हो, लेकिन गुरुवार को यहां विपक्षी दलों के सारे जातीय समीकरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में उमड़ी भीड़ के आगे ध्वस्त होते नजर आए। प्रधानमंत्री कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनने, संपत्ति हड़पने और परिवारवाद जैसे आरोप लगाकर दलित और पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं को सावधान करते हुए साध गए। जातीय समीकरणों के लिहाज से आगरा लोकसभा सीट पर ढाई लाख के आसपास जाटव मतदाता हैं। इसे देखते हुए ही सपा ने पूजा अमरोही और बसपा ने सुरेश चंद्र कर्दम को उतारा है। यह दोनों प्रत्याशी जाटव बिरादरी से ही आते हैं। एक अनुमान के मुताबिक आगरा में दलित और मुस्लिम मतदाताओं का आंकड़ा करीब 37 फीसदी है। वैश्य मतदाता तीन लाख से अधिक गिने जाते हैं, जिन्हें परंपरागत रूप से भाजपा का वोटर माना जाता है। आगरा लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें एत्मादपुर, आगरा छावनी, आगरा दक्षिण, आगरा उत्तर और जलेसर आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों भाजपा ने कमल खिलाया था।




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | प्रो. एसपी सिंह बघेल | 646,875 |
| बसपा | मनोज कुमार सोनी | 4,35,329 |
| कांग्रेस | प्रीत हरित | 45,149 |

### राम लहर में भाजपा फिर सपा से राज बब्बर

- 1989 में जनता दल ने इस सीट पर कब्जा किया. 90 के दशक में रामलहर के बाद देश में हुए लगातार तीन लोकसभा चुनाव 1991, 1996 और 1998 में भारतीय जनता पार्टी यहां से जीती. 1999 और 2004 में समाजवादी पार्टी की ओर से बॉलीवुड अभिनेता राज बब्बर ने चुनाव जीता था।



### 1984 के बाद कांग्रेस कभी नहीं जीती


- एक समय में आगरा लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी, लेकिन पिछले दो दशकों में इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी या समाजवादी पार्टी ही जीतती रही है. 1952 से लेकर 1971 तक यहां से कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी, जबकि इमरजेंसी के बाद देश में कांग्रेस विरोधी लहर में भारतीय लोकदल ने जीत हासिल की। हालांकि उसके बाद हुए लगातार दो चुनाव 1980 और1984 में कांग्रेस ने जीत के साथ वापसी की, लेकिन उसके बाद कांग्रेस दोबारा इस सीट पर जीत नहीं पाई।

### आज तक कोई महिला नहीं जीती

- आगरा सीट को लेकर एक दिलचस्प बात यह भी है कि आजादी के बाद से अब तक किसी भी लोकसभा चुनाव में आगरा को महिला सांसद नहीं मिल पाई है। पिछली बार कांग्रेस ने प्रीत हरित को मैदान में उतारा था। इस बार बसपा से पूजा अमरोही किस्मत आजमा रही हैं।

**गेम चेंजर वोटर**

3.15 लाख वैश्य | 2.80 लाख दलित
2.70 लाख मुस्लिम | 1.30 लाख बघेल




### भाजपा साध रही सबके वोट, सपा कर रही बसपा के मतों में सेंधमारी

- आगरा से मौजूदा सांसद और मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री सत्यपाल सिंह बघेल भाजपा का कमल फिर से खिलाने के लिए सुबह से जन संपर्क में निकल जाते हैं। वह खासतौर उन वोटरों की नाराजगी दूर कर रहे हैं, जिन्होंने शुरू में उनके लिए विरोध के स्वर दिखाए थे। भाजपा सांसद ने अपने प्रचार में क्षेत्र के विकास, मोदी की गारंटी और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस कर रखा है। उधर, बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही कांग्रेस की पूर्व सांसद सत्या बहन की पुत्री हैं। एटा में जन्मीं पूजा दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से पढ़ी हैं। उनके पति व्यवसायी हैं। पूजा अपनी मां सत्या बहन के साथ राजनीति में सक्रिय थीं। इसके साथ ही विभिन्न गैर–सरकारी संगठनों से जुड़ी हैं। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुरेश चंद्र कर्दम जूता व्यवसायी हैं। वह पहले बहुजन समाज पार्टी से जुड़े रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2000 में आगरा से बसपा के टिकट पर मेयर पद का चुनाव लड़ा था और दूसरे स्थान पर रहे थे। उनके जरिए सपा को बसपा के पारंपरिक वोट बैंक में सेंध लगने की उम्मीद है। आगरा सीट पर चुनाव प्रचार अंतिम घमासान की तरफ बढ़ने के साथ ही जानकार भाजपा के प्रत्याशी प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल, बसपा की पूजा अमरोही और इंडिया गठबंधन से सपा के उम्मीदवार सुरेशचंद्र कर्दम के बीच त्रिकोणात्मक संघर्ष होना मान रहे हैं। लेकिन यह भी तथ्य है कि आगरा लोकसभा सीट सुरक्षित होने और दलित वोट निर्णायक भूमिका में रहने के बाद भी बहुजन समाज पार्टी अब तक कभी इस सीट पर चुनाव नहीं जीत पाई है। बसपा ने 2009, 2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा को टक्कर दी थी। 2009 का चुनाव तो बसपा 10 हजार वोट से ही हारी थी। लेकिन इसके बाद हुए दोनों चुनावों में उसकी हार का फासला बढ़ता चला गया।

### पिछले दोनों चुनावों में बसपा रही काफी पीछे

- 2019 में भाजपा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल को 6,46,875 और बसपा के उम्मीदवार मनोज कुमार सोनी को 4,35,329 वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में भाजपा के डॉ राम शंकर कठेरिया को 5,83,716 और बसपा प्रत्याशी नारायण सिंह सुमन को 2,83,453 वोट मिले थे। सपा के महाराज सिंह धनगर 1,34,708 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

| विधानसभा क्षेत्र | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| एत्मादपुर | 233310 | 191589 | 424919 |
| आगरा कैंट | 239104 | 19698 | 436112 |
| आगरा दक्षिण | 193235 | 160924 | 354181 |
| आगरा उत्तर | 218624 | 181714 | 400359 |
| जलेसर | 280441 | 150747 | 1296678 |

(थर्ड जेंडर के मतदाता कुल मतदाता संख्या में शामिल)

# कौशांबी में त्रिकोणीय लड़ाई में फंसी भाजपा

चुनाव डेस्क




- सपा से पुष्पेंद्र सरोज प्रत्याशी तो बसपा ने सेवानिवृत्त डीएसपी को मैदान में उतारा
- भाजपा ने लगातार दो बार से जीत रहे विनोद कुमार सोनकर पर ही जताया भरोसा

**अमृत विचार।** कौशांबी लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। फिलहाल यहां लड़ाई त्रिकोणीय दिख रही है। भाजपा ने जहां दो बार से जीत रहे विनोद कुमार सरोज को पुनः मैदान में उतारा है तो सपा ने पूर्व कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज के बेटे पुष्पेंद्र सरोज पर दांव लगाया है। मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए बसपा प्रमुख मायावती ने सेवानिवृत्त डीएसपी शुभ नारायण को मौका दिया है। भाजपा को जहां इस सीट पर हैट्रिक की उम्मीद है तो सपा को लगता है कि वह कांग्रेस के साथ मजबूत गठजोड़ के सहारे मैदान मार लेगी।

### राजा भइया पर हर किसी की निगाह

- अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर जन सत्ता दल के मुखिया राजा भइया का अच्छा खासा प्रभाव है। राजा भइया को उम्मीद थी कि उनका भाजपा से गठजोड़ हो जाएगा और यह सीट उनकी पार्टी को समझौते के तहत मिलेगी। इसी उम्मीद से उन्होंने राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को वोट भी दिया था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भाजपा ने यहां से अपना उम्मीदवार उतार दिया। बाद में समाजवादी पार्टी ने भी राजा भइया से गठजोड़ की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। अब राजा भइया की चुप्पी हर किसी को खल रही है। सपा और भाजपा उनके कदम पर निगाह रखे हुए हैं तो उनके समर्थक भी चाहते हैं कि राजा भइया जल्द यह तय करें कि वे किस दल के साथ रहेंगे।

### विधानसभा की एक भी सीट भाजपा के पास नहीं

- लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से कुंडा समेत दो विधानसभा सीटों पर जन सत्ता दल का कब्जा है। कुंडा से राजा भइया खुद विधायक हैं जबकि सिराथू, मंझनपुर और चैल सीट पर सपा काबिज है। सिराथू की विधायक पल्लवी पटेल ने अखिलेश का साथ छोड़ दिया है। विधानसभा चुनाव में मिली हार भाजपा को आज भी अखरती है। राजनीति के जानकार इसीलिए इस बार मान रहे हैं कि भाजपा यहां कड़े मुकाबले में फंस गई है।

### जनसत्ता दल ने बिगाड़ा था सपा का खेल

- 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा– बसपा का गठबंधन था। तब सपा के इंद्रजीत सरोज यहां से मैदान में उतरे थे लेकिन उनकी जीत की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन गई थी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी। इस पार्टी के उम्मीदवार शैलेंद्र कुमार पासी ने डेढ़ लाख से अधिक वोट प्राप्त किया था। इंद्रजीत तब दूसरे स्थान पर रहे थे। भाजपा ने यह सीट 38, 722 वोट से जीत ली थी।

### 2022 में हार गए थे केशव प्रसाद मौर्य

- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य इस संसदीय क्षेत्र की सिराथू विधानसभा सीट से 2022 में विधानसभा चुनाव लड़े थे। उनके सामने अपना दल कमेरावादी पार्टी की पल्लवी पटेल सपा के टिकट पर मैदान में थीं। पल्लवी ने उन्हें हरा दिया था। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की हार चौंकाने वाली थी। इसे भाजपा के लिए बड़ा झटका माना गया था।



# सुभासपा के लिए चुनौती बने बसपा के बालकृष्ण चौहान

**घोसी संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

- सपा ने राजीव राय तो भाजपा की सहयोगी सुभासपा ने अरविंद राजभर को उतारा

घोसी लोकसभा सीट पर चुनाव दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने इस को अपनी सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को दे दिया है। सुभासपा प्रमुख एवं कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने इस सीट पर अपने बेटे अरविंद राजभर को उतार दिया है। जबकि उनके सामने सपा से राजीव राय तो बसपा से पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान मैदान में हैं। बालकृष्ण चौहान के मैदान में आने से यहां लड़ाई रोचक हो गई है। इस चुनाव में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर की साख भी दांव पर है क्योंकि उनके बेटे जो चुनावी समर में हैं।

मोदी लहर में भाजपा ने पहली बार 2014 के लोकसभा चुनाव इस सीट से जीत दर्ज की थी। तब पार्टी उम्मीदवार हरिनारायण राजभर यहां से जीते थे लेकिन 2019 के चुनाव में पार्टी की अंतरकलह और मतदाताओं में सांसद को लेकर नाराजगी का खामियाजा यहां भाजपा को भुगतना पड़ा था। तमाम कोशिश के बाद भी भाजपा यह सीट जीत नहीं पायी थी। तब सपा-बसपा गठबंधन हुआ था। बसपा से प्रत्याशी अतुल राय को जीत मिली थी। हालांकि दुष्कर्म के आरोप में वे जेल गए और पूरा कार्यकाल उनका जेल में ही बीत गया। इस लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं। चार विधानसभा मऊ के और एक विधानसभा बलिया जिले की है। बसपा ने यहां से बालकृष्ण चौहान को मैदान में उतारा है। बालकृष्ण बसपा के टिकट पर ही यहां से सांसद बने थे। हालांकि बाद में उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। अब वे पुनः बसपा में आए और उन्हें टिकट मिला। इंडिया गठबंधन की सहयोगी सपा ने राजीव राय को प्रत्याशी बनाया है। राजीव राय इस सीट को जीतने के लिए मजबूत चक्रव्यूह बना रहे हैं। उन्होंने सुभासपा को सीट देने से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने पक्ष में मोड़ने की लगातार कोशिश की है। तो बसपा भी दलित, पिछड़े और मुसलमान मतदाताओं पर फोकस कर रही है।

### मुख्तार की छाया से मुक्त पहला चुनाव

- घोसी सीट पर बाहुबली मुख्तार अंसारी का दखल रहा है। जेल में बीमारी की वजह से मुख्तार की मौत के बाद यह पहला चुनाव हो रहा है। इसमें मुख्तार की दखलंदाजी नहीं होगी। अन्यथा मुख्तार जिस पार्टी के समर्थन में होते मुस्लिम मतदाताओं का रुख उसी की तरफ होता।

# आजमगढ़ के उप चुनाव में मिली जीत बरकरार रखने की चुनौती

चुनाव डेस्क

- भाजपा ने फिर से सांसद निरहुआ को बनाया है उम्मीदवार
- सपा ने पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव पर पुनः जताया है भरोसा
- बसपा ने बदल दिया है भीम राजभर का टिकट

आजमगढ़ संसदीय सीट पर भाजपा और सपा में कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है। बसपा ने पहले इस सीट पर भीम राजभर को मैदान में उतारा था बाद में उनका टिकट काट दिया और दूसरी सीट से उम्मीदवार बना दिया। अब मतदाताओं को बसपा के प्रत्याशी का इंतजार है। सपा ने यहां से पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने वर्तमान सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ को। उप चुनाव में जीते दिनेश लाल यादव जहां जीत बरकरार रखने के लिए छटपटा रहे हैं तो धर्मेंद्र यादव हार का बदला लेने को आतुर दिख रहे हैं।

आजमगढ़ संसदीय सीट के तहत 5 विधानसभा क्षेत्र हैं। सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी के विधायक हैं। पड़ोस की लालगंज संसदीय सीट की पांचों विधानसभा सीटों पर भी भाजपा का कोई विधायक नहीं है।

2019 के संसदीय चुनाव में भाजपा ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ दिनेश लाल यादव को मैदान में उतारा था पर अखिलेश ने भोजपुरी सिनेमा के स्टार दिनेश लाल यादव 2,59,874 मतों के अंतर से पटखनी दी। 2022 में विधायक चुने जाने के बाद अखिलेश ने यहां से त्यागपत्र दिया। सीट पर उपचुनाव हुआ तो यहां से दिनेश लाल यादव निरहुआ सपा के उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव हरा दिया था। तब उनकी हार में बसपा के गुड्डू जमाली की अहम भूमिका थी। गुड्डू अब सपा के साथ हैं तो धर्मेंद्र को जीत की उम्मीद है। बसपा ने भी अपना उम्मीदवार बदल दिया है। अब सपा, भाजपा हर किसी की निगाह बसपा प्रमुख मायावती के अगले कदम पर है। वह किसे उम्मीदवार बनातीं हैं। उम्मीद है कि पार्टी किसी मुस्लिम चेहरे पर दांव लगाएगी।




मतदाता जागरूकता अभियान : फस्ट टाइम वोटर मे मतदान का भारी जोश है। मुबइ मे लोगो से वोट जरूर डालने की अपील कुछ इस अनोखे अंदाज में करतीं युवतियां। चेहरा पेंट करके तिरंगा बनाया और लोकतंत्र की जीत के लिए विक्ट्री निशान बनाकर बोलीं, वोट फार नेशन।

# अब 'घर' और 'गढ़' में होगा बेहद रोमांचक रण

इरा अवस्थी, कन्नौज

- सस्पेंस के बादल छंटने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज से फिर मैदान में
- अटकल, असमंजस और मायूसी के दौर से उबर कर जोश में आए सपाई



### अब भारत-पाकिस्तान का मैच : सुब्रत पाठक

नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे सांसद सुब्रत पाठक ने मीडिया से कहा कि अब भारत-पाकिस्तान का मैच होगा? कन्नौज अगर सपा का गढ़ है, तो उनका घर है। इसके जवाब में पूर्व सीएम अखिलेश ने कहा कि वे (सांसद) न तो बॉलिंग कर पाएंगे न बैटिंग, हम छह के छह बॉल पर छक्के ही मारेंगे। ऐसा न हुआ तो समाजवादी नहीं। इस बार क्लीनबोल्ड करने की तैयारी है। जीत ऐतिहासिक होगी। मुकाबला 'घर' बनाम 'गढ़' होने वाला है।

**अमृत विचार।** आखिरकार कन्नौज लोकसभा सीट एक बार फिर से देश की 'हॉट सीट' की लिस्ट में आ गई है। तमाम कयास, असमंजस, प्रत्याशी घोषित करने और फिर बदलने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के ताल ठोंकने से मुकाबला रोमांचक होने के आसार प्रबल हो गए हैं। अब रण 'घर' बनाम 'गढ़' होगा। भाजपा प्रत्याशी कहते हैं कि कन्नौज मेरा घर है तो सपा का तर्क है कि गढ़ में वापसी होगी।

दो दिन पहले तक कन्नौज सीट पर समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को लेकर अटकलों-असमंजस का दौर था। इस बीच सपा ने तेजप्रताप यादव को प्रत्याशी बना दिया। इसके साथ ही सपा कुनबे में मायूसी फैल गई और सभी अखिलेश से ही कन्नौज से चुनाव लड़ने की मांग करने लगे। उधर, माना जा रहा था कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका तथा पूरे देश में प्रचार की जिम्मेदारी के चलते वे इस बार लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे। दूसरी तरफ सुप्रीमो के मन में कोई और ही रणनीति तैयार हो रही थी। जनता व कार्यकर्ताओं की जबर्दस्त मांग व जिद के आगे तो झुकना ही पड़ा जबकि वे खुद दो साल पहले एक निजी कार्यक्रम में इस बात का संकेत दे चुके थे। इस तरह पहले से स्पष्ट ही था के वे कन्नौज को ही एक बार फिर से चुनावी रणक्षेत्र बनाएंगे। बुधवार को शाम होते-होते उनके यहां से चुनाव लड़ने पर मुहर लग गई। गुरुवार दोपहर 12 बजे सीधे कलेक्ट्रेट पहुंचकर अखिलेश यादव ने नामांकन कर दिया। इसके बाद पत्रकारों से रूबरू हुए तो कन्नौज से अपने लगाव का प्रदर्शन यह कहते हुए किया कि यहां से उनकी शुरुआत हुई तो यहां के लोगों से जुड़ाव खास है।



### छह के छह बॉल पर छक्के मारेंगे : अखिलेश

### डिंपल की हार याद दिलाकर भरा जोश

- दो दिन पहले तक तेजप्रताप के नाम की घोषणा से खुश नजर आ रहे भाजपाइयों के खेमे में उत्साह अब भी है लेकिन कहीं न कहीं शंका के बादल भी नजर आ रहे हैं। प्रेस के माध्यम से अखिलेश ने रूठों का भी सहयोग मांगा है। सपा के जिम्मेदारों की मानें तो राष्ट्रीय अध्यक्ष के चेहरे पर पार्टी की टूटन खत्म हो सकती है। बताया जा रहा है कि भाजपा में भी अंदरखाने असंतुष्टि और गुस्से के स्वर हैं। ऐसे में सपा अध्यक्ष के आने से कुछ इस तरह का वोट इधर का उधर हो सकता है। यद्यपि सांसद सुब्रत ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब अखिलेश सामने हैं। वे पहले भी अखिलेश और डिंपल के सामने चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 में डिंपल को हराकर ही सीट भाजपा की झोली में डाली थी।
- वर्ष 2000 में अखिलेश ने यहां पहला उपचुनाव लड़ा था जब उनके पिता व पार्टी संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव ने यहां की सीट से इस्तीफा दिया था। इसके बाद वे लगातार तीन बार सांसद रहे।

## सार-संक्षेप

### कैदी के इलाज के लिए जारी धनराशि वापस

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला कारागार फिरोजाबाद में बंद एक कैदी के इलाज के लिए शासन ने तीन लाख रुपये स्वीकृत कर दिया। बाद में पता चला कि उसे न्यायालय ने रिहा कर दिया है। ऐसी स्थिति में शासन ने आनन-फानन में अवमुक्त धन वापस मंगा लिया है। फिरोजाबाद कारागार में बंद अभि यादव गंभीर रूप से बीमार हैं। इनका इलाज लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में चल रहा है। इलाज को लेकर कारागार के प्रयासों से शासन ने तीन लाख रुपये अवमुक्त किया था। जब धन जारी हुआ तो कारागार प्रशासन द्वारा शासन को पुन: सूचना दी गई कि बंदी को जिला न्यायालय ने जमानत दे दी है। ऐसी स्थिति में अब इस धन का कोई मतलब नहीं रह गया है। इस दौरान शासन ने तत्काल जारी धन को वापस मंगाने के लिए प्रशासन को पत्र लिखा है।

### 40 आश्रम पद्धति विद्यालयों में लगे सीसीटीवी

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग ने 40 आश्रम पद्धति विद्यालय में सीसीटीवी लगवा दिए हैं। जबकि 54 आश्रम पद्धति विद्यालयों में माह के अंत तक सीसीटीवी लग जाएंगे। विभाग ने आश्रम पद्धति विद्यालयों में शिक्षकों की कार्यशैली और उन पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी लगाने का निर्णय पिछले माह लिया था। प्रदेश के सभी 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में सीसीटीवी लगने के बाद वृद्धा आश्रमों में सीसीटीवी लगने का काम शुरू होगा। प्रदेश के 75 वृद्धा आश्रमों में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। 75 वृद्धा आश्रम में लगभग साढ़े छह हजार बुजुर्ग हैं। सबसे अधिक बुजुर्ग अलीगढ़ में हैं। बुजुर्गों को नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन तय मैन्यु के अनुसार दिया जाता है। साथ ही मौसमी फल भी उनको दिया जाता है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण भी 15 दिन में कराया जाता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम आश्रमों में जाकर स्वास्थ्य परीक्षण करती है। आश्रम में किसी बुजुर्गों का स्वास्थ्य बिगड़ने पर तत्काल चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाती है।

### महिला की जलकर मौत, हत्या का आरोप

**कानपुर, अमृत विचार :** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र के अशोक नगर इलाके में दहेज की मांग न पूरी करने पर महिला को जलाकर मार डालने का आरोप लगाया गया है। मायके पक्ष के लोगों ने जलाकर मारने के बाद उन लोगों को सूचना देने का आरोप लगाया। लखनऊ से कानपुर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति और देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लखनऊ के गोमती नगर विश्वास खंड निवासी सौरभ साहू ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी बहन 35 वर्षीय प्रिया साहू का विवाह 17 नवंबर 2018 को अशोक नगर निवासी अमरजीत सिंह से किया था। अमरजीत मार्केटिंग रिप्रेंजेटेटिव हैं। अमरजीत के पिता और उसके परिजन शास्त्री नगर में रहते हैं। उसने आरोप लगाया कि अमरजीत नशे में उनकी बहन के साथ मारपीट करता था, अक्सर रुपये की मांग करता था। परिजनों ने बताया कि गुरुवार सुबह अमरजीत ने फोन कर जानकारी दी कि उनकी बहन की मौत हो गई है। जब वे उसके घर पहुंचे तो देखा प्रिया का जला हुआ शव पड़ा था।

### अखिलेश के नामांकन पर अपर्णा ने किया कटाक्ष

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के कन्नौज से नामांकन किए जाने को लेकर चाचा शिवपाल यादव ने जहां पार्टीजनों को उत्साहित करने वाला संदेश दिया वहीं भाजपा नेत्री बहू अपर्णा यादव ने कटाक्ष किया है। लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को कन्नौज लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने से पहले ही अखिलेश यादव ने अपने सोशल साइट एक्स पर एक पुरानी तस्वीर भी साझा की। साझा तस्वीर के साथ अखिलेश यादव ने लिखा है कि, फिर इतिहास दोहराया जाएगा, अब नया भविष्य बनाया जाएगा। वहीं उनके चाचा शिवपाल यादव ने इस पर उन्हें उत्साहित करने वाली प्रतिक्रिया में लिखा, विजय भव : सर्वदा। वहीं अखिलेश यादव के कन्नौज से चुनाव लड़ने पर मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव की भी प्रतिक्रिया सामने आयी। कन्नौज की जीत को सपा के लिए कठिन बताते हुए भाजपा नेत्री अपर्णा यादव ने मीडिया से कहा कि लोग भाजपा को पूर्ण बहुमत से जीताने का मन बना चुके हैं। अपर्णा ने कहा कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) ने बहुत सारी सीटों को सुरक्षित बनाया लेकिन उन सीटों पर भी भाजपा ने अपनी मेहनत से कमल खिलाया है।

### ई-फाइलिंग के लिए हाईकोर्ट ने जारी किए दिशा निर्देश

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुपालन में वादकारियों को सुरक्षित और त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए महानिबंधक की ओर से प्रदेश के सभी जिला न्यायाधीशों को एक परिपत्र जारी किया है, जिसमें जिला न्यायालय के ई-सेवा केंद्रों के माध्यम से ई-फाइलिंग का निर्देश दिया गया है। जिला न्यायालय के ई-सेवा केंद्रों के माध्यम से वादकारियों के लिए व्यक्तिगत रूप से ई-फाइलिंग की जाएगी। ई-सेवा केंद्रों पर ई-फाइलिंग की प्रक्रिया से फोटो पहचान सत्यापन का विकल्प हटा दिया जाएगा। वादकारियों को ई-फाइलिंग के लिए ई-सेवा केंद्रों पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा, जिसमें शपथकर्ता की तस्वीर वाले स्कैन किए गए नोटरी हलफनामे का उपयोग ई- फाइलिंग मामलों में किया जाएगा। जिला न्यायालय के ई-सेवा केंद्रों से इलाहाबाद हाईकोर्ट में ई-फाइलिंग के लिए दिशा-निर्देश प्रेषित किया गया है, जिससे वादी व्यक्तिगत रूप से अपने मामलों को ई-फाइल कर सकें। मालूम हो कि यह सुविधा सुप्रीम कोर्ट के मोहम्मद अनस चौधरी बनाम रजिस्ट्रार जनरल हाईकोर्ट, इलाहाबाद मामले में पारित आदेश के अनुपालन में प्रारंभ की गई है। परिपत्र में सभी जिला न्यायालयों को उक्त निर्देश का कड़ाई से अनुपालन करने का आदेश दिया गया है।

### योगी ने हेमवती नंदन बहुगुणा को किया याद

लखनऊ,अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें याद कर नमन किया। उन्होंने गुरुवार को योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य लाल जी निर्मल आदि मौजूद रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी बहुगुणा जी को विनम्र श्रद्धांजलि एवं उनकी स्मृतियों को नमन लिखा।

### बसपा ने घोषित किये तीन प्रत्याशी

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी ने गुरुवार को तीन प्रत्याशी घोषित कर दिये। इनमें रायबरेली से ठाकुर प्रसाद यादव को टिकट दिया गया है, जबकि अंबेडकरनगर से कमर हयात अंसारी व बहराइच से बृजेश कुमार सोनकर प्रत्याशी बनाये गये हैं। रायबरेली के लिए घोषित प्रत्याशी ठाकुर प्रसाद राजधानी के रहने वाले हैं। वह सरेनी विधानसभा सीट से 2017 और उसके बाद 2022 में चुनाव लड़ चुके हैं, पर चुनाव हार गये थे।

# 20 करोड़ कीमत के सिंथेटिक ड्रग व केमिकल सहित छह गिरफ्तार

## मुंबई के थाणे क्राइम ब्रांच के साथ उप्र. एसटीएफ ने की कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आजमगढ़ के सुप्रिया मोबाइल शॉप के अंदर तैयार किया जा रहा था बड़े पैमाने पर ड्रग्स

**अमृत विचार :** मुंबई के थाणे क्राइम ब्रांच और यूपी एसटीएफ द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई में ड्रग्स बनाने वाले और सप्लाई करने वाले सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के पास से 25 ग्राम सिंथेटिक ड्रग और 20 किलो ड्रग बनाने वाला केमिकल बरामद हुआ है। इसकी अनुमानित कीमत 20.18 करोड़ बताई जा रही है। इसी प्रकरण पर विगत दिनों हुई कार्रवाई के दौरान कुछ आरोपियों के खिलाफ थाणे क्राइम ब्रांच ने मुकदमा भी दर्ज किया था। गिरफ्तार आरोपियों में संदीप



तिवारी बरसठी जौनपुर, ललित पाठक शिवपुर वाराणसी, अनिल जायसवाल नाला सोपाडा ईस्ट महाराष्ट्र, नीलेश पांडेय श्रीनाथजी नगर चलावापी गुजरात और विजय पाल बड़ागांव वाराणसी शामिल हैं। इसमे संदीप तिवारी और ललित पाठक के खिलाफ महाराष्ट्र में नारकोटिक्स एक्ट में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। वाराणसी एसटीएफ की ओर से कार्रवाई एवं सूचनाओं का संकलन किया जा रहा था। पहली कार्रवाई 16 मार्च को वाराणसी के सिंधौरा थाना क्षेत्र में की गई थी। इस बार आजमगढ़ के थाना बरहद क्षेत्र स्थित सुप्रिया मोबाइल शॉप के अंदर ड्रग्स निर्माण की सूचना मिली थी। इस दौरान थाणे क्राइम ब्रांच और एसटीएफ की टीम मौके पर पहुंची और वहां पर मौजूद सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के खिलाफ स्थानीय थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया है। थाणे क्राइम ब्रांच भी अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह के मामले में फैसला सुरक्षित

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण और आपराधिक साजिश मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह की अपील पर लगातार दो दिनों से चल रही सुनवाई के बाद गुरुवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर फैसला सुरक्षित कर लिया है। सांसद ने जौनपुर की एमपी/ एमएलए कोर्ट द्वारा दी गई 7 साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। अपील पर सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश का रिकॉर्ड तलब किया था। हालांकि धनंजय सिंह के अधिवक्ताओं ने बिना ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड के ही कोर्ट से सुनवाई की मांग की थी। इस मांग को कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद कोर्ट ने 22 अप्रैल तक राज्य सरकार से अपनी आपत्ति दर्ज करने को कहा था।

## महादेव बुक एवं गेमिंग एप के सहारे ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अभियुक्त संजीव एवं अभय।

- एसटीएफ ने शहीद पथ स्थित समिट बिल्डिंग के पास से दोनों अभियुक्तों को पकड़ा

**अमृत विचार :** महादेव बुक एवं अन्य गेमिंग के माध्यम से करोड़ों की ठगी करने वाले फर्जी ग्रुप के इंडिया हेड सहित दो ठगों को एसटीएफ ने शहीद पथ से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी विभिन्न गेमिंग एप के माध्यम से ठगी करते थे एवं हजारों की संख्या में फर्जी सिम एक्टिवेट करा कर विदेशों में सप्लाई करते थे।

यह कार्रवाई एसटीएफ के एसपी विशाल विक्रम के नेतृत्व में की गई है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में गौरी बाजार देवरिया निवासी अभय सिंह एवं देवरिया के इकौना थाना क्षेत्र के संजीव सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान अभय सिंह ने बताया कि उनका एक रिश्तेदार दुबई में रहता है उसी के कहने पर अभय अनपढ़ लोगों के बीच जाकर उन्हीं के आधार कार्ड के आधार पर सैकड़ों की संख्या में सिम बनाकर सप्लाई करवाता था। इसी तरह अभय ने यूपी में सैकड़ों लोगों को सक्रिय किया, जिनकी 20 से 25000 सैलरी तक निर्धारित कर दी गई। बताया जा रहा है की इन्हीं गेमिंग एप के सहारे अभय एवं संजीव सिंह ने करोड़ों का साम्राज्य खड़ा कर लिया। एसटीएफ लंबे समय से दोनों की तलाश कर रही थी। दोनों के बारे में लंबे समय से शिकायत मिल रही थी। इनकी ठगी के कई लोग शिकार हुए हैं।

## डॉ. संजय निषाद पर जानलेवा हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, संतकबीरनगर

- कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद के पीएसओ ने दर्ज कराया है मुकदमा

**अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद पर जानलेवा हमला करने का मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव निवासी ग्राम मोहम्मदपुर कठार थाना कोतवाली खलीलाबाद बृहस्पतिवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि बीते 22 अप्रैल को प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद के पीएसओ विनोद कुमार यादव पुत्र श्रीराम यादव निवासी उड़री कटरा थाना अखण्डनगर जनपद सुल्तानपुर ने कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को तहरीर सौंप कर बताया था कि बीच 21 अप्रैल की रात को मन्त्री जी डा. संजय कुमार निषाद मोहम्मदपुर कठार में एक शादी समारोह में शिरकत करने गए थे। इसी दौरान के अभियुक्त राधेश्याम यादव और उनके साथियों द्वारा अचानक मंत्री जी पर जानलेवा हमला कर दिया गया था। तहरीरी सूचना के आधार पर 22 अप्रैल को कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मुअसं 332/2024 की धारा 147, 323, 307 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त प्रकरण में नामजद सुभाष यादव पुत्र रामकेवल यादव, गजेन्द्र यादव पुत्र रामानन्द यादव, सुरेन्द्र यादव पुत्र स्व. लालमन यादव और दुर्ग विजय यादव पुत्र जगदीश यादव निवासीगण मोहम्दपुर कठार थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को 22 अप्रैल को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हमले के मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव पुत्र रामनयन निवासी मोहम्मदपुर कठार थाना कोतवाली खलीलाबाद को बृहस्पतिवार की दोपहर दुर्गा मंदिर चौराहा मगहर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शीघ्र ही सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पांचवें चरण के चुनाव को आज से शुरू होंगे नामांकन

**लखनऊ, अमृत विचार :** पांचवें चरण के की 14 लोकसभा सीटों के लिए 26 अप्रैल से नामांकन शुरू होंगे। इसके साथ ही लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भी नामांकन होंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों में मोहनलालगंज (अजा), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (अजा),झॉसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोण्डा के लिए चुनाव होना है। इस चरण की 14 लोकसभा सीटों में 10 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं। इस चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अयोध्या, गोण्डा, बहराइच व बलरामपुर सहित 21 जिलों के अंतर्गत आते हैं।

# आजम के करीबी सीओ आले हसन के मामले में सरकार से जवाब-तलब

**विधि संवाददाता,प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान के करीबी सीओ आले हसन के मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगते हुए जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। उसके एक सप्ताह के भीतर याची को प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश भी दिया गया है।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची का तबादला 21 सितंबर 2016 को मुरादाबाद कर दिया गया था। इसके साथ ही साधना



गोस्वामी पुलिस अधीक्षक के रूप में उस समय रामपुर में तैनात नहीं थी। अतः शिकायतकर्ता के पास उनसे मिलने और पुलिस कर्मियों की कथित मनमानी के संबंध में अपनी शिकायत करने का कोई अवसर नहीं था। उपरोक्त तर्कों को सुनने के बाद मामले को आगामी 24 मई 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है। सुनवाई की अगली तारीख तक याची के खिलाफ उपरोक्त मामले की आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी गई है। मालूम हो कि शिकायतकर्ता अबरार हुसैन ने रामपुर के गंज थाना में 13 अगस्त 2019 को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आले हसन और तीन अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले के अनुसार 6 दिसंबर 2016 को याची सहित अन्य आरोपियों ने शिकायतकर्ता के घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट की, साथ ही उस पर जानलेवा हमला भी किया गया और अवैध रूप से उसके घर पर बुलडोजर चलवा दिया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सपा सांसद आजम खान के करीबी होने के कारण तत्कालीन सीओ आले हसन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## सपा को अयोध्या से नहीं कोई मिला स्टार प्रचारक

**अयोध्या, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय क्षितिज पर दमदमा रही अयोध्या नगरी से समाजवादी पार्टी को एक भी स्टार प्रचारक नहीं मिला है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव प्रो. राम गोपाल यादव द्वारा बीते दिनों जारी स्टार प्रचारकों की सूची से अयोध्या नदारद है। जबकि यहां से खुद को दिग्गज बताने वाले नेताओं की एक बड़ी जमात है। ऐसे में इस स्टार प्रचारकों की सूची से अयोध्या का नदारद होना बड़ी बात माना जा रहा है। सभी दलों द्वारा लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों को तैनात किया जा रहा है। ऐसे में समाजवादी पार्टी द्वारा भी स्टार प्रचारक तय किए गए हैं। सपा द्वारा जारी स्टार प्रचारकों की सूची में बहराइच के पूर्व मंत्री यासर शाह और सीतापुर के पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा तक का नाम शामिल हैं।

## छात्रवृत्ति से वंचित छात्र आज से दोबारा कर सकेंगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए तीन मई तक खुला रहेगा पोर्टल

**अमृत विचार :** अनुसूचित जाति के पोस्ट मैट्रिक्स (दशमोत्तर) छात्रवृत्ति से वंचित दो हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को राहत देने के लिए समाज कल्याण विभाग शुक्रवार से आठ दिन के लिए दोबारा पोर्टल खोलने जा रहा है। इससे वंचित छात्रों को दोबारा आवेदन करने का मौका मिलेगा।

बता दें कि कॉलेजों और विद्यालयों की गलती का खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ा था। पिछले शैक्षणिक सत्र में दो हजार से अधिक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए थे। विवरण का मिलान न होने के कारण छात्रवृत्ति की राशि उनके खातों में नहीं भेजी गई थी। जिससे छात्र-छात्राएं कॉलेजों और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काट रहे थे। समाज कल्याण विभाग इन छात्र-छात्राओं के लिए 26 अप्रैल से 03 मई तक दोबारा आवेदन करने के लिए पोर्टल खोलने जा रहा है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि ऐसे छात्र-छात्राएं जिनका डीएलडी और पैरा मेडिकल कोर्स की परीक्षाओं का परिणाम नहीं आया है वह भी इसमें आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के दौरान छात्र स्वयं भरे गए विवरण और विद्यालय-कॉलेज की ओर से भरे जाने वाले विवरण की सावधानी से जांच करा लें। जांच करने के बाद ही आवेदन को अग्रसारित कराएं। इस बार चूक हुई, तो उन्हें फिर मौका नहीं मिलेगा। वह छात्रवृत्ति से वंचित हो जाएंगे।

## वर्ग पहेली-51

**बाएं से दाएं**

1. 1. जिसके सिर पर बहुत बाल हो, झोंटेवाला 2. जटाधारी।
2. 1. किसी चीज़ के रगड़ जाने से या छिलने से बनने वाला चिह्न या निशान, खरोंच 2. ख़राश।
5. 1. दुकान में चीज़ें बेचने वाला व्यक्ति 2. दुकान का मालिक 3. व्यवहार में मोल-भाव करने वाला व्यक्ति।
6. 1. दुष्ट 2. ढीठ।
7. 1. फ़ारस की प्रसिद्ध लोककथा 'लैला-मजनूं' की नायिका और कैस (मजनूं) की प्रेमिका 2. प्रेयसी।
8. 1. भारत एक प्राचीन राजवंश 2. प्राचीन शैव संप्रदाय जिसके अनुयायी सिर पर शिव की मूर्ति रखा करते थे।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पास-पास उगे हुए कई पेड़ या झाड़ियां जिनकी डालियां आपस में मिली हुई हों 2. बहुत लोगों का समूह, गिरोह 3. चादर या किसी कपड़े से शरीर को पूरी तरह ढक लेने की क्रिया 4. बच्चों का एक खेल जिसमें वे घेरा बनाकर नाचते हैं।
3. 1. अंधकार में अथवा स्पष्ट दिखाई न देने पर किसी चीज़ के आकार-प्रकार
4. 1. जहां बिल्कुल भी प्रकाश न हो, अंधेरा, अंधियारा, तिमिर, तम 2. तामस, कलुष 3. निराशा, हताशा, अज्ञान। (मु.) -नज़र आना : कोई उपाय न सूझना, निराशापूर्ण हालात में फंसना। -दूर होना : ज्ञान या बुद्धि प्राप्त होना। 5. दूना, दो गुना।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | | 3 |
| | ■ | ■ | 4 | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 5 | | | | |
| ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 | | ■ | 8 | | | |

## वर्ग पहेली -50 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 पू | ■ | 2 आ | ■ |
| ■ | 3 का | ■ | छ | ■ | धू | ■ |
| ■ | रों | ■ | 4 ता | 5 क | त | ■ |
| ■ | 6 छ | का | छ | क | ■ | 7 म |
| 8 मो | ■ | ■ | ■ | 9 ह | ड़ | हा |
| 10 ह | र | शे | ख | रा | ■ | श |
| नी | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | य |

## सुडोकू-130

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 5 | | | | |
| 6 | | | 4 | | | 9 | | |
| | 4 | | | | 3 | | | 8 |
| 9 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | 6 | | | 1 | 3 | | 5 |
| | | | 2 | | | | | 4 |
| 5 | | | 1 | 3 | | | 2 | |
| | 7 | 1 | | | 4 | | | 9 |
| | | | 5 | 9 | | 6 | | |


## सुडोकू -129 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 07 .45 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 03 .40 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** – आज घर में अकेलापन और बोरियत महसूस होगी। गर्मी से बचकर रहें और पानी भरपूर पियें। दूसरों पर ज्यादा दबाव डालने से आपको बचना चाहिए। शाम को कहीं घूमने जा सकते हैं। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। ज्यादा भागदौड़ के कारण पैरो में दर्द हो सकता है।

**वृष** – आज वैवाहिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। रियल एस्टेट से आपको धन लाभ होगा। कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। आपके सभी काम समय पर पूर्ण होंगे। किसी बड़े प्रोजेक्ट्स पर आप धन निवेश कर सकते हैं।

**मिथुन** – आज योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पायेंगे। दोस्तों की मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे। अपनी कार्यशैली में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। ससुराल में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क** – आज परिवार के साथ सुखद समय बितायेंगे। आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे। अपनी सेहत का ध्यान रखें। आज आपको अपच की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे। विद्यार्थियों की नए विषयों के अध्ययन में रुचि होगी।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र का तनाव आपके घर पर भी प्रभाव डाल सकता है। भरोसेमन्द लोग ही आपको धोखा दे सकते हैं। इसीलिए किसी पर ज्यादा विश्वास न करें। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जाने का विचार बनायेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

**कन्या** – आज राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। पति-पत्नी के बीच आपसी संबंध मधुर रहने वाले हैं। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। नए मित्र बन सकते हैं।

**तुला** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहने वाली है। पड़ोसियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। संतान की उन्नति से आपको प्रसन्नता होगी। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर चिन्तित रहेंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज आप अपने घर पर आराम करने की योजना बना सकते हैं। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यवसाय में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पैतृक सम्पत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**धनु** – आज अति आत्मविश्वास के कारण आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। गलत खान पान के कारण सेहत खराब हो सकती है। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। विदेश में रह रहे लोगों को वीजा आदि को लेकर कुछ समस्या होगी।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। जरूरतमन्द लोगों की सेवा में मन लगायेंगे। अटके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव हो सकता है। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे।

**कुंभ** – आज आपको पहले किए गए कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ायेंगे और किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। संतान को करियर में अच्छी सफलता मिल सकती है। बहु प्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है।

**मीन** – आज बिना मांगे किसी को राय न दें। अधिकारी वर्ग के लोग आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा कर सकेंगे। पुराना लोन आज चुकाने की कोशिश करेंगे। आपका दृष्टिकोण काफी सकारात्मक रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
इंसान – सुबह : 11 .50
पार्टनर – शाम : 05 .57

SONY PIX
द वॉटर हाउस – सुबह : 11 .24
ज़ोम्बीलैंड – शाम : 06 .26

&pictures
कूगल कुट्टप्पा – सुबह : 11 .14
साइना – रात : 08 .00

ZEE CINEMA
राम लखन – सुबह : 08 .45
तैश – रात : 08 .45

colors CINEPLEX
सपने साजन के – सुबह : 11 .00
देवदास – शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर पर रात :08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पिता- बेटा जरा अपना मोबाइल देना।
बेटा- 1 मिनट ऑन करके देता हूं।
वीडियो डिलीट...फ़ोटोज डिलीट... मैसेजेस डिलीट लीजिए पापा ऑन हो गया..
पापा- रहने दो, मुझे तो बस टाइम बता दे।
पापा की बात सुनकर सन्न रह गया बेटा।

कल तुम्हें फांसी होगी... बताओ तुम्हारी अंतिम इच्छा क्या है?
कैदी- मैं तरबूज खाना चाहता हूं.
जेलर- लेकिन ये तरबूज का मौसम नहीं है।
कैदी- कोई बात नहीं
कैदी- कोई बात नहीं, मैं इंतजार कर लूंगा।

### मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 1000 फ्लैग– 1110 बोल्ड– 1150 डीएमओ– 900
**रामपुर :** शिवालिक–995 फ्लैग– 1105 डीएमओ–885 बोल्ड–1160

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74150 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55250–55450 |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 82,300 |

### मुरादाबाद मंडी

दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82–85 रुपये अरहर : 118–125 रुपये उड़द : 95–101 रुपये धोआ उड़द : 100–120 रुपये मूंग धोआ : 104–106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145–160 रुपये राजमा लाल : 155रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

### उत्पादन क्षमता वृद्धि को डिविज लैब करेगी 700 करोड़ निवेश

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी डिविस लैबोरेटरीज ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ने के लिए 700 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। वह एक ग्राहक के साथ दीर्घकालिक आपूर्ति समझौता करने की प्रक्रिया में है और 650 से 700 करोड़ तक का निवेश कर अपनी विनिर्माण इकाई की क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही है।

### गोदरेज को मिले 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के ठेके

**नई दिल्ली।** गोदरेज को 2023–24 में बिजली और बुनियादी ढांचा कारोबार के 1,000 करोड़ से अधिक के ठेके मिले। हर एक का मूल्य 100 से 400 करोड़ के बीच था। कंपनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं व्यवसाय प्रमुख राघवेंद्र मिर्जी ने कहा कि 400 केवी से अधिक के खंड में हमारी उपस्थिति को और मजबूत किया है।

# भौगोलिक संकेत से सात और कृषि उत्पादों की पहचान हुई आसान

## बुंदेलखंड का कठिया गेहूं, जौनपुर की इमरती या बनारस की बर्फी को मिला जीआई टैग

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

**अमृत विचार:** बुंदेलखंड का कठिया गेहूं, जौनपुर की इमरती हो या बनारस की तिरंगी बर्फी, लाल भरुआ मिर्च, चिरई गांव का करौंदा, लाल पेड़ा व ठंडई की पहचान आसान हो गई है।

इन प्रसिद्ध कृषि उत्पादन वाले क्षेत्रों को भौगोलिक संकेत यानी जीआई से रजिस्ट्री मुख्यालय चेन्नई ने पंजीकृत किया है। ये उत्पाद जीआई टैग के लिए लंबे समय से प्रक्रिया में थे। जो पिछले माह कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के सहयोग से पंजीकृत हुए हैं। अब जीआई टैग लगाकर उत्पाद की बिक्री करने के लिए उपयोगकर्ता पंजीकृत किए जाएंगे। जिन्हें एक चिन्ह व कोड मिलेगा। इसी आधार पर उत्पाद की विशिष्ट पहचान यानी उत्पाद का स्थान और अधिकृत उपयोगकर्ता आदि की पूरी जानकारी होगी।

Geographical Indication of India Logo
अतुल्य भारत की अमूल्य निधि
Invaluable Treasures of Incredible India

- कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के सहयोग से पंजीकृत हुए सभी उत्पाद

> पिछले माह सात और कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत हुए हैं। अब संबंधित क्षेत्रों में जीआई टैग लेने के लिए उपयोगकर्ता का पंजीयन करा रहे हैं। इससे इनके प्रसिद्ध उत्पादों की पहचान होगी और कोई दूसरा इन नामों से बिक्री नहीं कर पाएगा।
> –डॉ. सुग्रीव शुक्ला, उपनिदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय

**इन उत्पादों को ये मिला कोड**

बुंदेलखंड कठिया गेहूं 819, बनारस का लाल भरवा मिर्च 823 व इसी जिले का चिरई गांव करौंदा 833, लाल पेड़ा 853, ठंडई 1000, तिरंगी बर्फी 941, जौनपुर इमरती 999।

**प्रदेश के 20 कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत :** उत्तर प्रदेश में कुल 20 कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत हुए हैं। इससे पहले पंजीकृत हुए 13 उत्पादों के 3035 उपयोगकर्ता बन चुके हैं और उत्पादन के साथ टैग लगाकर बिक्री की जा रही है। इनमें बनारस का लंगड़ा आम, प्रतापगढ़ ऑवला, आदमचीनी चावल, बनारस पान, रामनगर भांटा, मुज्जफरनगर गुड़ व हाथरस हींग है।

## वोडाफोन-आइडिया का राशि जुटाना कंपनी में जान फूंकने जैसा

**मुंबई।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने गुरुवार को कहा कि वोडाफोन-आइडिया का 18,000 करोड़ रुपये जुटाना कंपनी में नई जान फूंकने जैसा है। बिड़ला ने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के सूचीबद्ध कार्यक्रम में कहा कि कंपनी अपने नेटवर्क को बढ़ाने और चुनिंदा 5जी सेवाओं को पेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी बिड़ला ने हां में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह कंपनी में एक तरह से नई जान फूंकने जैसा होगा।



## भारत के विकसित होने से खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या होगी कम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या भविष्य में कम गंभीर होगी, क्योंकि विविध स्रोतों के साथ आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से निपटने में मदद कर सकती हैं।

भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीति के कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। जैसे-जैसे भारत विकसित होगा, इस समस्या उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की गंभीरता कई कारणों से कम होती जाएगी।



विविध स्रोतों वाली आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनसे निपटने में मदद करेंगी। आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होना रहा। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति मार्च में 8.52 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 8.66 थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि मुद्रास्फीति 2024-25 में घटकर 4.5 प्रतिशत हो जाएगी। यह 2023-24 में 5.4 प्रतिशत और 2022-23 में 6.7 प्रतिशत थी।

# नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के नमूने ले रहा एफएसएसएआई : सीईओ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने गुरुवार को कहा कि वह नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के भारत से नमूने ले रहा है। हाल ही में रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कंपनी उत्पाद में अधिक चीनी डाल रही है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जी. कमला वर्धन राव ने खाद्य सुदृढ़ीकरण पर एसोचैम के कार्यक्रम में कहा कि हम शिशु आहार के नमूने ले रहे हैं। प्रक्रिया पूरी होने में 15-20 दिन लगेंगे। एफएसएसएआई स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन वैधानिक निकाय है। स्विट्जरलैंड के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क' ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि नेस्ले ने भारत सहित कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे।

**नेस्ले इंडिया का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 934 करोड़**

**नई दिल्ली।** दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया का चौथी (जनवरी–मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 934 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022–23 की चौथी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 737 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन अवधि में परिचालन आय बढ़कर 5,267 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022–23 की चौथी तिमाही में 4,830 करोड़ रुपये थी।

## भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 % बढ़ा

**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़कर 345 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि चीन का निर्यात 10.1 प्रतिशत घटकर 381 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यूएनसीटीएडी की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की सेवा निर्यात वृद्धि में योगदान देने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, चिकित्सकीय और आतिथ्य हैं। यूएनसीटीएडी त्रैमासिक बुलेटिन में कहा गया, मौजूदा डॉलर मूल्य के संदर्भ में 8.9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ वैश्विक सेवा निर्यात 2023 में 7900 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है।

# एक लाख करोड़ डॉलर का वस्तु निर्यात पाने के लिए काम कर रहा मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य मंत्रालय ने बुनियादी ढांचे की जरूरतों, संभावित क्षेत्रों और संकुलों को चिह्नित करने के लिए काम शुरू किया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इससे देश को 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर के वस्तु निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव अनंत स्वरूप ने कहा कि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से अध्ययन करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने उद्योग मंडल सीआईआई के कार्यक्रम में कहा कि यदि देश 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर के निर्यात का लक्ष्य बना रहा है, तो 1.5 लाख करोड़ डॉलर के आयात की संभावना है। ऐसे में 2.5 लाख करोड़ डॉलर के निर्यात और आयात को पूरा करने के लिए क्या हमारे पास पर्याप्त क्षमता है। जो अधिक महत्वपूर्ण है वह यह है कि एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात कहां से आने वाला है, वे कौन से क्षेत्र और संकुल हैं जहां से एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात होने वाला है।

**मजबूत अर्थव्यवस्था, मूल्य स्थिरता से वृद्धि को मिल रहा समर्थन: वित्त मंत्रालय**

**नई दिल्ली।** अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों के बीच मजबूत वृद्धि, मूल्य स्थिरता और बाहरी क्षेत्र के स्थिर दृष्टिकोण से भारत के आशाजनक आर्थिक प्रदर्शन को समर्थन मिलना जारी है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है। मंत्रालय ने मार्च महीने की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और रिजर्व बैंक ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है और भारत सबसे तेजी से बढ़ रही प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।



### एक नजर

### पति का अपनी पत्नी के स्त्रीधन पर कोई अधिकार नहीं : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पति का अपनी पत्नी के स्त्रीधन पर कोई अधिकार नहीं होता और भले ही वह संकट के समय इसका उपयोग कर सकता है, लेकिन उसका नैतिक दायित्व है कि वह इसे लौटाए। कोर्ट ने महिला को उसका 25 लाख मूल्य के जेवर लौटाने के निर्देश भी उसके पति को दिया। महिला ने दावा किया था कि शादी के समय उसके परिवार ने 89 सोने के सिक्के उपहार में दिए थे। उसके पिता ने पति को दो लाख का चेक भी दिया था। शादी की पहली रात पति ने उसके आभूषण ले लिए और सुरक्षित रखने के बहाने अपनी मां को दे दिए। पति और उसकी मां ने कर्ज चुकाने में उसके सारे जेवर का दुरुपयोग किया। कुटुम्ब अदालत ने 2011 में कहा था कि पति और उसकी मां ने महिला के आभूषण का दुरुपयोग किया और इसलिए वह इसकी भरपाई करें। केरल हाईकोर्ट ने कुटुम्ब अदालत के आदेश को रद करते हुए कहा कि महिला आभूषणों की हेराफेरी को साबित नहीं कर पाई। तब महिला ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने कहा कि स्त्रीधन पत्नी और पति की संयुक्त संपत्ति नहीं है और पति के पास इस पर अधिकार या प्रभुत्व का अधिकार नहीं है।

### धनखड़ ने दिलाई नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सदन के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी। राज्यसभा सचिवालय ने बताया कि धनखड़ ने नवनिर्वाचित देवेंद्र प्रताप सिंह, तेजवीर सिंह और महेंद्र भट्ट को सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। नवनिर्वाचित सदस्यों को संसद भवन में सभापति के कक्ष में शपथ दिलायी गयी।

### बलिया में कार पलटने से चार की मौत

**बलिया।** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के फेफना क्षेत्र में एसयूवी के पलटने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि जिले चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के बढ़वलिया गांव के कमलेश यादव (36), राजू यादव (30), छोटू यादव (30), फेफना थाना क्षेत्र के तीखा निवासी रितेश गोंड (32) और गाजीपुर जिला के सत्येंद्र यादव (40) बुधवार देर रात टाटा सफारी कार लेकर फेफना से चितबड़ागांव जा रहे थे कि तभी फेफना–बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर निजी ढाबे के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई तथा खेत में पलट गई। वहीं कार सवार सतेन्द्र, राजू और कमलेश की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों मृतकों व दो घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने घायलों को वाराणसी रेफर कर दिया गया। मऊ ले जाते समय रास्ते में रीतेश की मौत हो गई। छोटू यादव को वाराणसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### स्कूल को मधुशाला बनाने वाला शिक्षक निलंबित

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में बीते रोज सराज के सोबली में शराब पीकर स्कूल पहुंचे जेबीटी अध्यापक के खिलाफ शिक्षा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे निलंबित कर दिया गया है। जांच में सामने आया कि यह शिक्षक पहले भी नशे में धुत्त होकर स्कूल आता रहा है। जिस पर एसएमसी ने शिक्षक पर कार्रवाई की। शिक्षक ने इसके लिए माफी भी मांगी थी। प्राम्भिक शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि मामला सामने आने के बाद विभाग ने संबंधित शिक्षा खंड बगस्याड़ से रिपोर्ट लेकर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

### दुर्घटनावश गोली चलने से जवान की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से सुरक्षाबल के एक जवान की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा–नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाके में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) दंतेवाड़ा के जवान जोगराज कर्मा की मौत हो गई तथा आरक्षक परसूराम अलामी घायल हो गए। दंतेवाड़ा के बारसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हांदावाडा और हितावड़ा क्षेत्र में माओवादियों की सूचना पर बुधवार को दल को गश्त पर रवाना किया गया था।

# आबकारी घोटाले से संबंधित आय की मुख्य लाभार्थी आप : ईडी

## निदेशालय ने कोर्ट से कहा- केजरीवाल के जरिए किया गया धनशोधन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली की कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित उत्पन्न अपराध की आय की प्रमुख लाभार्थी है और उसने अपने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन किया है।

ईडी ने दावा किया कि अब तक हुई जांच से पता चला है कि अपराध की आय का एक हिस्सा लगभग 45 करोड़ रुपये नकद का उपयोग 2022 में आप के गोवा विधानसभा चुनाव में किया गया था। कोर्ट में दायर ईडी के हलफनामे पर आप ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी झूठ बोलने वाली मशीन बन गई है। घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में दायर हलफनामे में ईडी ने दावा किया कि गोवा में आप के अभियान में शामिल विभिन्न व्यक्तियों के बयानों से पता चला है कि सर्वेक्षण कार्यकर्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक, विधानसभा प्रबंधक आदि के रूप में उनके द्वारा किए गए काम के लिए उन्हें नकद भुगतान किया गया था।

**आबकारी नीति घोटाला**



एजेंसी ने कहा कि आप ने अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन का अपराध किया है और इस प्रकार के अपराध पीएमएलए 2002 के धारा 70 के तहत आते हैं। धनशोधन रोकथाम कानून, 2002 की धारा 70 कंपनियों द्वारा किए गए अपराधों से संबंधित है। पार्टी जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 29-ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर केजरीवाल चुनाव में इस्तेमाल होने वाले धन के लिए जिम्मेदार थे। न सिर्फ पार्टी के पीछे केजरीवाल का दिमाग है बल्कि प्रमुख गतिविधियों को भी वही नियंत्रित करते हैं।

**आरोप निर्धारण के विरूद्ध उच्च न्यायालय गए अरूण पिल्लै**

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में आरोपी हैदराबाद के व्यापारी अरूण रामचंद्र पिल्लै ने गुरुवार को एक अधीनस्थ अदालत के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें सीबीआई की जांच पूरी होने तक बहस शुरू नहीं करने की उनकी अर्जी खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने इस याचिका पर सीबीआई से उसका रूख जानना चाहा और इसे अगली सुनवाई के वास्ते तीन मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

## संदेशखालि मामले में सीबीआई ने दर्ज की पहली प्राथमिकी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने प. बंगाल के संदेशखालि में पांच प्रभावशाली लोगों के खिलाफ जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध पहला मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह मामला भूमि हड़पने का है जहां पीड़ित परिवार की महिलाओं को प्रभावशाली लोगों से यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। सीबीआई ने पांच आरोपियों और पीड़ितों की पहचान अब तक उजागर नहीं की है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच का आदेश दिया था और कहा था कि न्याय के हित में निष्पक्ष जांच जरूरी है। सीबीआई ने शिकायत के लिए ईमेल आईडी जारी की थी, जिसमें बड़ी संख्या में शिकायतें मिलीं। एजेंसी ने आरोपों का पता लगाने और उन मामलों को दर्ज करने के लिए संदेशखालि में एक टीम भेजी थी, जहां आरोपों को प्रथम दृष्टया सत्यापित किया जा सके।

# पटना के होटल में लगी आग छह की मौत, दो लोग गंभीर

**पटना, एजेंसी**

बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप होटल में गुरुवार को भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई जबकि दो की हालात गंभीर है।

पुलिस अधीक्षक (पटना सेंट्रल) चंद्र प्रकाश ने बताया कि अब तक छह लोगों की मौत हुई है, जिनमें तीन महिलाएं हैं। दो अन्य व्यक्तियों की हालत है जबकि बाकी घायल खतरे से बाहर हैं। एसपी ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच के लिए विशेष टीम बुलाई गई है।

एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित बहुमंजिला इमारत से अग्निशमन कर्मियों द्वारा 20 से अधिक लोगों को बचाया गया है। अग्निशमन दस्ते ने आग पर काबू पा लिया है। अग्निशमन दस्ते का नेतृत्व कर रहे उपमहानिरीक्षक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने रसोई गैस सिलेंडर से आग लगने की बात बताई है पर आग कैसे लगी, इस बारे में पता नहीं लग पाया है। जांच के बाद ही कारण की जानकारी हो सकेगी। पटना डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने पटना मेडिकल कालेज अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक को भर्ती घायलों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीएम ने बताया कि सभी होटल और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में अग्निशमन की तैयारियों का ऑडिट कराने का आदेश दिया गया है।



- मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल
- जांच के लिए बुलाई गई विशेष टीम

# मुसलमानों को आरक्षण पर कर्नाटक के मुख्य सचिव को तलब करेगा एनसीबीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आयोग ने पिछड़ी जाति की श्रेणी में डालने पर सरकार के फैसले की आलोचना की
- इस तरह का वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है : आयोग अध्यक्ष

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय को दिए आरक्षण पर राज्य के मुख्य सचिव को तलब करेगा। आयोग अध्यक्ष हंसराज अहीर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एनसीबीसी ने मुस्लिम समुदाय को पिछड़ी जाति की श्रेणी में डालने के कर्नाटक सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह का वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है।

एनसीबीसी अध्यक्ष अहीर ने कहा कि कर्नाटक में मुस्लिम धर्म की जातियों को सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा वर्ग माना जा रहा है और उन्हें पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय (बी) के तहत अलग से सूचीबद्ध किया गया है। यह उन्हें संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और राज्य की सेवाओं में पदों और रिक्तियों पर आरक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। एनसीबीसी ने इस पर बल दिया कि वास्तव में मुस्लिम समुदाय में कुछ वर्ग ऐसे हैं जो वंचित हैं और ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर हैं, लेकिन पूरे धर्म को पिछड़ा मानने से मुस्लिम समाज के भीतर विविधता और जटिलताओं की अनदेखी होती है। इस मामले पर राज्य सरकार से मिली प्रतिक्रिया संतोषजनक नहीं है और वह इस कदम पर स्पष्टीकरण देने के लिए कर्नाटक के मुख्य सचिव को बुलाएंगे।

कर्नाटक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार मुस्लिम धर्म के भीतर सभी जातियों को पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय(बी) के तहत सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। आयोग ने पिछले साल शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लिए कर्नाटक की आरक्षण नीति की समीक्षा की थी। सरकार स्थानीय निकाय चुनावों में मुस्लिमों सहित पिछड़े वर्गों को 32 प्रतिशत आरक्षण देता है, एनसीबीसी ने ऐसा दृष्टिकोण पर जोर दिया जो इन समुदायों में विविधता को ध्यान में रखे।

# अधिकारी बन एमएनसी की पूर्व निदेशक से 25 करोड़ ठगे

**मुंबई, एजेंसी**

- पीड़िता ने अपनी और अपने मां के शेयर बेचे, म्यूचअल फंड से राशि निकाली और गोल्ड लोन लेकर ठगों के बताए खाते में डाला

महाराष्ट्र में एमएनसी की पूर्व निदेशक से साइबर धोखेबाजों ने 25 करोड़ ठग लिए। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि मुंबई की महिला को धोखेबाजों ने पुलिस और सीबीआई अधिकारी बताकर कहा कि धन शोधन के मामले में उसके खिलाफ जांच चल रही है। यह मामला हाल के समय में लोगों को निशाना बनाकर की गई सबसे बड़ी साइबर धोखाधड़ी में से एक है।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने जालसाजों को पैसे चुकाने के लिए अपनी और अपने मां के शेयर बेच दिए, म्यूचअल फंड में निवेश राशि निकाली और गोल्ड लोन भी लिया। यह घटनाक्रम छह फरवरी से शुरू होकर दो महीने के दौरान हुआ। पश्चिम मुंबई की शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप पर कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को दूरसंचार विभाग का अधिकारी बताते हुए महिला से कहा कि उसके तीन नंबर बंद कर दिए जाएंगे। पीड़िता ने कारण पूछा तो बताया कि वह पुलिस से उनकी बात करा रहा है। दूसरे व्यक्ति ने पुलिस बनकर कहा उन्हें धन शोधन की शिकायत मिली और पीड़िता का मोबाइल नंबर व आधार कार्ड मामले से संबद्ध है। इसके बाद आरोपी ने दूसरे को कॉल ट्रांसफर की, जिसने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और कहा कि अगर वह मामले से बाहर निकलना चाहती हैं तो उसे उनके बताये बैंक खाते में पैसे जमा कराने होंगे। जालसाजों ने पीड़िता के नाम पर चालू खाता भी खुलवाया और महिला से उसमें पैसे जमा कराए। पुलिस ने बताया कि महिला ने खाते में 25 करोड़ हस्तांतरित किए। पीड़िता ने मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाने ने जांच शुरू की और 31 बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं।

# सट्टेबाजी एप पर आईपीएल प्रसारण में पुलिस ने तमन्ना को किया तलब

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी एप्लिकेशन के सहायक एप पर आईपीएल मैच देखने के कथित प्रचार करने के संबंध में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को समन किया है।



वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री तमन्ना को 29 अप्रैल को साइबर प्रकोष्ठ के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। फेयरप्ले सट्टेबाजी एप पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच को देखने के लिए किए गए प्रचार के संबंध में तमन्ना को तलब किया गया है। अधिकारियों ने इस संबंध में दर्ज कराई गई शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि 2023 में फेयरप्ले सट्टेबाजी एप पर कुछ आईपीएल मैचों का अवैध रूप से प्रसारण किया गया था।

## बिहार : पटना में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या

**पटना।** जिले के पुनपुन इलाके में बाइक सवार हमलावरों ने जनता दल(यू) के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। मसौढ़ी अनुमंडल के पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) कन्हैया सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान सौरव कुमार के रूप में की गई है। उनके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति मुनमुन कुमार घायल हो गए हैं। यह घटना गुरुवार की रात 12 बज कर 15 मिनट पर हुई जब सौरव, मुनमुन के साथ पुनपुन क्षेत्र के परसा बाजार में शादी समारोह से लौट रहे थे। तभी हमलावर आये और उनपर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी।

## आज का मुकाबला

कोलकाता नाइटराइडर्स
बनाम
पंजाब किंग्स

समय : शाम 7 : 30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 09 | 430 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके) | 08 | 349 |
| ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल) | 09 | 342 |

### पर्पल कैप


| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

# केकेआर के गेंदबाजों पर रहेंगी नजरें

कोलकाता, एजेंसी

खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा। केकेआर दस अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। केकेआर को अब तक सफलता उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के दम पर मिली है।

पंजाब किंग्स के रूप में उसके सामने अब कमजोर प्रतिद्वंद्वी है जो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद अच्छा नहीं खेल सकी है। प्लेआफ की दौड़ से पंजाब लगभग बाहर ही है। केकेआर के लिए शीर्षक्रम पर सुनील नारायण (176.54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन) और फिल साल्ट (169.38 की औसत से 249 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया है। आंद्रे रसेल (184.52 की स्ट्राइक रेट से 155 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (126 की स्ट्राइक रेट से 190 रन) ने भी रन बनाए हैं। रिंकू सिंह ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 67 गेंदें ही खेली है और 160 के करीब रन बना लिए हैं।





● खराब फॉर्म से जूझ रही है पंजाब किंग्स, अब तक बल्लेबाजी के दम पर जीत रही है केकेआर की टीम

वहीं, दूसरी ओर स्टार्क 11.48 की इकॉनॉमी रेट से रन लुटा रहे हैं और उन्हें छह ही विकेट मिल सके हैं। उन्हें 24 करोड़ 75 लाख रूपये में खरीदा गया था और अब उन पर इस रकम के साथ न्याय करने का दबाव होगा। स्टार्क का भरोसा अपनी रफ्तार पर रहा है और वह धीमी गेंद डालने को तैयार नहीं है जिससे बल्लेबाज डैथ ओवरों में उन्हें आसानी से खेल पा रहे हैं।


अगर, पंजाब को जीत की राह पर लौटना है तो केकेआर की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाना होगा। पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, रिली रोसोयू और बेयरस्टो फॉर्म में नहीं हैं। आशुतोष और शशांक के बल्ले से ही रन निकल रहे हैं। पंजाब खेमा उम्मीद कर रहा होगा कि शिखर धवन कंधे की चोट से उबरकर जल्दी वापसी करें।

# विशी सर नहीं होते तो आज यहां नहीं होता : गुकेश

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने उनके कैरियर को निखारने में अहम भूमिका निभाने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को धन्यवाद देते हुए गुरुवार को कहा कि अगर आनंद नहीं होते तो वह आज जिस मुकाम पर हैं, उसके करीब भी नहीं होते।

17 बरस के गुकेश ने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। आनंद के बाद कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले गुकेश ने स्वदेश लौटने के बाद कहा कि बहुत



स्वदेश लौटने पर परिवार से मिलते डी गुकेश। ● एजेंसी

- टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर रचा था इतिहास
- साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को देंगे चुनौती

अच्छा लग रहा है। विश्वनाथन आनंद मेरे प्रेरणास्रोत हैं और उनकी अकादमी से काफी फायदा मिला। उन्होंने मेरे कैरियर में अहम भूमिका निभाई और आज मैं जिस मुकाम पर हूं उसके करीब भी नहीं होता अगर वह नहीं होते। गुकेश ने 2020 में स्थापित वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में अभ्यास किया है। लिरेन के खिलाफ मुकाबले के बारे में उन्होंने कहा सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि मैं तैयारी कैसे करता हूं। मुझे सही मानसिक तैयारी के साथ उतरना होगा क्योंकि यह बड़ा मैच है। काफी अपेक्षाएं हैं और बहुत कुछ दाव पर है। मुझे खुद पर पूरा भरोसा है और मैं इसी रणनीति के साथ खेलूंगा। उम्मीद है कि यह कारगर साबित होगी।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.148 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.386 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.721 |

## इंपैक्ट खिलाड़ी नियम से हरफनमौला की भूमिका खतरे में : अक्षर



**नई दिल्ली।** बायें हाथ के बेहतरीन स्पिनर होने के साथ सक्षम बल्लेबाज अक्षर पटेल का मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ अक्षर ने 43 गेंद में 66 रन बनाए और कप्तान ऋषभ पंत के साथ दिल्ली कैपिटल्स को संकट से निकालकर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली ने यह मैच चार रन से जीता। अक्षर ने कहा एक हरफनमौला होने के नाते मेरा मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। हर टीम इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर विशुद्ध बल्लेबाज या गेंदबाज चाहती है। हरफनमौलाओं का इस्तेमाल नहीं हो रहा है।

# हैदराबाद के घर में जीती आरसीबी

## 35 रनों से मैच जीतकर बेंगलुरू ने बरकरार रखी प्लेऑफ की उम्मीद, शाहबाज ने बनाए 40 रन

हैदराबाद, एजेंसी

विराट (51), रजत पाटीदार (50) और कैमरन ग्रीन (37) की आतिशी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 41वें मैंच में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रनों हरा दिया है। इस जीत के साथ ही आरसीबी ने शीर्ष चार में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है।

207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा 13 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 31 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। एडन मारक्रम (7), नितीश कुमार रेड्डी (13), हाइनरिक क्लासन (7), अब्दुल समद (10), भुवनेश्वर कुमार (13) रन बनाकर आउट हुए। हैदराबाद के बल्लेबाजों विकेट गिरने के बावजूद 10 रनों की औसत को बनाये रखा। लेकिन लगातार गिरते विकेटों के कारण वे आखिरी ओवरों में 10 रनों की औसत काम कामय नहीं रख सके। कप्तान पैट कमिंस ने 15 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुये 31 रन बनाए। शाहबाज अहमद 37 गेंदों में 40 रन और जयदेव उनादकट आठ रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी और मुकाबला 35 रनों से हार गई। बेंगलुरु की ओर से कैमरन ग्रीन, स्वप्निल सिंह और कर्ण शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। यश दयाल और विल जैक्स ने एक-एक बल्लेबाज को किया आउट।

इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य दिया था। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। थंगारसु नटराजन ने डुप्लेसी को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। डुप्लेसी ने 12 गेंदों में 25 रनों की पारी खेली। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विल जैक्स (6) पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। 13वें ओवर में उनादकट ने रजत पाटीदार को आउट कर दिया। रजत ने 20 गेंदों में 50 रन बनाए। महिपाल लोमरोर (7), दिनेश कार्तिक (11) बनाकर आउट हुए। स्वप्निल सिंह नाबाद 12 रन और कैमरन ग्रीन ने 20 गेंदों में पांच चौकों की मदद से नाबाद 37 रन बनाए।



लीग मैचों में अब तक मिली दूसरी जीत का जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**51** रनों की शानदार पारी विराट कोहली ने खेली, रजत पाटीदार ने 20 गेंदों लगाया अर्धशतक

**बेंगलुरु 206/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कैच समद बोल्ड उनादकट | 51 | 43 | 4/1 |
| डुप्लेसी कैच मारक्रम बोल्ड नटराजन | 25 | 12 | 3/1 |
| विल जैक्स बोल्ड मार्कंडेय | 6 | 9 | 0/0 |
| पाटीदार कैच समद बोल्ड उनादकट | 50 | 20 | 2/5 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 37 | 20 | 5/0 |
| लोमरोर कैच कमिंस बोल्ड उनादकट | 7 | 4 | 1/0 |
| दिनेश कार्तिक कैच समद बोल्ड कमिंस | 11 | 6 | 2/0 |
| स्वप्निल कैच अभिषेक बोल्ड नटराजन | 12 | 6 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** अभिषेक 1-0-10-0, भुवनेश्वर 1-0-14-0, कमिंस 4-0-55-1, नटराजन 4-0-39-2, शाहबाज 3-0-14-0, मयंक 3-0-42-1, उनादकट 4-0-30-3

**हैदराबाद 171/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक कैच कार्तिक बोल्ड दयाल | 31 | 13 | 3/2 |
| ट्रैविस हेड कैच कर्ण बोल्ड जैक्स | 1 | 3 | 0/0 |
| एडन मारक्रम पगबाधा स्वप्निल | 7 | 8 | 1/0 |
| नितीश कुमार रेड्डी बोल्ड कर्ण | 13 | 13 | 0/1 |
| क्लासन कैच ग्रीन बोल्ड स्वप्निल | 7 | 3 | 0/1 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 40 | 37 | 1/1 |
| अब्दुल समद कैच आउट कर्ण | 10 | 6 | 0/1 |
| कमिंस कैच सिराज बोल्ड ग्रीन | 31 | 15 | 1/3 |
| भुवनेश्वर कैच सिराज बोल्ड ग्रीन | 13 | 13 | 3/0 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 8 | 10 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** सिराज 4-0-20-0, यश दयाल 3-0-18-1, स्वप्निल सिंह 3-0-40-2, कर्ण 4-0-29-2 फर्ग्युसन 2-0-28-0, कैमरन ग्रीन 2-0-12-2

## खेल डायरी

### एवर्टन से 2-0 से हार के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग खिताब जीतने की उम्मीद को लगा झटका

**लिवरपूल।** एवर्टन से 2-0 से हारने के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब जीतकर जर्गेन क्लोप को शानदार विदाई देने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। एवर्टन के लिए जाराड ब्रांथवेट और डोमिनिक कालवर्ट लिविन ने गोल दागे। हार के बाद क्लोप ने कहा मैं इस हार के लिए माफी ही मांग सकता हूं। हम बेहतर खेल सकते थे लेकिन नहीं खेले और यही वजह है कि हार गए। इस हार से लिवरपूल अब शीर्ष पर काबिज आर्सनल से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। मौजूदा चैंपियन मैनचेस्टर सिटी उससे एक ही अंक पीछे है। वहीं एक अन्य मैच में मैनचेस्टर युनाइटेड ने शेफील्ड युनाइटेड को 4-2 से हराया। युनाइटेड अब तालिका में छठे स्थान पर है। बोर्नमाउथ ने वोल्व्स को 1-0 से मात दी।

### दिल्ली के गेंदबाज रसिख सलाम को फटकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में एक विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाने के लिए फटकार लगाई गई है। बुधवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर खेला गया मैच दिल्ली ने चार रन से जीता। इस दौरान रसिख को आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.5 के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया गया जो ऐसी भाषा के इस्तेमाल या हरकत या भाव भंगिमा से संबंधित है जिससे दूसरे खिलाड़ी को उकसाया जा सकता है।

### ओसाका मटुआ मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

**मैड्रिड।** जापान की स्टार टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने विजयी वापसी करते हुए बेल्जियम के टेनिस खिलाड़ी ग्रीट मिन्नेन को हराकर मटुआ मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में दूसरे दौर में पहुंच गई है। अरांटेक्सा सांचेज स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मैच में पूर्व विश्व नंबर वन खिलाड़ी ओसाका ने 79 मिनट तक चले मुकाबले में बेल्जियम की ग्रीट को 6-4, 6-1 से हराया। उल्लेखनीय है कि ओसाका बेटी शाई को जन्म देने के कारण पिछले सत्र में नहीं खेल पायी थी।

### बिस्माह मारूफ ने क्रिकेट से लिया संन्यास



**कराची।** पाकिस्तान महिला टीम की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। मारूफ ने कहा मैंने उस खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है जो मुझे सबसे अधिक पसंद है। यह चुनौतियों, जीत और अविस्मरणीय यादों से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं अपने परिवार के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जिन्होंने शुरू से लेकर अब तक मेरी क्रिकेट यात्रा में मेरा समर्थन किया है। उन्होंने कहा मैं मुझ पर विश्वास करने और मेरी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद देना चाहती हूं।

### रिजवान और नियाजी टी-20 श्रृंखला से बाहर

**कराची।** चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और इरफान खान नियाजी न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टी-20 शृंखला के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। पीसीबी ने कहा है कि उन्हें दोनों की रेडियोलॉजी रिपोर्ट्स मिली हैं और दोनों को टी-20 शृंखला से बाहर करने का फैसला किया है। नियाजी को उस मैच में किसी तरह की तकलीफ में नहीं देखा गया था, लेकिन पता चला है कि उनकी भी मांसपेशियों में खिंचाव है।

### विवाद सुलझाएं या फिर निलंबन झेले पाकिस्तान

**कराची।** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पाकिस्तान सरकार और खेल की कमान के लिए लड़ रहे दो महासंघों से गुरुवार तक विवाद सुलझाने या निलंबन का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। पीएचएफ अधिकारी ने बताया कि एफआईएच ने साफ तौर पर कहा है विवाद सरकार की मदद से खत्म हो जाना चाहिए वरना पाकिस्तान को निलंबन का सामना करना पड़ सकता है।

## महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के पंजीकरण में बढ़ोतरी : एआईएफएफ

नई दिल्ली, एजेंसी



पिछले दो वर्षों में भारतीय फुटबॉल में महिला खिलाड़ियों के पंजीकरण में 138 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है जो इस खेल की लोकप्रियता में वृद्धि का संकेत है, साथ ही इससे पता चलता है कि फुटबॉल को पेशेवर रूप से चुनने वाली युवा महिला खिलाड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की केंद्रीय पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 तक भारत में पंजीकृत महिला फुटबॉलरों की संख्या 27,936 हो चुकी है। वहीं जून 2022 में पंजीकृत महिला फुटबॉलरों की संख्या 11,724 थी। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि भारत में यह एक बहुत ही सकारात्मक चीज हुई है। हमारे फुटबॉल तंत्र में 16,212 महिला खिलाड़ियों का बढ़ना बहुत ही उत्साहजनक संकेत है।

# तीरंदाजी विश्व कप : रिकर्व पुरूष टीम फाइनल में

शंघाई, एजेंसी

भारत के तरूणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव ने तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में पुरूषों के रिकर्व फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। फाइनल में उनका सामना ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया से होगा। भारत ने महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का कर लिया। भारतीय पुरूष रिकर्व टीम ने इटली को 5.1 से हराया। अब उसका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से होगा।

कोरियाई टीम में तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन, ली वू सियोक और किम जि डियोक हैं। कोरिया ने चीनी ताइपै के तान चिह चुन, लिन जिह सियांग और ताइ यू सुआन को 6.0 से हराया। कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन प्रियांश और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए। भारतीय पुरूष रिकर्व टीम को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उसने 15वीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया को 5.3 से मात दी। अगले मैच में स्पेन को 5.1 से हराया।



● महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का, ज्योति और प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचीं

पहले दौर में बाय मिलने के बाद अगले मैच में भारतीयों ने दूसरे सेट में 3.1 की बढत बनाने के बाद मुकाबला गंवा दिया। बाद में विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता ज्योति ने हमवतन अवनीत कौर को 143-142 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना एस्तोनिया की मीरी मार्शिया पास से होगा। भारत की मौजूदा विश्व चैंपियन अदिति स्वामी को मैक्सिको की शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रिया बेसेरा ने 144-142 से हराया। 14वीं वरीयता प्राप्त प्रियांश ने तुर्की के बी अकाओग्लू को शूटआफ में मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के निक कैपर्स से होगा।

# राहुल बनाम संजू, हार्दिक का फॉर्म चिंता का सबब

नई दिल्ली, एजेंसी

**टी20 विश्व कप**



जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिये संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को। समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं। आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरूआत में टीम का ऐलान कर सकता है।

केटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिए केएल राहुल और संजू सैमसन के बीच मुकाबला है। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर बिश्नोई के बीच मुकाबला है।

## युगांडा के खिलाड़ी सबसे बड़े मौके के लिए तैयार : रमजानी

**मुंबई।** बल्लेबाजी आल राउंडर अल्पेश रमजानी का मानना है कि युगांडा के आत्मविश्वास से भरे क्रिकेटर आगामी टी20 विश्व कप के दौरान जिंदगी के सबसे बड़े मौके का फायदा उठाने के लिये तैयार हैं। पिछले साल नवंबर में युगांडा ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका क्षेत्र के क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करके नामीबिया के बाद दूसरे स्थान पर रहकर पहली दफा इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। इस दौरान युगांडा ने मजबूत क्षेत्रीय टीम जिम्बाब्वे को भी पराजित किया।

रमजानी ने गुरुवार को वानखेडे स्टेडियम में मीडिया से कहा यह बहुत ही बड़ा अनुभव होने वाला है। लेकिन साथ ही यह जिंदगी का सबसे बड़ा मौका भी होगा जब आप ऐसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेलोगे जिनकी तरह आप बनने की ख्वाहिश रखते हो। हमारे लिए यह बहुत ही बड़ा मौका है क्योंकि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीग में खेलने की तमन्ना रखते हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली और रेलवे के पूर्व क्रिकेटर अभय शर्मा को राष्ट्रीय टीम का कोच नियुक्त करने से युगांडा के खिलाड़ियों काफी फायदा मिलेगा। टीम के लिए एक एशियाई कोच लाना शानदार होगा। उनका अनुभव हमारे लिए फायदेमंद होगा।

## बॉलीवुड हलचल



# पुष्पा द रूल का प्रोमो गाना रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'पुष्पा द रूल' का प्रोमो गाना रिलीज हो गया है। फिल्म 'पुष्पा : द राइज' ने बॉक्स-ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। अब इस फिल्म का सीक्वल पुष्पा : द रूल बनाया जा रहा है। पुष्पा : द रूल का प्रोमो गाना रिलीज कर दिया गया है। यह गाना देवी श्री प्रसाद उर्फ रॉकस्टार डीएसपी द्वारा कंपोज किया गया है। सोशल मीडिया पर निर्माताओं ने कैप्शन दिया, # पुष्पा 2 फर्स्टसिंगल पुष्पा पुष्पा 1 मई को 11:07 बजे रिलीज होगा।



### मैं कौन हूं में नजर आएंगी काजल

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री काजल राघवानी फिल्म मैं कौन हूं में काम करती नजर आएंगी। मृत्युंजय श्रीवास्तव निर्देशित फिल्म मैं कौन हूं की शूटिंग उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, विंध्याचल और बस्ती में पूरी हो चुकी है। मैं कौन हूं में काजल राघवानी और संजय पांडेय अहम किरदार में हैं। फिल्म निर्माता हैं देवांश इंटरप्राइज और सिनेमेटोग्राफर नित्यानंद त्रिपाठी (नीरज), वहीं नृत्य निर्देशन संजय कोर्बे और उधारी यादव ने किया है। मारधाड़ आरके श्री का है, वहीं संगीत एस कुमार ने दिया है। मैं कौन हूं में काजल राघवानी, आनंद चतुर्वेदी, संजय पाण्डेय आदि होंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# भारत से व्यापार शुरू करे पाकिस्तान उद्यमियों की शहबाज सरकार से मांग


## आर्थिक संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश के कारोबारियों ने कहा- अर्थव्यवस्था उभरेगी

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ बैठक के दौरान पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन उन्हें अर्थव्यवस्था का कायापलट करने के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी।

बता दें, प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था में सुधार के तरीके खोजने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक कर रहे थे। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ हाथ मिलाए हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने हैं। आइएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। मेरा सुझाव है कि आप कुछ और हाथ मिलाएं। बैठक समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री ने आर्थिक पुनरुद्धार के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण का संकेत देते हुए, देश भर के हितधारकों के साथ जुड़ने का अपना संकल्प दोहराया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने वादा किया कि वो जल्द ही देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करेंगे और उनके साथ तब तक बैठेंगे जब तक कि सभी मुद्दे हल नहीं हो जाते। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि, मेरा सुझाव है कि आप कुछ और समझौते करें। उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में रह रहे (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ के नेता इमरान खान) के साथ भी (हाथ मिलाना ) करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें और मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं। भारत के पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध टूट गए। भारत के फैसले पर पाकिस्तान की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया दी गई जिसने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया और भारतीय दूत को निष्कासित कर दिया। पाकिस्तान ने भारत के साथ सीधे व्यापार संबंध भी खत्म कर दिए। भारत ने पाकिस्तान को बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर देश का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा।

### अर्थव्यवस्था को फायदा देने के लिए भारत से मिलाओ हाथ



पाकिस्तान के व्यापारियों ने एक बार फिर भारत के साथ व्यापार को लेकर मांग की है, उन्होंने कहा है कि इससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में बंद पीटीआई नेता इमरान खान के साथ भी संबंध सुधारने का प्रयास करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें। मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं। पूंजी बाजार की दिग्गज कंपनी आरिफ हबीब समूह के प्रमुख आरिफ हबीब ने कहा, कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ समझौते किए हैं, जिनके अच्छे परिणाम आए हैं और आईएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। खबर में कहा गया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने के लिए भी कहा।



## प्रशिक्षण के दौरान वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त

जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर में बड़ा हादसा हुआ है। भारतीय वायुसेना का एक टोही विमान पिथला गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय वायुसेना ने कहा कि किसी भी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। आईएएफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय वायु सेना का एक रिमोट संचालित विमान आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना ने आगे कहा कि किसी भी कर्मी या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का निर्देश दिया गया है।

## यमन की जेल में 11 साल से हत्या के मामले में मौत की सजा काट रही बेटी से मिलने पहुंची भारतीय मां

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** यमन जेल में 11 सालों से बंद अपनी बेटी से मिलने भारत से उनकी मां मिलने पहुंची। दोनों बहुत देर तक एक दूसरे को गले से लगाकर रोते रहे। जेल में उपस्थित अन्य लोग भी उनको देख भावुक हो उठे, अपनी बेटी से मिलने के बाद मां ने एक वीडियो जारी कर बताया कि उन्हें नहीं लगा था कि वह कभी उसे देख पाएंगी। बेटी हत्या के आरोप में यमन जेल में मौत की सजा काट रही है। बुधवार का दिन यमन जेल में 11 साल बाद एक मां-बेटी के मिलन का गवाह बना। यमन जेल में पिछले 11 साल से निमिषा प्रिया एक यमन नागरिक की हत्या के आरोप में सजा काट रही हैं। उनकी मां जो कि भारत में रहती हैं, वे कई सालों उससे मिलने के लिए प्रयास कर रहीं थी। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर यमन जाने की अनुमति मांगी थी, ताकि वे अपनी बेटी की मौत की सजा माफ करवा सकें। अनुमति मिलने के बाद वह भारत से यमन गईं। उन्होंने अपनी बेटी से मिलने की अनुमित मांगी थी। अपनी बेटी से मिलकर जेल से लौटीं निमिषा प्रिया की मां प्रेमा कुमारी ने एक वीडियो के जरिए अपनी भावना बयां करते हुए भारत और यमन सरकार को शुक्रिया भी कहा है। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी सरकार की दयालुता के कारण ठीक है। उन्होंने बताया कि जब वह जेल में गईं, तो उनकी बेटी उन्हें दूर से देखते ही दौड़ लगाकर आई, और गले लगा लिया। वह रोते-रोते मुझे मम्मी कहकर पुकार रही थी।

# मानवाधिकार उल्लंघन का अमेरिकी आरोप भारत ने किया खारिज

- **विदेश मंत्रालय ने खंडन कर कहा- वास्तविकता से कोसों दूर है अमेरिकी रिपोर्ट**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में मानवाधिकार उल्लंघन के कथित मामलों को लेकर अमेरिकी रिपोर्ट पूर्वाग्रह से ग्रसित है। विदेश मंत्रालय ने रिपोर्ट को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट भारत की सही तस्वीर पेश नहीं करती और वास्तविकता से कोसों दूर है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि भारत ऐसी रिपोर्ट को महत्व नहीं देता, जिसमें भारत की सटीक तस्वीर पेश नहीं की गई हो।

उन्होंने कहा कि सरकार की नजर में इसका कोई महत्व नहीं है। उन्होंने मीडिया से भी इस रिपोर्ट को महत्व न देने का आग्रह किया। बता दें कि अमेरिकी रिपोर्ट में मणिपुर में मई, 2023 में हुए जातीय संघर्ष के बाद मणिपुर में कथित मानवाधिकारों के हनन की घटनाओं का जिक्र किया गया है। इससे जुड़े एक सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने कहा, यह रिपोर्ट बेहद पक्षपातपूर्ण है और भारत के बारे में खराब समझ को दिखाती है। गौरतलब है कि भारतीय समयानुसार सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात जारी एक रिपोर्ट में भारत के प्रति अपने पूर्वाग्रह वाले रवैये को जारी रखते हुए अमेरिकी विदेश विभाग ने अपनी सालाना मानवाधिकार रिपोर्ट जारी की।

इसमें मणिपुर में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाया गया। विदेश विभाग ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मणिपुर की घटनाओं को शर्मनाक बताया है और मामले में कदम उठाने की बात कही है।

## एक नजर

### दिल्ली: पैसे के विवाद में युवक को आठवीं मंजिल से फेंका, मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में पैसों के विवाद को लेकर एक व्यक्ति का अपहरण कर उसे इमारत की आठवीं मंजिल से फेंककर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी अहमद सलमान और धर्मेश मलिक को गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय भाटिया ने कहा, हमें पता चला कि पीड़ित चंदन ने मलिक से उच्च ब्याज पर 9 लाख रु. लिए थे, लेकिन वह वापस नहीं कर सका, जिसके कारण मलिक और उसके सहयोगी उस पर दबाव डाल रहे थे। नाराज आरोपियों ने मृतक चंदन को 20 अप्रैल को अगवा कर गुरुवार को बहुमंजिला इमारत से फेंक दिया, जिससे उसकी हत्या हो गई, पुलिस ने मामले दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### नाइजीरिया की एक जेल से 100 से अधिक कैदी फरार, 10 को पकड़ा

**अबुजा।** नाइजीरिया की राजधानी अबुजा में रात भर हुई भारी बारिश के बाद एक जेल का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें जगह बनाकर 100 से अधिक कैदी फरार हो गए। जेल अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां फरार कैदियों की तलाश में जुटी हुई हैं। जेल के प्रवक्ता एडमू दुजा के अनुसार, बुधवार रात कई घंटों तक हुई भारी बारिश जेल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया जिसके परिणामस्वरूप कुल 118 कैदी फरार हो गए। दुजा ने कहा कि 10 कैदियों को फिर पकड़ लिया गया है और शेष कैदियों की तलाश जारी है।

### लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। एजेंसी ने पिछले साल मार्च में लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले से संबंधित एक मामले में गुरुवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। जारी बयान में कहा गया कि ब्रिटेन के हाउंस्लो निवासी इंद्रपाल सिंह गाबा को गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दरअसल, पिछले साल 22 मार्च लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन हुए थे। मामले में एनआईए की अब तक की जांच से पता चला है कि पिछले साल 19 और 22 मार्च को लंदन में हुईं घटनाएं भारतीय मिशनों और उसके अधिकारियों पर हमला करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं। इसमें कहा गया कि मार्च 2023 में लंदन में हुए हमले खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस की गई कार्रवाई का बदला थे।

## हेल्थ सर्जरी के दौरान युवक की मौत, जांच का आदेश

**चेन्नई।** हेल्थ सर्जरी के दौरान पैदा हुईं कथित जटिलताओं के कारण पुडुचेरी के एक युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई, जिसके बाद तमिलनाडु के स्वास्थ्य विभाग ने जांच का आदेश दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को कहा है कि, मुथियालपेट निवासी 26 वर्षीय युवक का वजन 150 किलो था और उसे 21 अप्रैल को पम्माल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। युवक के पिता सेल्वानाथन ने बताया कि बेटे को मेटाबोलिक और बैरियेट्रिक सर्जरी के लिए ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया। उन्होंने शिकायत में कहा कि सर्जरी शुरू होने के कुछ मिनट बाद शरीर में जटिलताएं पैदा होने के बाद दूसरे निजी अस्पताल भर्ती किया गया। जहां उकी मृत्यु हो गई। मामले की गंभीरता को देखकर स्वास्थ्य विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं।

# अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती के खिलाफ प्रस्ताव पर रूस का वीटो

- **रूस के रवैय से बौखलाया अमेरिका, कहा सैटेलाइट ले जाने वाले हथियार विकसित कर रहा है रूस**

**वाशिंगटन, एजेंसी**

रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में बाहरी अंतरिक्ष संधि के प्रस्ताव को वीटो लगाकर रोक दिया। इससे अमेरिका नाराज हो गया है। अमेरिका ने रूस पर आरोप लगाया है कि रूस सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियार को विकसित कर रहा है और इसी वजह से उन्होंने इस प्रस्ताव को वीटो किया।

बाहरी अंतरिक्ष संधि के तहत अंतरिक्ष में खतरनाक हथियारों जिनमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं, उनकी तैनाती पर रोक लगाने की तैयारी थी। हालांकि रूस के वीटो के कारण अमेरिका की यह मंशा पूरी नहीं हो सकी। बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने एक बयान में कहा कि 'जैसा कि हमने पहले भी नोटिस किया है, रूस, सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियारों को विकसित कर रहा है। हमने सुना है कि राष्ट्रपति पुतिन ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि रूस के अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को तैनात करने की कोई योजना नहीं है। अगर ऐसा है तो रूस ने इस



प्रस्ताव के खिलाफ वीटो क्यों किया।' सुलिवन ने कहा कि 'अमेरिका और जापान द्वारा संयुक्त रूप से लाए गए प्रस्ताव से यह तय हो जाता कि अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती मौलिक दायित्वों के खिलाफ है। प्रस्ताव में सदस्य देशों से पृथ्वी की कक्षा में तैनात किए जा सकने वाले परमाणु हथियार न बनाने की भी मांग की गई थी। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि 'पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियारों की तैनाती से संचार, वैज्ञानिक, मौसमी, कृषि, व्यवसायिक और राष्ट्रीय सुरक्षा सेवाओं के बाधित होने का खतरा है।

## सलमान के आवास के बाहर गोलीबारी मामले में 2 और आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हाल ही में हुई गोलीबारी के मामले में मुंबई पुलिस ने गुरुवार को पंजाब से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी सुभाष चंद्र और अनुज थापन ने हमलावरों को हथियार मुहैया कराए थे। उन्होंने कहा कि, दोनों को अपराध शाखा की एक टीम पंजाब से मुंबई ला रही है। शुक्रवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पुलिस ने कहा- चंद्र और थापन 15 मार्च को दो देशी पिस्तौल और 38 कारतूस सौंपने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, दो अन्य गिरफ्तार आरोपियों की मुंबई की एक अदालत पुलिस हिरासत 29 अप्रैल तक बढ़ा दी है। दोनों आरोपियों को 16 अप्रैल को गुजरात के कच्छ जिले के माता नो मध गांव से हिरासत में लिया था।

# इनहेरिटेंस टैक्स... आइए जानें क्या है विरासत कर

*इनहेरिटेंस टैक्स पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान के बाद भाजपा हमलावर है, तो कांग्रेस बैकफुट पर है। आइए जानते हैं कि इनहेरिटेंस टैक्स या विरासत कर क्या है? क्या भारत में इसे लेकर कोई प्रावधान है, दुनिया में इसे लेकर क्या नियम हैं...*




### किन-किन देशों में कानून निरस्त हुआ

भारत के अलावा, मैक्सिको ने 1961, कनाडा ने 1972, ऑस्ट्रेलिया ने 1979, इजराइल ने 1980, न्यूजीलैंड ने 1992, स्लोवाक रिपब्लिक व स्वीडन ने 2004, ऑस्ट्रिया ने 2008 और चेक गणराज्य और नॉर्वे ने 2014 में इस कानून को खत्म किया।

### क्या है इनहेरिटेंस टैक्स

यह विरासत में मिलने वाली संपत्ति पर लगने वाला कर है। यह टैक्स किसी व्यक्ति के निधन के बाद उसकी संपत्ति के बंटवारे पर लगता है। दुनियाभर के देशों में इसको लेकर अलग-अलग कानून और अलग-अलग टैक्स स्लैब हैं।

### भारत में क्या है इसका प्रावधान

करीब चार दशक पहले भारत में भी इनहेरिटेंस टैक्स था। इसे संपत्ति शुल्क या 'डेथ टैक्स' के रूप में जाना जाता था।



यह कानून 1953 में राजस्व बढ़ाने और आर्थिक असमानता कम करने के लिए लाया गया था। हालांकि इसके लागू होने के बाद इसकी तीखी आलोचना हुई। परिवार के मुखिया की मौत होने पर कानूनी उत्तराधिकारी को संपत्ति हस्तांतरित होने पर यह टैक्स लगता था। चाहे वे बेटे-बेटियां हों या पोते-पोतियां। संपत्ति शुल्क अधिनियम 1953 के अनुसार विरासत में मिली संपत्ति अगर 20 लाख से ज्यादा होती थी, तब 85% कर देना पड़ता था। इसके तहत 1984 में 20 करोड़ का टैक्स कलेक्ट हुआ था। 1985 में राजीव गांधी ने इस कानून को खत्म कर दिया था।

### अमेरिका में क्या है प्रावधान

अमेरिका के 6 राज्यों न्यू जर्सी, पेन्सिल्वेनिया, आयोवा, केंटकी, मैरीलैंड और नेब्रास्का में इनहेरिटेंस टैक्स लगता है। हर राज्य में टैक्स की दरें और कानून अलग हैं। न्यूजर्सी में 11% से 16% तक टैक्स है। बाकी 5 राज्यों में 1% से 16% तक टैक्स है। हालांकि लगभग सभी जगह पति-पत्नी, बच्चों, माता-पिता, दादा-दादी, पोते-पोतियों को विरासत में मिलने वाली संपत्ति पर टैक्स में छूट है।

### किन देशों में है यह टैक्स

फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगरी, आइसलैंड, आयरलैंड, इटली, जापान, बेल्जियम (ब्रुसेल्स-राजधानी क्षेत्र), चिली, लिथुआनिया, लक्जम्बर्ग, नीदरलैंड्स, पोलैंड, पुर्तगाल, स्लोवेनिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड और तुर्की में भी इस तरह के टैक्स का प्रावधान है। इन देशों में विरासत के अलावा गिफ्ट में मिलने वाली संपत्ति पर भी टैक्स लगता है।

### देश की सियासी पार्टियों की इस पर क्या है राय

टैक्स वापस लागू करने का विचार दो दशक में कई बार चर्चा में आया। पहली बार 2011 में तत्कालीन गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने इस पर सुझाव दिया था। वर्ष 2014 में भाजपा सरकार में वित्त राज्य मंत्री जयंत सिन्हा ने इसे लागू करने की वकालत की। तब उन्होंने कहा था कि यह कर लगने से वंशवादी व्यवसायियों को मिलने वाले फायदे खत्म हो जाएंगे।

## 5 माह बाद खुला रास्ता




**लेह:** भारी बर्फबारी के बाद 21 नवंबर 2023 को बंद हुआ 428 किमी लंबा लेह-मनाली नेशनल हाईवे खुल गया है। इससे सड़क मार्ग से मनाली होकर लद्दाख जा सकेंगे। बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) ने रास्ता खोल दिया है। हाईवे पर 15 हजार से 17 हजार फीट ऊंचाई वाले बारालाचा, नाकी, लाचुंग, टेंगलेंग जैसे पास आते हैं, जहां बर्फ हटाना बेहद मुश्किल होता है। यहां 40 से 50 फीट तक बर्फ रहती है। अभी इसे सेना के लिए खोला गया है। पूरे मार्ग का निरीक्षण होने के बाद इसे पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। ● एजेंसी

# 19 हजार शिक्षक पात्र, 5 हजार नियुक्तियां संदिग्ध : आयोग

- **प. बंगाल स्कूल शिक्षा आयोग ने भर्ती रद होने के बाद कलकत्ता हाईकोर्ट में दी सफाई**

**कोलकाता, एजेंसी।**

पश्चिम बंगाल के हजारों स्कूल शिक्षकों के भविष्य पर तलवार लटक रही है। कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के बाद 25,700 से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति रद कर दीं हैं। हालांकि, पश्चिम बंगाल स्कूल शिक्षा आयोग ने हाईकोर्ट में कहा है कि केवल 5300 शिक्षकों की नियुक्तियां संदिग्ध हैं। आयोग ने कहा है कि 19,000 शिक्षकों की नियुक्तियां वैध होने की संभावना है। आयोग ने हाईकोर्ट को बताया कि 22 अप्रैल को पारित आदेश के बाद लगभग 19,000 शिक्षकों की भर्ती रद हो सकती है, लेकिन आयोग की तरफ से तय किए गए नियम और शर्तों के मुताबिक इन शिक्षकों की नियुक्तियां वैध हो सकती हैं।

बता दें कि कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक 2016 में हुई शिक्षकों की भर्तियों को रद्द किया जाना है। अदालत का आदेश बरकरार रहने की सूरत में 25,753 शिक्षकों को नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। हाईकोर्ट ने अपने सख्त आदेश में कहा है कि अवैध नियुक्ति से लाभ पाने वाले शिक्षकों को अपने वेतन भी लौटाने होंगे। फिलहाल, पश्चिम बंगाल सरकार ने इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

**विज्ञान** स्विट्जरलैंड-बेल्जियम के वैज्ञानिकों ने किया खुलासा, अंटार्कटिक में तीन चौथाई नुकसान की जताई संभावना

# कुछ सालों में सागर में समा जाएंगे लाखों उल्कापिंड


**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** अंटार्कटिक की तेजी से पिघलती बर्फ वैज्ञानिकों समेत दुनिया को दोहरा झटका दे रही है। यह जानकारी आ रही है कि बर्फ में जमा उल्कापिंड पिघलती बर्फ में डूब रहे हैं। अगले कुछ वर्षों में लाखों उल्कापिंड बर्फ के साथ सागर में समा जाएंगे।

यह उल्कापिंड खगोलीय अध्ययन में बड़ी भूमिका निभाते आ रहे हैं। पृथ्वी पर लगभग 60 प्रतिशत उल्कापिंड अंटार्कटिका में पाए जाते हैं। ये उल्कापिंड पृथ्वी पर जीवन कैसे उत्पन्न हुआ और अन्य मूलभूत प्रश्नों के बारे में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। मगर अब अंटार्कटिका गर्म हो रहा है और इसकी बर्फ पिघल रही है।

बड़ी चिंता की बात है कि लगभग 5 हजार उल्कापिंड अब सालाना दर से नष्ट हो रहे हैं। इस सदी के अंत तक अंटार्कटिक उल्कापिंडों के तीन चौथाई संभावित नुकसान की संभावना वैज्ञानिक जता रहे हैं। अंटार्कटिक उल्कापिंडों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिक बर्फ के नीचे गायब होने से पहले अधिक से अधिक उल्कापिंडों को एकत्र करने की योजना बना रहे हैं। इस योजना में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की जरूरत होगी। वैज्ञानिकों के अनुसार सफेद बर्फ की चादर के ऊपर गहरे रंग के उल्काओं को ढूंढना आसान होता है।

स्विट्जरलैंड और बेल्जियम के वैज्ञानिकों के शोध से यह जानकारी सामने आई है। शोध में कहा गया है कि 2050 तक अंटार्कटिका में अनुमानित 300,000 से 800,000 उल्कापिंड नष्ट हो जायेंगे। पृथ्वी पर जीवन कैसे उत्पन्न हुआ और हमारे चंद्रमा का निर्माण कैसे हुआ। इस खोज में अंटार्कटिक के उल्कापिंडों की बड़ी भूमिका रही है।



अंटार्कटिका।

### अध्ययन में अंटार्कटिक की सबसे बड़ी भूमिका

अंटार्कटिक पृथ्वी का एकमात्र स्थान है, जो विभिन्न अध्ययनों में सहयोग करता है। पृथ्वी की प्रदूषण व शुद्धता का मापन अंटार्कटिक से होता हैं। समुद्र के तापमान व जलस्तर का अध्ययन में भी सहायक है। इनके अलावा बर्फ के ऊपर जमा उल्काओं की मदद से ग्रहों की उत्पत्ति का अध्ययन किया जाता है। यदि इस ध्रुव की बर्फ पिघल गई तो कई बड़े नुकसान हमे भुगतने होंगे।

## नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों को अप्रैल का वेतन देंगी ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों के 25 हजार शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को अप्रैल के वेतन का भुगतान करेगी, जिनकी नियुक्तियों को कलकत्ता हाईकोर्ट के एक आदेश में रद कर दिया है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है और फैसला आने तक शिक्षकों वेतन देने का निर्णय लिया गया है। बता दें, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में, राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के जरिए 25,753 शिक्षकों की नियुक्तियों को रद करने का आदेश दिया था।

# हजारों भारतीयों को रवांडा भेजने का फरमान

- **अवैध तरीके से ब्रिटेन पहुंचे थे 5 हजार भारतीय**

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन की संसद में रवांडा विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद शरणार्थियों की मुश्किलें बढ़ना शुरू हो गई है। पीएम ऋषि सुनक ने शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए कतार में लगे लगभग 5 हजार अवैध भारतीयों को अफ्रीका भेजने का फरमान जारी किया है।

इन्हें जून से अफ्रीकी देश रवांडा भेजा जाएगा। 5 हजार भारतीयों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जो वैध रूप से ब्रिटेन आए थे और फिर शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए आवेदन किया था। इनमें ऐसे भारतीय भी हैं जो 1 जनवरी, 2022 के बाद इंग्लिश चैनल पार कर अवैध रूप ब्रिटेन घुसे थे। फिलहाल, यूके के डिटेंशन सेंटरों में रह रहे इन भारतीयों पर अनिश्चित भविष्य का खतरा मंडरा रहा है। सुनक ने इन 5 हजार भारतीयों की शरणार्थी के दर्जे की अर्जी खारिज कर दी है। गौरतलब है कि, ब्रिटेन में शरणार्थी का दर्जा मांगने वाले 5 हजार भारतीयों में से 60 फीसदी की उम्र 18 से 29 साल है।

इनमें से 1200 ने ब्रिटेन में आने के लिए 2023 में जोखिम भरे इंग्लिश चैनल को नावों से पार किया था। इंग्लिश चैनल के मार्ग से अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले भारतीयों की संख्या साल दर साल बढ़ रही है। इस मार्ग से 2022 में 849 भारतीय अवैध रूप से ब्रिटेन में पहुंचे थे। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय के अनुसार 2024 में लगभग 2 हजार भारतीयों के इंग्लिश चैनल रूट से ब्रिटेन आने की आशंका है। बता दें, रवांडा में कभी भी ब्रिटेन का राज नहीं रहा, लेकिन 2009 में ये राष्ट्रमंडल में शामिल हुआ। रवांडा ब्रिटेन से सालाना 5 हजार करोड़ रुपये का ग्रांट लेता है

### शरणार्थी कभी भी नहीं लौट पाएंगे ब्रिटेन



रवांडा में पांच साल का एग्रीमेंट होगा। किसी आवेदक को शरणार्थी का दर्जा मिलने पर दो विकल्प होंगे। पहला आगे की जिंदगी रवांडा में ही गुजराना, दूसरा- किसी भी दूसरे देश में शरण मांगनी पड़ेगी। सुनक ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सूरत में कोई भी शरणार्थी ब्रिटेन लौट नहीं पाएगा। बता दें, हर शरणार्थी के लिए रवांडा को 63 लाख रुपये मिलेंगे। सभी देशों के शरणार्थियों के लिए 18,900 करोड़ मिलेंगे।